दिसम्बर 2024 मूल्य : ₹ 20.00

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सम-सामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

## CURRENT GK

G20
BRASIL 2024






G20 RIO SUMMIT







### विशेष आकर्षण

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नाइजीरिया, गुयाना, डोमिनका और बारबाडोस में सम्मानित
- जी 20 शिखर सम्मेलन 2024 रियो डी जेनेरियो में सम्पन्न
- 29वाँ संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 'कॉप 29'
- जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025
- भारत का 55वाँ फिल्म महोत्सव गोवा में सम्पन्न
- महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव सम्पन्न
- गुरु घासीदास-तमोर पिंगला देश का 56वाँ टाइगर रिजर्व अधिसूचित
- इसरो के उपग्रह जीसैट-20 का सफल प्रक्षेपण
- बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2024
- डेनमार्क की विक्टोरिया कजेर थीलविग को मिस यूनिवर्स (2024) का खिताब
- शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार-2023
- सामंथा हार्वे को वर्ष 2024 का बुकर पुरस्कार
- डेविस कप और बिली जीन किंग कप 2024
- भारत ने जीती महिला हॉकी की एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी
- पुरुषों का एटीपी टूर्स फाइनल्स एवं महिलाओं का डब्ल्यूटीए फाइनल्स 2024

Email ID : pmcpd2020@gmail.com, pmcpd2003@gmail.com

सफलतम 293वाँ अंक

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

वर्ष : 25 अंक : 05 दिसम्बर 2024

**भारतीय रासायनिक परिषद को 2024 ओपीसीडब्ल्यू-द हेग पुरस्कार** : भारतीय रासायनिक परिषद (आईसीसी) को रासायनिक हथियार निषेध संगठन (OPCW) के राज्यों के सम्मेलन (CSP) के 29वें सत्र के दौरान आयोजित समारोह में '2024 OPCW द हेग पुरस्कार' प्रदान किया गया। यह पहली बार है कि इस पुरस्कार द्वारा किसी रासायनिक उद्योग निकाय के प्रयासों को मान्यता दी गई है।



OPCW के महानिदेशक, राजदूत फर्नांडो एरियस और द हेग नगरपालिका के मेयर जान वैन ज़ेनन ने यह पुरस्कार आईसीसी के महानिदेशक डी. सोथी सेल्वम को प्रदान किया।

रासायनिक हथियार सम्मेलन (CWC) एक बहुपक्षीय संधि है, जो 29 अप्रैल, 1997 को लागू हुआ। वर्तमान में इसमें 193 देश सदस्य हैं। हेग में अपने सचिवालय के साथ OPCW रासायनिक हथियार सम्मेलन के लिए कार्यान्वयन निकाय है, जिसका उद्देश्य दुनिया को रासायनिक हथियारों से मुक्त करना है। भारत इस सम्मेलन का मूल हस्ताक्षरकर्ता है। NACWC (National Authority Chemical Weapons Convention) भारत का राष्ट्रीय प्राधिकरण है, जिस पर सम्मेलन को लागू करने की जिम्मेदारी है।

## आपके इस अंक में



| | |
|---|---|
| मासिक घटनाओं का सार संग्रह : स्मरणीय तथ्य | 5 |
| अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 6 |
| राष्ट्रीय परिदृश्य | 12 |
| अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 18 |
| आर्थिक परिदृश्य | 20 |
| प्रादेशिक परिदृश्य | 23 |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 30 |
| खेल परिदृश्य | 34 |
| अद्यतन सामान्य ज्ञान | 40 |
| नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 50 |



नवीनतम कौन, क्या है ? के लिए Scan करें

डेली करेंट अफेयर्स अपडेट्स के लिए हमारे Telegram चैनल chronology current gk

Link – https://t.me/chronologycurrentgk

को Join करें



| सम्पादक | सम्पादकीय कार्यालय | इस अंक का मूल्य : 20/- | स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक एल.सी. गुप्ता के लिए विकास ऑफ़सेट, एफ-74, हीरावाला इण्डस्ट्रीज एरिया, कानोता, जयपुर से मुद्रित तथा पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर से प्रकाशित। |
|---|---|---|---|
| एल.सी. गुप्ता | पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स<br>गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.)<br>Mob. 8104919720 | वार्षिक सदस्यता शुल्क : 240/- | सम्पादक : एल.सी. गुप्ता |



अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

## स्व चिंतन

**A dream doesn't become reality through magic; it takes sweat, determination and hard work.**

**Colin Powell**

ये पंक्तियाँ उन लोगों के लिए सटीक उत्तर है जो हमेशा यह शिकायत करते हैं कि हमारी किस्मत अच्छी नहीं थी, इसलिए अपनी मंजिल को हासिल नहीं कर सके या अपने करियर में और लोगों से पिछड़ गए। कुछ ऐसे लोग भी होते हैं जो अपनी नाकामियों के लिए अपनी परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराने लगते हैं।

क्या आप जानते हैं कि एप्पल कम्पनी के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स को परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण अपना कॉलेज ड्रॉप-आउट करना पड़ा था। उन्हें उन्हीं की कम्पनी से निकाल दिया गया था, वह दुर्लभ पेंक्रियाटिक कैंसर से ग्रस्त थे। इस सबके बावजूद उन्होंने सफलता की ऊँचाइयों को छूआ, क्योंकि उनकी सफलताओं का मूलमंत्र है- 'stay hungry, stay foolish'

मोटर न्यूरॉन जैसी बीमारी से ग्रस्त होने के बावजूद, महानतम वैज्ञानिकों में से एक स्टीफन हॉकिंग ने, 'ब्रहांड' के रहस्यों का पता लगाया, ब्लैक होल के रहस्यों को सुलझाया। इसके अलावा उन्होंने 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम' और 'द यूनिवर्स इन अ नटशेल' जैसी बेस्ट सेलर पुस्तकें भी लिखी।

इन महान् व्यक्तित्वों की जीवनिओं से इतना तो स्पष्ट हो जाता है कि विकट से विकट परिस्थिति भी इंसान के बुलंद हौसलों के सामने नतमस्तक हो जाती है। हॉकिंग ने एक बार कहा था, 'जिंदगी कितनी भी कठिन क्यों न लगे, आप हमेशा कुछ न कुछ कर सकते हैं और उसमें सफल हो सकते हैं। यह मायने रखता है कि आप हार न मानें।' दृढ़-संकल्प शक्ति के सामने न तो आपके संसाधनों का अभाव अवरोध बन पाता है और न ही आपकी क्षमताएँ। इस संदर्भ में 'The Monk Who Sold His Ferrari' के लेखक रोबिन शर्मा ने कहा है कि "I CAN is more important than your IQ"।

आशय यह है कि अपनी असफलताओं के लिए अपने भाग्य को दोषी ठहराने से बेहतर है कि हम अपने प्रयासों में हुई त्रुटियों का पता लगाएँ, अपनी कमियों को दूर करें व अपनी शक्तियों को और सुदृढ़ करें। किसी ने सही ही कहा है 'People who study others are wise but those who study themselves are enlightened'। कई बार ऐसा भी देखने को मिलता है कि कुछ लोग अपनी असफलताओं को अपने से चिपकाकर जीने लगते हैं, वे असफलता से उत्पन्न अवसाद से स्वयं को मुक्त ही नहीं कर पाते। ऐसे लोगों को यह समझना चाहिए कि भूतकाल में मिली असफलताओं में गोते लगाने से वे क्या हासिल कर सकते हैं? असफलताओं को गले लगाने से बेहतर यह होगा कि हम उनसे सबक लें और जीवन में आगे बढ़ जाएँ। पूर्व राष्ट्रपति मिसाइलमैन ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने अपनी पुस्तक 'My Journey: Transforming Dreams into Actions' में जिक्र किया है कि वह पायलट बनना चाहते थे, किन्तु वह अपने सपने के एकदम करीब पहुँच कर चूक गए थे। इंडियन एयरफोर्स में उस समय 8 सीटें खाली थी और इंटरव्यू में कलाम का नम्बर 9वाँ आया था। इस असफलता के बावजूद कलाम ने अपने करियर का इतिश्री नहीं मान लिया था। वह यहीं नहीं रुके, बल्कि भिन्न परिदृश्य में अनेक मुकाम हासिल कर भारत रत्न बन गए। यहाँ रोबिन शर्मा का निम्न कथन विचारणीय है-

'We are all here for some special reason. Stop being a prisoner of your past. Become the architect of your future.'

### आगामी प्रतियोगी परीक्षाएँ (सम्भावित तिथियाँ)

- **2, 3, 9, 12, 13 दिसम्बर, 2024 :** RRB आरपीएफ एसआई भर्ती
- **28-31 दिसम्बर, 2024 :** RPSC वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा, 2024 (संस्कृत शिक्षा विभाग)
- **21-24 जनवरी, 2025 :** RSSB लिपिक ग्रेड-II/कनिष्ठ सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 (टंकण परीक्षा)
- **2 फरवरी, 2025 :** RPSC राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएँ संयुक्त प्रतियोगी प्रारम्भिक परीक्षा-2024
- **19-20 मार्च, 2025 :** RSSB शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड-II संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2024 (टंकण परीक्षा)
- **23 मार्च, 2025 :** राजस्व अधिकारी ग्रेड-II एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग-IV परीक्षा-2022 (स्वायत्त शासन विभाग)
- **17 मई, 2025 :** जनसम्पर्क अधिकारी परीक्षा, 2024 (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग)

One Liner

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू

- 'एयरो इंडिया 2025' (15वां संस्करण) का आयोजन 10-14 फरवरी, 2025 को कहाँ किया जाएगा? **वायु सेना स्टेशन, येलहांका, बेंगलुरु (कर्नाटक)**
- 13वें राष्ट्रीय बीज सम्मेलन (एनएससी) 2024 का आयोजन 28-30 नवम्बर, 2024 को कहाँ किया गया? **वाराणसी**
- 55वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मराठी फिल्म 'घराट गणपति' के लिए भारतीय फीचर फिल्म के सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का पुरस्कार किसे मिला है? **नवज्योत बांदीवाडेकर**
- भारत को किस सत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है? **वर्ष 2025-2026**
- डोनाल्ड ट्रम्प को अमेरिका का कौनसे क्रम का राष्ट्रपति चुना गया है? **47वाँ**
- 'एक न्यायपूर्ण विश्व और एक टिकाऊ ग्रह का निर्माण' किस सम्मेलन का विषय था? **जी-20 शिखर सम्मेलन**
- 'भारत-कैरीकॉम समिट' (जॉर्जटाउन, 20 नवम्बर, 2024) में किन देशों ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रदान किया? **गुयाना, डोमिनिका व बारबाडोस**
- 'विश्व विरासत सप्ताह 2024' किस थीम के साथ 19-25 नवम्बर, 2024 को मनाया गया? **विविधता की खोज और अनुभव**
- पद्म विभूषण स्व. रतन टाटा के जीवन पर लिखी गई पुस्तक 'रतन टाटा : ए लाइफ' के लेखक कौन हैं? **थॉमस मैथ्यू**
- देश में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कौनसा अभियान 27 नवम्बर, 2024 को शुरू किया गया है? **बाल विवाह मुक्त भारत**
- (73वीं) मिस यूनिवर्स 2024 बनी विक्टोरिया कजेर थीलविग किस देश से हैं? **डेनमार्क**
- हाल ही में किसे भारत का नया नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) बनाया गया है? **के. संजय मूर्ति**
- 'डेविस कप 2024' के विजेता इटली ने पुरुषों के टीम टेनिस का यह खिताब लगातार कौनसी बार जीता है? **दूसरी बार**
- 'अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (ICA) के वैश्विक सहकारी सम्मेलन-2024' का आयोजन 25-30 नवम्बर, 2024 को कहाँ किया गया? **नई दिल्ली**
- बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2024 के अनुसार शीर्ष दूध उत्पादक देश भारत के किस राज्य में वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक दूध उत्पादन हुआ? **उत्तर प्रदेश**
- 'कॉप-29' (COP 29) का आयोजन 11-24 नवम्बर, 2024 को कहाँ किया गया? **बाकू (अजरबैजान)**
- भारतीय लेखक अमिताव घोष को उनके जलवायु परिवर्तन पर लेखन के लिए किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? **इरास्मस प्राइज 2024**
- नवम्बर 2024 में इटली ने किस देश को पराजित कर 'बिली जीन किंग कप' 5वीं बार जीता है? **स्लोवाकिया**
- वर्ष 2023 का 'शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार' डैनियल बारेनबोइम के अलावा किस फिलिस्तीनी शांति कार्यकर्ता को प्रदान किया गया? **अली अबू अव्वाद**
- रेजोनेंस कंसल्टेंसी द्वारा नवम्बर 2024 में जारी 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची' में किस शहर को सर्वोच्च स्थान मिला है? **लंदन**
- जापान द्वारा निर्मित विश्व के किस पहले लकड़ी के उपग्रह को स्पेसएक्स रॉकेट द्वारा 5 नवम्बर, 2024 को फ्लोरिडा (अमेरिका) से लॉन्च किया गया? **लिग्नोसैट**
- 14 नवम्बर, 2024 को मनाए गए 'विश्व मधुमेह दिवस' की थीम क्या है? **Breaking Barriers, Bridging Gaps**
- किस स्पेनिश फुटबॉल खिलाड़ी को वर्ष 2024 के 'बेलोन डि'ओर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? **रोड्रिगो हर्नांडेज (रोड्री)**
- 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025' में शीर्षस्थ देश डेनमार्क की सूचकांक में कौनसी रैंक है? **चतुर्थ**
- महिलाओं के (8वें) एशियाई चैम्पियनशिप कप हॉकी में किसे टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है? **दीपिका सहरावत**
- खेलों में डोपिंग के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कौनसा एप लॉन्च किया गया है? **Know Your Medicine (KYM)**
- भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद' का कौनसा संस्करण 8-21 नवम्बर, 2024 को पुणे में आयोजित किया गया? **तीसरा**
- मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने किस योजना को 6 नवम्बर, 2024 को मंजूरी प्रदान की है? **प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना**
- भाजपा के पूर्व सांसद और मेवाड़ राज परिवार के किस सदस्य का 10 नवम्बर, 2024 को निधन हो गया? **महेन्द्र सिंह मेवाड़**
- सामंथा हार्वे (ब्रिटेन) को उनके किस उपन्यास के लिए वर्ष 2024 के बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? **ऑर्बिटल**
- वर्ष 2024 के नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स (NRI 2024) में भारत को कौनसी रैंक प्रदान की गई है ? **49वीं**
- भारत व अमेरिका का कौनसा संयुक्त विशेष सशस्त्र बल अभ्यास इडाहो (अमेरिका) में 2-22 नवम्बर, 2024 को आयोजित किया गया? **वज्र प्रहार-2024**
- 'प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन' 5-6 नवम्बर, 2024 को कहाँ आयोजित किया गया? **नई दिल्ली**
- 'अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ' का वर्ष 2024 का 'प्लेयर ऑफ द ईयर'(पुरुष वर्ग) पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है? **हरमनप्रीत सिंह**



# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

- जी-20 शिखर सम्मेलन 2024
- भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन
- डोनाल्ड ट्रंप चुने गए अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना यात्रा
- स्पेन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा
- 29वाँ संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 'कॉप 29'
- जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025
- विश्व के सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची 2025 जारी
- आईएसए द्वारा विश्व सौर रिपोर्ट शृंखला जारी
- नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2024

## जी-20 शिखर सम्मेलन 2024

- **शीर्षक :** जी-20 शिखर सम्मेलन (2024 G20 Summit)
- **संस्करण :** 19वाँ
- **आयोजन स्थल :** रियो डी जेनेरियो (Rio de Janeiro)
- **आयोजन तिथि :** 18-19 नवम्बर, 2024
- **विषय :** एक न्यायपूर्ण विश्व और एक टिकाऊ ग्रह का निर्माण (Building a Just World and a Sustainable Planet)

- ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (G20) का 19वाँ शिखर सम्मेलन ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आधुनिक कला संग्रहालय (Museum of Modern Art) में आयोजित किया गया।
- यह ब्राजील में आयोजित होने वाला पहला 'जी-20 शिखर सम्मेलन' था।
- यह 'अफ्रीकी संघ' (African Union) के सदस्य के रूप में पहला पूर्ण जी-20 शिखर सम्मेलन भी था।
  - ✓ *'अफ्रीकी संघ' नई दिल्ली (भारत) में 9-10 सितम्बर, 2023 को आयोजित जी-20 के 18वें शिखर सम्मेलन के दौरान 'जी-20' में शामिल हुआ था।*
- शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा (Luiz Inácio Lula da Silva) ने की।
  - ✓ *ब्राजील की अध्यक्षता आधिकारिक तौर पर 1 दिसम्बर, 2023 को शुरू हुई, जो 30 नवम्बर, 2024 तक रही।*
- **सम्मेलन में सम्मिलित राष्ट्र (19) :** अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन, अमेरिका।
- **सम्मेलन में सम्मिलित संघ (2) :** यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ।
- **सम्मेलन का प्राथमिक एजेंडा :** 'जी-20 रियो शिखर सम्मेलन' में चर्चा का प्राथमिक एजेंडा भूख के खिलाफ लड़ाई, ऊर्जा संक्रमण, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहलुओं में सतत विकास और वैश्विक शासन संस्थाओं में सुधार रहा।

### जी 20 सम्मेलन के परिणाम

**मुख्य पहल**

- **भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन** (Global Alliance Against Hunger and Poverty) की शुरुआत की गई।
  - ✓ *इसका लक्ष्य सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों एवं नकद हस्तांतरण के माध्यम से वर्ष 2030 तक 500 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।*
  - ✓ *82 देश, अफ्रीकी संघ, यूरोपीय संघ, 24 अन्तर्राष्ट्रीय संगठन, 9 अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और 31 परोपकारी और गैर-सरकारी संगठन पहले ही इसमें शामिल हो चुके हैं।*
- ब्राजील, संयुक्त राष्ट्र और यूनेस्को द्वारा **'जलवायु परिवर्तन पर सूचना अखंडता के लिए वैश्विक पहल'** (Global Initiative for Information Integrity on Climate Change) शुरू की गई।
  - ✓ *इस पहल में शामिल देश यूनेस्को द्वारा प्रबंधित एक कोष में योगदान देंगे, जिसका प्रारंभिक लक्ष्य अगले 36 महीनों में 10 से 15 मिलियन डॉलर जुटाना है।*
  - ✓ *यह धनराशि जलवायु सूचना अखंडता पर शोध करने वाले, संचार रणनीति विकसित करने वाले और जन जागरूकता अभियान चलाने वाले गैर-सरकारी संगठनों को अनुदान के रूप में वितरित की जाएगी।*
- ब्राजील की अध्यक्षता में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में पहली बार **'जी-20 सोशल'** (G20 Social) लॉन्च किया गया।
  - ✓ *इस पहल के माध्यम से समाज के नागरिक शिखर सम्मेलन के सम्बन्ध में चर्चा और नीति निर्माण में योगदान दे सकेंगे।*

### घोषणा-पत्र

- शिखर सम्मेलन में सर्वसम्मति से घोषणा-पत्र जारी किया गया, जिसमें सामाजिक समावेश, भूख और गरीबी के खिलाफ लड़ाई, अरबपतियों पर कर, ऊर्जा परिवर्तन के उपाय, वैश्विक

शासन सुधार और जलवायु कार्रवाई में तेजी लाने के साथ-साथ COP30 (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा सम्मेलन) का समर्थन करने की बात कही गई है।

✓ *कॉप 30 (COP30) वर्ष 2025 में ब्राजील के बेलेम में आयोजित किया जाएगा।*

- **आगामी शिखर सम्मेलन :** जी-20 का आगामी शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया जाएगा,. इस क्रम में सम्मेलन के दौरान ब्राजील ने जी-20 की अध्यक्षता दक्षिण अफ्रीका को सौंपी।

### भारत का प्रतिनिधित्व

- 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रोइका सदस्य (Troika member) के रूप में भाग लिया।

✓ *ट्राइको में जी-20 का पूर्व अध्यक्ष, वर्तमान अध्यक्ष और आगामी अध्यक्ष सम्मिलित होते हैं।*

- इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सामाजिक समावेशन और भूख तथा गरीबी के खिलाफ लड़ाई' (Social Inclusion and the Fight Against Hunger and Poverty) विषय पर जी-20 सत्र को सम्बोधित किया।

✓ *उन्होंने सतत विकास और ऊर्जा परिवर्तन पर जी-20 शिखर सम्मेलन के सत्र को भी सम्बोधित किया।*

## भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन

- 'भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन' का आयोजन रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 19 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- इस वार्षिक शिखर बैठक में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भाग लिया।

✓ *पहली वार्षिक शिखर बैठक प्रधानमंत्री अल्बानीज की भारत की यात्रा के दौरान नई दिल्ली में 10 मार्च, 2023 को आयोजित की गई थी।*

- उक्त वार्ता के दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों ने अन्य विषयों पर चर्चा के अलावा वर्ष 2025 में रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा को नवीनीकृत और मजबूत करने की इच्छा भी व्यक्त की।

### अक्षय ऊर्जा साझेदारी

- इस बैठक के दौरान दोनों पक्षों द्वारा अक्षय ऊर्जा साझेदारी (India-Australia Renewable Energy Partnership-REP) का शुभारम्भ भी किया गया।
- यह नई भागीदारी सौर, हरित हाइड्रोजन और अक्षय ऊर्जा कार्यबल जैसे क्षेत्रों में दो-तरफा निवेश को बढ़ावा देगी।
- ये प्रयास दोनों देशों की शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने की आकांक्षाओं के अनुरूप हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप चुने गए अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति

- अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए सम्पन्न चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प को एक बार फिर देश का 47वाँ राष्ट्रपति चुना गया है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव हेतु मतदान 5 नवम्बर, 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें प्रत्येक राज्य और कोलंबिया जिले के मतदाताओं ने इलेक्टोरल कॉलेज के लिए निर्वाचकों को चुना।

✓ *अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में 538 का इलेक्टोरल कॉलेज है, अतः चुनाव जीतने के लिए 270 इलेक्टोरल वोट की आवश्यकता होती है।*

- इस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने डेमोक्रेटिक प्रत्याशी और पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया।
- डोनाल्ड ट्रंप ने इस चुनाव में 312 इलेक्टोरल वोट प्राप्त किए हैं वही उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस 226 इलेक्टोरल वोट ही प्राप्त कर सकीं।

❖ ग्रोवर क्लीवलैंड के बाद डोनाल्ड ट्रम्प पहले ऐसे अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं, जिन्हें चुनाव हारने के बाद फिर से राष्ट्रपति पद पर चुना गया है।

✓ *क्लीवलैंड ने 22वें और 24वें राष्ट्रपति के रूप में पद सँभाला था।*

✓ *ट्रम्प ने इससे पहले वर्ष 2017-2021 की अवधि में देश के 45वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था।*

❖ 78 वर्षीय ट्रम्प अमेरिका के सबसे उम्रदराज निर्वाचित राष्ट्रपतियों में से एक हैं। इससे पहले, जो बाइडन भी वर्ष 2020 में 78 की उम्र में राष्ट्रपति चुने गए थे।

❖ ट्रम्प ऐसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे जो व्यावसायिक दस्तावेजों में हेराफेरी के मामले में कानूनी अभियोग का सामना करते हुए राष्ट्रपति बनेंगे।

- **उपराष्ट्रपति :** ओहियो के सीनेटर जेडी वेंस (JD Vance) अमेरिका के अगले उपराष्ट्रपति होंगे। उन्होंने इस पद के लिए मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज (Tim Walz) को पराजित किया है।

✓ *उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी भारतीय मूल की उषा चिलुकुरी वेंस हैं, जिनका पैतृक गाँव आन्ध्र प्रदेश के वडलुरु में है।*

- **शपथ ग्रहण :** डोनाल्ड जे. ट्रम्प और जेडी वेंस देश के क्रमशः 47वें राष्ट्रपति और 50वें उपराष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी, 2025 को शपथ ग्रहण करेंगे।

### प्रतिनिधि सभा में जीते भारतीय मूल के प्रत्याशी

- राष्ट्रपति पद के साथ ही अमेरिका के 435 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा के लिए सम्पन्न चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने 222 सीटें जीतकर बहुमत प्राप्त कर लिया है।

- प्रतिनिधि सभा के लिए सम्पन्न चुनाव में 6 भारतीय-अमेरिकी नेताओं ने जीत दर्ज की है। इनमें वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया की ईस्ट कोस्ट सीट से डेमोक्रेट पार्टी के कैंडिडेट के तौर पर जीत हासिल कर इतिहास रचा है।
- इनके अलावा, डॉ. अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार अमेरिका चुनाव में मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्य प्रतिनिधि सभा के लिए पुनः चुने गए हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने पाँच दिवसीय विदेश प्रवास में 17-21 नवम्बर, 2024 को तीन देशों- नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की यात्रा पर गए थे।
- इस विदेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 17-18 नवम्बर, 2024 को सर्वप्रथम नाइजीरिया गए, जहाँ उन्होंने नाइजीरिया के राष्ट्रपति **बोला अहमद टीनूबू** से मुलाकात की।
  - ✓ *यह विगत 17 वर्षों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली नाइजीरिया की यात्रा थी। वर्ष 2007 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह नाइजीरिया के दौरे पर गए थे।*
- **समझौता ज्ञापन :** दोनों नेताओं के मध्य नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में सम्पन्न बैठक के बाद दोनों देशों के मध्य तीन समझौता ज्ञापनों- सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, सीमा शुल्क सहयोग और सर्वेक्षण सहयोग पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सम्मान :** भारत-नाइजीरिया सम्बन्धों को बढ़ावा देने में योगदान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नाइजीरिया के राष्ट्रीय पुरस्कार 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ नाइजर' (Grand Commander of the Order of Niger) से सम्मानित किया गया।
  - ✓ *प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान नाइजीरिया स्टेट हाउस में आयोजित एक समारोह में नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू द्वारा प्रदान किया गया।*
  - ✓ *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 1969 के बाद इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले विदेशी नेता हैं। वर्ष 1969 में ब्रिटेन की क्वीन एलिजाबेथ को यह अवॉर्ड मिला था।*
  - ✓ *नाइजीरियाई लोगों के विश्वास और सम्मान के रूप में प्रधानमंत्री को अबूजा शहर की चाबी भी भेंट की गई।*

### ब्राजील प्रवास

- अपनी विदेश यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18-19 नवम्बर, 2024 को ब्राजील में रहे, जहाँ उन्होंने 'जी-20 शिखर सम्मेलन' में भाग लिया (विवरण सम्बन्धित शीर्षक में है)।

### गुयाना प्रवास

- अपने प्रवास के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री मोदी 20-21 नवम्बर, 2024 को गुयाना की यात्रा पर रहे।
  - ✓ *यह विगत 56 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की पहली यात्रा थी।*

### भारत-कैरीकॉम समिट

- दूसरी 'भारत-कैरीकॉम समिट' (India-CARICOM Summit) का आयोजन गुयाना के जॉर्जटाउन में 20 नवम्बर, 2024 को किया गया।
  - ✓ *प्रधानमंत्री मोदी ने गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली और प्रधानमंत्री डिकॉन मिचेल के साथ इस समिट की मेजबानी की।*

> ☆ 'कैरीकॉम' कैरेबियाई समुदाय का एक अंतर सरकारी संगठन है। यह अमेरिका, कैरेबियन और अटलांटिक महासागर में 15 सदस्य देशों और 5 सम्बद्ध सदस्य देशों का राजनीतिक और आर्थिक संघ है।
>
> ☆ 4 जुलाई, 1973 को स्थापित इस संगठन का सचिवालय जॉर्जटाउन (गुयाना) में है।

- शिखर सम्मेलन के दौरान सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद 'चान' संतोखी के साथ-साथ ग्रेनेडा, एंटीगुआ और बारबुडा, त्रिनिदाद और टोबैगो और सेंट लूसिया जैसे कई अन्य देशों के नेताओं से भी मुलाकात की।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कैरीकॉम क्षेत्र के लिए फोरेंसिक सेंटर बनाने और भारत में बनी कैंसर थेरेपी मशीन 'सिद्धार्थ 2' उपलब्ध कराने की घोषणा की।

### समझौते

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली के साथ वार्ता के बाद दोनों देशों के मध्य हाइड्रोकार्बन, डिजिटल भुगतान व्यवस्था, फार्मास्यूटिकल और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मान

- **गुयाना का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार :** गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार '**द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ गुयाना**' (The Order of Excellence of Guyana) से सम्मानित किया।
- **डोमिनिका का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार :** डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सर्वोच्च पुरस्कार '**डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर**' (Dominica Award of Honour) से सम्मानित किया।
  - ✓ *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह सम्मान कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका को दिए गए समर्थन और दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के प्रति उनके समर्पण को मान्यता देते हुए प्रदान किया गया।*

- **बारबाडोस का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार :** उपर्युक्त के अतिरिक्त **बारबाडोस** सरकार द्वारा उन्हें '**ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस**' (Honorary Order of Freedom of Barbados) से सम्मानित किया गया।
- **विशेष :** प्रधानमंत्री मोदी ने गुयाना यात्रा के दौरान वहाँ की संसद को भी सम्बोधित किया।

## स्पेन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

- दक्षिणी यूरोपीय देश स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज 28-29 अक्टूबर, 2024 को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए।
  - ✓ *प्रधानमंत्री सांचेज की यह पहली भारत यात्रा थी और 18 वर्ष बाद स्पेन के किसी प्रधानमंत्री की यह पहली भारत यात्रा थी।*
- दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के मध्य हुई द्विपक्षीय वार्ता में दोनों नेताओं ने **वर्ष 2026 को संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में भारत और स्पेन का वर्ष** बनाने पर सहमति व्यक्त की है।

### स्पेन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के महत्वपूर्ण परिणाम

- दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वडोदरा (गुजरात) में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) परिसर में सी-295 विमान निर्माण के लिए **टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स** का संयुक्त रूप से 28 अक्टूबर, 2024 को उद्घाटन किया।
- वस्तुतः यह कॉम्प्लेक्स एयरबस स्पेन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड द्वारा सह-निर्मित सी-295 विमान के फाइनल असेंबली लाइन प्लांट (FAL) है।
  - ✓ *वडोदरा फाइनल असेंबली लाइन (FAL) की आधारशिला अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री ने रखी थी।*
- इसके साथ ही यह संयन्त्र भारत में सैन्य विमानों के लिए **निजी क्षेत्र की पहली फाइनल असेंबली लाइन (FAL)** बन गया है।
- सी-295 कार्यक्रम के तहत कुल 56 विमान वितरित किए जाने हैं, जिनमें से 16 विमान स्पेन से एयरबस द्वारा 'फ्लाई-अवे' स्थिति में सीधे वितरित किए जा रहे हैं और शेष 40 भारत में '**टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड**' द्वारा बनाए जाने हैं।
- इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य रेल परिवहन के क्षेत्र में सहयोग, सीमा शुल्क मामलों में सहयोग, 2024-2028 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम हेतु कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
- इसके अलावा ऑडियो विजुअल सह-निर्माण समझौते के तहत संयुक्त आयोग का गठन किया जाएगा।

## 29वाँ संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 'कॉप 29'

- ❖ शीर्षक : 2024 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (2024 United Nations Climate Change Conference)
- ❖ संस्करण : 29वाँ
- ❖ आयोजन स्थल : बाकू (अजबैजान)
- ❖ आयोजन तिथि : 11-24 नवम्बर, 2024

- अजरबेजान की मेजबानी में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की **अध्यक्षता अजरबेजान के मुख्तार बाबायेव (Mukhtar Babayev)** ने की।

> ☆ 2024 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन या UNFCCC की पार्टियों का सम्मेलन को सामान्यतः 'कॉप-29' (COP29) के रूप में जाना जाता है।
>
> ☆ जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) पृथ्वी की जलवायु प्रणाली में ग्रीनहाउस गैस सांद्रता को कम करने के लिए एक वैश्विक पर्यावरण संधि है।
>
> ☆ इसका अनुमोदन आधिकारिक तौर पर वर्ष 1992 में किया गया था।

- सम्मेलन की पूर्व निर्धारित तिथि 11-22 नवम्बर, 2024 थी, किन्तु विकसित और विकासशील देशों के जलवायु वित्तपोषण सहायता राशि पर मतभेद के कारण इस सम्मेलन का समापन 24 नवम्बर, 2024 को हुआ।
- सम्मेलन में समृद्ध देशों ने 24 नवम्बर, 2024 को जलवायु वित्त पोषण के रूप में वर्ष 2035 तक प्रति वर्ष 300 बिलियन डॉलर की सहायता देने पर समझौता किया है।
  - ✓ *भारत सहित विकासशील देशों ने 1,300 अरब डॉलर की माँग की थी, अतः भारत ने 300 अरब डॉलर का क्लाइमेट पैकेज खारिज कर दिया।*
- **जलवायु वित्त कार्रवाई निधि :** अजरबैजान ने कॉप 29 के लिए पहलों के पैकेज में 'जलवायु वित्त कार्रवाई निधि' (Climate Finance Action Fund-CFAF) का शुभारम्भ 19 नवम्बर, 2024 को किया।
- 'सीएफएएफ' 'सीओपी29' कार्य एजेंडा के भाग के रूप में अजरबैजान में घोषित 14 पैकेजों में से एक पहल है।
  - ✓ *यह कोष जीवाश्म ईंधन उत्पादक देशों और कम्पनियों से वार्षिक अंशदान प्राप्त करेगा।*
  - ✓ *अजरबैजान इसका संस्थापक योगदानकर्ता होगा।*
  - ✓ *इसके द्वारा प्रारंभिक धन उगाही का लक्ष्य 1 बिलियन डॉलर है।*

## जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025

- ❖ **शीर्षक :** जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025 (Climate Change Performance Index 'CCPI'2025)
- ❖ **जारीकर्ता :** जर्मन वॉच, न्यू क्लाइमेट इंस्टिट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क इंटरनेशनल
- ❖ **जारी करने की तिथि :** 20 नवम्बर, 2024
- ❖ **शीर्षस्थ देश :** डेनमार्क

- उक्त जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) बाकू, अजरबैजान में 11-22 नवम्बर, 2024 को आयोजित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के पक्षों का 29वें सम्मेलन (COP 29) के दौरान जारी किया गया।

- 'सीसीपीआई-2025' में 90% वैश्विक उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार 63 देशों और यूरोपीय संघ की जलवायु प्रगति का मूल्यांकन किया गया है।
- उत्सर्जन, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु नीति के मामले में विश्व के सबसे बड़े उत्सर्जकों पर नजर रखने वाला 'सीसीपीआई' निम्नांकित चार श्रेणियों में देशों के प्रदर्शन का आकलन करता है-
  - ✓ *ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन (कुल स्कोर का 40 प्रतिशत) नवीकरणीय ऊर्जा (20 प्रतिशत) ऊर्जा उपयोग (20 प्रतिशत) जलवायु नीति (20 प्रतिशत)।*
- 'सीसीपीआई 2025' में प्रथम तीन स्थान रिक्त हैं, क्योंकि कोई भी देश खतरनाक जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहा है।
  - ✓ *सूचकांक में चौथा स्थान डेनमार्क को दिया गया है।*
- इस सूचकांक में ग्रीनहाउस गैस के दो सबसे बड़े उत्सर्जक चीन और अमेरिका क्रमशः 55वें और 57वें स्थान पर बने हुए हैं।

**सूचकांक में शीर्षस्थ 10 राष्ट्र**

| रैंक | देश | स्कोर | रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | - | - | 6 | यूके | 69.29 |
| 2 | - | - | 7 | फिलीपीन्स | 68.41 |
| 3 | - | - | 8 | मोरक्को | 68.32 |
| 4 | डेनमार्क | 78.37 | 9 | नॉर्वे | 68.21 |
| 5 | नीदरलैण्ड | 69.60 | 10 | भारत | 67.99 |

**सूचकांक में निम्नस्थ 5 राष्ट्र**

| रैंक | देश | स्कोर | रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 67 | ईरान | 17.47 | 64 | रूस संघ | 23.54 |
| 66 | सऊदी अरब | 18.15 | 63 | कोरिया गणराज्य | 26.42 |
| 65 | यूएई | 19.54 | | | |

### सीसीपीआई 2025 में भारत

- जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI 2025) में भारत विगत वर्ष की तुलना में तीन पायदान फिसलकर 67.99 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर आ गया है।
  - ✓ *'सीसीपीआई 2024' में भारत 70.25 अंकों के साथ 7वें स्थान पर था।*
- भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन 2.9 टन कार्बन डाइ ऑक्साइड समतुल्य (tCO2e) पर बना हुआ है, जो वैश्विक औसत 6.6 tCO2e से काफी कम है।

### सीसीपीआई 2025 में भारत के पड़ोसी देश की स्थिति

- 'सीसीपीआई 2025' में पाकिस्तान 31वें स्थान (स्कोर : 56.85) और चीन 55वें स्थान (स्कोर : 44.15) पर है।

## विश्व के सर्वश्रेष्ठ शहरों की सूची 2025 जारी

- ❖ **शीर्षक** : विश्व के सर्वश्रेष्ठ शहर 2025 (2025 World's Best Cities)
- ❖ **जारीकर्ता** : रेजोनेंस कंसल्टेंसी (इप्सोस के साथ मिलकर)
- ❖ **जारी करने की तिथि** : 20 नवम्बर, 2024
- ❖ **विश्व का सर्वश्रेष्ठ शहर** : लंदन

- इप्सोस के साथ साझेदारी में रेजोनेंस कंसल्टेंसी द्वारा तैयार की गई इस वार्षिक रैंकिंग में विश्वभर के बड़े शहरी क्षेत्रों का विश्लेषण है जो कार्यबल, आगंतुकों और व्यवसायों को आकर्षित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में अग्रणी हैं।
- दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों की रैंकिंग निम्न आधार पर तैयार की जाती है-
  - ✓ ***'रहने की क्षमता'** अर्थात् शहर के प्राकृतिक और निर्मित वातावरण की गुणवत्ता के आधार पर उसकी भौतिक भावना।*
  - ✓ ***'प्यार करने की क्षमता'** अर्थात् संस्कृति, भोजन और नाइटलाइफ के संदर्भ में जीवन की गुणवत्ता।*
  - ✓ ***'समृद्धि'** अर्थात् शहर की मानव पूँजी और उसे पनपने के लिए मिलने वाला समर्थन।*
- विश्व के सर्वश्रेष्ठ शहरों की 2025 की निर्णायक रैंकिंग में लंदन लगातार 10वें वर्ष शीर्ष पर रहा है।
- भारतीय शहर धारणा और प्रदर्शन के मानदंडों के आधार पर इस सूची में जगह बनाने में विफल रहे।

## आईएसए द्वारा विश्व सौर रिपोर्ट शृंखला जारी

- अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance-ISA) की 7वीं असेंबली में 'विश्व सौर रिपोर्ट' (World Solar Report) का **तीसरा संस्करण** जारी किया गया।
  - ✓ *'आईएसए सभा' का 7वाँ सत्र 3-6 नवम्बर, 2024 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया था।*
- इस वर्ष की शृंखला में निम्न चार प्रमुख रिपोर्ट शामिल हैं-
  - ✓ *विश्व सौर बाजार रिपोर्ट, विश्व निवेश रिपोर्ट, विश्व प्रौद्योगिकी रिपोर्ट और अफ्रीकी देशों के लिए ग्रीन हाइड्रोजन तत्परता आकलन।*

**रिपोर्ट्स के महत्वपूर्ण तथ्य**

### विश्व सौर बाजार रिपोर्ट

- वैश्विक सौर क्षमता वर्ष 2000 में 1.22 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2023 में 1,418.97 गीगावाट हो गई है।
  - ✓ *यह 40 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर प्रदर्शित करती है।*
- वैश्विक सौर क्षमता वर्ष 2030 तक 5,457 से लेकर 7,203 गीगावाट तक पहुँचने का अनुमान है।

### विश्व निवेश रिपोर्ट

- वैश्विक ऊर्जा में निवेश वर्ष 2018 के 2.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 तक 3.1 ट्रिलियन डॉलर हो गया है।

- कुल नवीकरणीय ऊर्जा निवेश में सौर ऊर्जा निवेश का हिस्सा 59% रहा है (कम पैनल लागत के कारण)।
- सौर ऊर्जा निवेश में एशिया-प्रशांत (APAC) सबसे आगे है उसके बाद यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका (EMEA) का स्थान है।

### विश्व प्रौद्योगिकी रिपोर्ट

- मोनोक्रिस्टलाइन सौर पीवी मॉड्यूल (सौर पैनल) द्वारा 24.9% दक्षता हासिल की गई।
- सौर विनिर्माण में वर्ष 2004 से सिलिकॉन के उपयोग में 88% की कमी आई है और उपयोगिता-स्तरीय सौर पीवी लागत में 90% की गिरावट आई है।

### ग्रीन हाइड्रोजन अफ्रीकी देशों के लिए तत्परता मूल्यांकन

- ग्रीन हाइड्रोजन कोयला, तेल और गैस का एक व्यवहार्य विकल्प प्रदान करता है, जो अफ्रीका के स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण में सहायक है।

## नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2024

- **शीर्षक** : नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2024 (Network Readiness Index 2024)
- **जारीकर्ता** : पोर्टुलन्स इंस्टीट्यूट (Portulans Institute) और सैद बिजनेस स्कूल (Saïd Business School)
- **जारी करने की तिथि** : 21 नवम्बर, 2024
- **शीर्ष स्थान** : अमेरिका

- वर्ष 2024 के नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स (NRI 2024) में चार अलग-अलग स्तम्भों- प्रौद्योगिकी (Technology), लोग (People), शासन (Governance) और प्रभाव (Impact) में उनके प्रदर्शन के आधार पर 133 अर्थव्यवस्थाओं के नेटवर्क-आधारित तत्परता परिदृश्य को दर्शाया है।
  - ✓ *इसमें कुल 54 मापदंड शामिल हैं।*
- 'एनआरआई 2024' रिपोर्ट में 78.96 स्कोर के साथ अमेरिका शीर्ष स्थान पर है। वहीं इस रिपोर्ट में सिंगापुर और फिनलैण्ड का क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान है। सिंगापुर का स्कोर 76.94 एवं फिनलैण्ड का स्कोर 75.76 है।

### रैंकिंग में भारत की स्थिति

- 'एनआरआई 2024' रिपोर्ट में भारत 53.63 के स्कोर के साथ 49वें स्थान पर है। इस रैंकिंग में भारत ने अपनी स्थिति में 11 पायदान का सुधार किया है।
  - ✓ *'एनआरआई 2023' रिपोर्ट में भारत 60वें स्थान पर था।*
- निम्न-मध्यम आय वाले देशों के समूह में भारत, वियतनाम के बाद दूसरे स्थान पर है।

**विभिन्न स्तम्भों में भारत का स्कोर :**

| प्रौद्योगिकी | लोग | शासन | प्रभाव |
|---|---|---|---|
| 52.56 | 51.62 | 49.79 | 60.56 |

# International News InShort

### आर्मेनिया

- आर्मेनिया आधिकारिक तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance-ISA) का 104वाँ पूर्ण सदस्य बन गया है।
- आर्मेनिया द्वारा 'आईएसए' की सदस्यता के लिए अपना अनुबंधन दस्तावेज (Instrument of Ratification) नई दिल्ली में सौंपे जाने के बाद इस आशय की घोषणा भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा 21 नवम्बर, 2024 को की गई।
- उल्लेखनीय है कि 'आईएसए' की स्थापना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद द्वारा 'कॉप-21' के दौरान 30 नवम्बर, 2015 को की गई थी।

### चानके मेगापोर्ट

- चानके मेगापोर्ट दक्षिण अमेरिकी देश पेरू की राजधानी लीमा से 60 किमी. दूर स्थित बंदरगाह है, जिसका अनावरण चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 14 नवम्बर, 2024 को किया।
- चानके मेगापोर्ट (megaport of Chancay), 1.3 बिलियन डॉलर की परियोजना है, जिसका अधिकांश स्वामित्व चीनी शिपिंग दिग्गज कोस्को के पास है।
- यह बंदरगाह दक्षिण अमेरिका में चीन की उपस्थिति बढ़ा सकता है।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- किस देश की संसद में वहाँ सरकार द्वारा 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध का प्रस्ताव पेश किया गया है? **ऑस्ट्रेलिया**
- यूक्रेन ने किस नार्डिक देश के साथ हथियारों के बाजार, अनुसंधान व सैन्य प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग हेतु नवम्बर 2024 में समझौता किया है? **नॉर्वे**
- किस खाड़ी देश में वर्ष 1987 के बाद पहली बार राष्ट्रव्यापी जनगणना शुरू की गई है? **इराक**
- किस अफ्रीकी महाद्वीपीय देश द्वारा भारत और चीन से पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए एक नई पर्यटन पहल, 'ट्रस्टेड टूर ऑपरेटर स्कीम' (TTOS) शुरू की है? **दक्षिण अफ्रीका**
- किस यूरोपीय राष्ट्र ने देश में 1 जनवरी, 2025 से 'बुर्का प्रतिबंध' लागू करने की घोषणा 6 नवम्बर, 2024 को की है? **स्विटजरलैण्ड**

ooo



# राष्ट्रीय परिदृश्य

- भारत का 55वाँ फिल्म महोत्सव गोवा में सम्पन्न
- छत्तीसगढ़ का धुड़मारास विश्व पर्यटन संगठन के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव में शामिल
- विधानसभा चुनाव : महाराष्ट्र में महायुती और झारखण्ड में इंडिया गठबंधन विजयी
- गुरु घासीदास-तमोर पिंगला देश का 56वाँ टाइगर रिजर्व अधिसूचित
- अमेरिका ने भारत को लौटाईं 1,400 से अधिक लूटी गई कलाकृतियाँ
- विश्व बैंक की 'जॉब्स एट योर डोरस्टेप' रिपोर्ट जारी
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दी वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना को मंजूरी
- सर्वोच्च न्यायालय ने जारी किए बुलडोजर न्याय पर दिशा-निर्देश
- डबल्यूआईपीओ वैश्विक पेटेंट फाइलिंग में भारत विश्व में छठे स्थान पर
- हुरून परोपकारी सूची में शिव नाडर शीर्ष पर
- हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों का क्षेत्रफल 13 वर्ष में 10.81 प्रतिशत बढ़ा : रिपोर्ट
- सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रखा

## भारत का 55वाँ फिल्म महोत्सव गोवा में सम्पन्न

- भारत का 55वाँ अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (International Film Festival of India—IFFI) गोवा के पणजी में 20-28 नवम्बर, 2024 को सम्पन्न हुआ।
- पणजी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में एशिया के सबसे प्राचीन व देश के सबसे बड़े इस फिल्मोत्सव का उद्घाटन गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने किया।
  - ✓ *यह लगातार 21वाँ वर्ष है जब भारत के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन गोवा में हुआ है।*
- गोवा में **'युवा फिल्म निर्माता : भविष्य अभी है'** थीम के साथ आईएफएफआई 2024 की शानदार शुरुआत हुई।

### 55वाँ भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव : एक नजर में

- **55वें आईएफएफआई (2024) की थीम :** 'युवा फिल्म निर्माता : भविष्य अभी है'
- **महोत्सव के उद्घाटन समारोह की फिल्म :** बैटर मैन (Better Man); निर्देशक : माइकल ग्रेसी (Michael Gracey); ऑस्ट्रेलिया।
- **महोत्सव के समापन समारोह की फिल्म :** ड्राई सीजन (Dry Season); निर्देशक : बोहडेन स्लेमा (Bohdan Sláma); चेक गणराज्य।
- **'भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए विशेष मान्यता'** (Special Recognition for Contribution to Bharatiya Cinema) **पुरस्कार** : अल्लू अर्जुन
- **आईसीएफटी-यूनेस्को गांधी मेडल**
  - ✓ ***लेवन एकिन** द्वारा निर्देशित फिल्म **क्रॉसिंग** को।*
- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म का स्वर्ण मयूर (Golden Peacock) :** लिथुआनियाई फिल्म निर्माता और पटकथा लेखक सौले ब्लियुवैटे (Saulė Bliuvaitė's) द्वारा निर्देशित फिल्म 'टॉक्सिक' (Toxic) को।
  - ✓ *स्वर्ण मयूर के साथ ₹40 लाख की राशि उन्हें प्रदान की गई।*
- **रजत मयूर**
  - ✓ **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** : *रोमानियाईलेखक एवं निर्देशक बोगदान मुरेसानु को उनकी फिल्म 'द न्यू ईयर दैट नेवर केम' के लिए।*
  - ✓ **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** : *अभिनेता क्लेमेंट फेवौ को फ्रांसीसी फिल्म 'होली काउ' के लिए।*
  - ✓ **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** : *अभिनेत्री वेस्टा माटुलिते और इवा रुपेइकाइटे को संयुक्त रूप से फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए।*
    - *इन्हें रजत मयूर के साथ क्रमशः ₹10-10 लाख की राशियाँ इन पुरस्कारों के लिए दी गई।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय सिनेमा में उनकी उत्कृष्टता के लिए सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड :** ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्देशक फिलिप नोयस को।
- **ज्यूरी का विशेष पुरस्कार**
  - ✓ *फ्रांसीसी फिल्म निर्माता लुईस कौरवोइसियर को फिल्म 'होली काऊ' के लिए। (रजत मयूर पदक, ₹15 लाख और एक प्रमाण-पत्र)*
- **निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फीचर फिल्म का पुरस्कार**
  - ✓ *अमेरिकी डेब्यू निर्देशक सारा फ्रीडलैंड की ड्रामा फिल्म 'फेमिलियर टच' के लिए।*
- **सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी) पुरस्कार :** निपुण धर्माधिकारी द्वारा निर्देशित सीरीज 'लैम्पेन' को।
- **इंडियन फिल्म पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर :** विक्रांत मैसी।

## छत्तीसगढ़ का धुड़मारास विश्व पर्यटन संगठन के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव में शामिल

- छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के धुड़मारास गाँव को 'संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन' (UNWTO) द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव के उन्नयन कार्यक्रम (BTVUP-Best Tourism Village Upgrade programme) के लिए चुना गया है।
- **महत्व** : संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के लिए 60 देशों से 20 गाँवों का चयन किया गया है, जिसमें भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के धुड़मारास ने भी अपनी जगह बनाई है।
- **अवस्थिति** : 'धुड़मारास' छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में 'कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान' (Kanger Valley National Park) में स्थित है।
  - ✓ *घने जंगलों में बसे इस पार्क से होकर कांगेर नदी बहती है, जो इसे एक आदर्श इको-टूरिज्म गंतव्य बनाती है।*

**न्यूज फैक्ट**

➢ छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले के धुड़मारास तथा चित्रकोट गाँव को इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 27 सितम्बर, 2024 को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव का पुरस्कार प्रदान किया गया था।

## विधानसभा चुनाव : महाराष्ट्र में महायुती और झारखण्ड में इंडिया गठबंधन विजयी

- देश के दो प्रमुख राज्यों- महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभाओं के लिए मतदान नवम्बर 2024 में सम्पन्न हुआ।
- इन विधानसभा चुनावों में महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुती गठबंधन और झारखण्ड में झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने जीत हासिल की।
  - ✓ *इस प्रकार दोनों ही राज्यों में पूर्ववर्ती दलों की सत्ता बरकरार रहेगी।*

❖ झारखण्ड में मतदान दो चरणों (13 और 20 नवम्बर, 2024) और महाराष्ट्र में मतदान एक चरण (20 नवम्बर, 2024) में सम्पन्न हुआ।

❖ दोनों ही राज्यों में मतगणना 23 नवम्बर, 2024 को आयोजित की गई।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

- 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए सम्पन्न चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुती गठबंधन ने 235 सीटों पर जीत हासिल की।
  - ✓ *यहाँ कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी गठबंधन मात्र 50 सीटें ही जीत पाने में सफल रहा।*
- समाचार लिखे जाने तक महाराष्ट्र में नई सरकार का गठन नहीं हुआ है।

**दलवार चुनाव परिणाम (कुल सीटें : 288)**

| दल | विजित सीटें |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | 132 |
| शिवसेना-एसएचएस | 57 |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी | 41 |
| शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) | 20 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 16 |
| एनसीपी शरदचंद्र पवार | 10 |
| समाजवादी पार्टी | 2 |
| जन सुराज्य शक्ति | 2 |
| राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान पार्टी | 1 |
| राष्ट्रीय समाज पक्ष | 1 |
| एआईएमआईएम<br>सीपीआई(एम) | 1<br>1 |
| भारतीय किसान और श्रमिक पार्टी | 1 |
| राजर्षि शाहू विकास अघाड़ी | 1 |
| निर्दलीय | 2 |
| कुल | 288 |

**प्रमुख दलों का वोट प्रतिशत**

- **भाजपा** : 26.77%, **शिवसेना-एसएचएस** : 12.32%, **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस** : 12.42%, एनसीपी शरदचंद्र पवार : 11.28%, एनसीपी : 9.01% और शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) : 9.96%

### झारखण्ड विधानसभा चुनाव

- 81 सदस्यीय झारखण्ड विधानसभा में इंडिया (I.N.D.I.A) गठबंधन कुल 56 सीटें जीतने में सफल रहा।
  - ✓ *झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने 34, कांग्रेस 16, आरजेडी ने 4 और सीपीआईएमएल ने 2 सीटें जीतीं।*
- झारखण्ड में एनडीए गठबंधन में से भाजपा को 21, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), जेडीयू और आजसू ने 1-1 सीट पर जीत हासिल की।
- झामुमो पार्टी के नेता हेमंत सोरेन ने चौथी बार झारखण्ड के मुख्यमंत्री के तौर पर 28 नवम्बर, 2024 को शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल संतोष गंगवार ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

***पहली बार मुख्यमंत्री** : 13 जुलाई, 2013-28 दिसम्बर, 2014*

***दूसरी बार मुख्यमंत्री** : 29 दिसम्बर, 2019-2 फरवरी, 2024*

***तीसरी बार मुख्यमंत्री** : 4 जुलाई, 2024-28 नवम्बर, 2024*

**दलवार चुनाव परिणाम (कुल सीटें : 81)**

| दल | विजित सीटें |
|---|---|
| झारखण्ड मुक्ति मोर्चा- जेएमएम | 34 |
| भारतीय जनता पार्टी | 21 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 16 |
| राष्ट्रीय जनता दल- आरजेडी | 4 |
| सीपीआई (एमएल)(एल) | 2 |
| आजसू पार्टी | 1 |
| लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) | 1 |
| झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा | 1 |
| जनता दल (यूनाइटेड) | 1 |
| कुल | 81 |

**प्रमुख दलों का वोट प्रतिशत :**

- **भाजपा** : 33.18%, **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम)** : 23.44% और **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस** : 15.56%

**लोकसभा एवं विधानसभा उपचुनाव 2024 : परिणाम**

- उपर्युक्त विधानसभा चुनावों के साथ ही भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा दो संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों तथा 14 राज्यों के 48 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव हेतु मतदान करवाए गए थे, जिनके संक्षिप्त परिणाम निम्नानुसार हैं।

### लोकसभा उपचुनाव

- **वायनाड उपचुनाव** : कांग्रेस के राहुल गांधी द्वारा सीट छोड़ने से रिक्त हुई इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस की ही प्रत्याशी प्रियंका गांधी वाड्रा ने जीत हासिल की है।
  - ✓ *उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सीपीआई (Communist Party of India) के सत्यन मोकेरी को 4.10 लाख मतों के अंतर से पराजित किया।*
- **नांदेड उपचुनाव** : महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जीती है।
  - ✓ *यहाँ कांग्रेस के रवीन्द्र वसंत राव चव्हाण ने भाजपा के डॉ. संतुकराव मारोत्राओ हम्बर्डे को 1457 वोट से हराया।*

**विधानसभा उपचुनाव परिणाम**

| राज्य | उपचुनाव की सीटें | दलों द्वारा विजित सीट |
|---|---|---|
| असम | 5 | भाजपा : 3, असम गण परिषद् : 1, युनाईटेड पीपुल्स पार्टी, लिबरल : 1 |
| बिहार | 4 | भाजपा : 2, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) : 1, जनता दल (यू) : 1 |
| छत्तीसगढ़ | 1 | भारतीय जनता पार्टी : 1 |
| गुजरात | 1 | भारतीय जनता पार्टी : 1 |
| कर्नाटक | 3 | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस : 3 |
| केरल | 2 | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस : 1, सीपीआई (एम) : 1 |
| मध्यप्रदेश | 2 | भाजपा : 1, कांग्रेस : 1 |
| मेघालय | 1 | नेशनल पीपुल्स पार्टी : 1 |
| पंजाब | 4 | आम आदमी पार्टी : 3, कांग्रेस : 1 |
| राजस्थान | 7 | भाजपा : 5, कांग्रेस : 1, भारत आदिवासी पार्टी : 1 |
| सिक्किम | 2 | सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा : 2 |
| उत्तर प्रदेश | 9 | भाजपा : 6, समाजवादी पार्टी : 2, राष्ट्रीय लोक दल : 1 |
| उत्तराखण्ड | 1 | भारतीय जनता पार्टी : 1 |
| पश्चिम बंगाल | 6 | ऑल इण्डिया तृणमूल कांग्रेस : 6 |

## गुरु घासीदास-तमोर पिंगला देश का 56वाँ टाइगर रिजर्व अधिसूचित

- छत्तीसगढ़ सरकार ने 'राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' (NTCA— National Tiger Conservation Authority) की सलाह पर 'गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व' को अधिसूचित कर दिया है।
  - ✓ *'एनटीसीए' ने गुरु घासीदास-तमोर पिंगला बाघ अभयारण्य को अधिसूचित करने की अंतिम मंजूरी अक्टूबर 2021 में दी थी।*
- इसके साथ ही 'गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व' देश में अधिसूचित होने वाला 56वाँ टाइगर रिजर्व बन गया है।
  - ✓ *इस अधिसूचना के साथ, छत्तीसगढ़ में अब 4 बाघ रिजर्व हो गए हैं। छत्तीसगढ़ में **अन्य तीन टाइगर रिजर्व उदंती-सीतानदी, अचानकमार एवं इंद्रावती हैं।***
- इस आशय की जानकारी केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा 18 नवम्बर, 2024 को साझा की गई।

**अभयारण्य के बारे में**

- छत्तीसगढ़ का यह बाघ अभयारण्य आन्ध्र प्रदेश के नागार्जुन सागर-श्रीशैलम टाइगर रिजर्व और असम के मानस टाइगर रिजर्व के बाद देश का **तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व** है।
- 'गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व' छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में 2,829.38 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला हुआ है।
- कुल 2829.38 वर्ग किमी. क्षेत्र में 2049.2 वर्ग किमी. का कोर/ क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट शामिल है, जिसमें गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। इसका बफर क्षेत्र 780.15 वर्ग किमी. का है।

- नव अधिसूचित बाघ अभयारण्य मध्य प्रदेश में संजय दुबरी बाघ अभयारण्य से सटा हुआ है। इसके अलावा यह अभयारण्य पश्चिम में मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य और पूर्व में झारखण्ड के पलामू बाघ अभयारण्य से जुड़ा हुआ है।

## अमेरिका ने भारत को लौटाईं 1,400 से अधिक लूटी गई कलाकृतियाँ

- दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से चुराई गईं कलाकृतियों को वापस लाने की चल रही पहल के तहत, संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत को 10 मिलियन डॉलर मूल्य की 1,400 से अधिक लूटी गईं कलाकृतियाँ लौटा दी हैं।
- इससे सम्बन्धित अमेरिकी अधिकारियों ने 13 नवम्बर, 2024 को साझा की गई जानकारी के अनुसार लौटाई गईं कलाकृतियों में मध्य प्रदेश से एक दिव्य नर्तकी की बलुआ पत्थर की मूर्ति और राजस्थान से तनेसर देवी माँ की मूर्ति भी शामिल हैं।
- **तनेसर देवी माँ की मूर्ति :** हरे-भूरे रंग के पत्थर से बनी यह मूर्ति राजस्थान के तनेसर-महादेव गाँव से लूटी गई थी।

**न्यूज फैक्ट**

> अमेरिका और भारत ने अवैध व्यापार को रोककर और चुराई गई प्राचीन वस्तुओं को भारत वापस लौटाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करके सांस्कृतिक संपत्ति की रक्षा के लिए एक समझौते पर जुलाई 2024 में हस्ताक्षर किए थे।
> अमेरिका ने सितम्बर 2024 में भारत को 297 चोरी की गई प्राचीन वस्तुएँ वापस की थीं, जो लगभग 4000 साल पुरानी हैं।

## विश्व बैंक की 'जॉब्स एट योर डोरस्टेप' रिपोर्ट जारी

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने 22 नवम्बर, 2024 को जॉब्स एट योर डोरस्टेपः ए जॉब्स डायग्नोस्टिक्स फॉर यंग पीपल इन सिक्स स्टेट्स' (Jobs at Your Doorstep: A Jobs Diagnostics for Young People in Six States) शीर्षक से विश्व बैंक की एक रिपोर्ट जारी की।

☆ 'विश्व बैंक' शिक्षा मंत्रालय को राज्यों के लिए शिक्षण-शिक्षण और परिणाम सुदृढ़ीकरण 'स्टार्स' (STARS- Strengthening Teaching-Learning and Results for States) ) नामक कार्यक्रम में सहायता करता है।

☆ 'स्टार्स' कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान (सामूहिक रूप से स्टार्स राज्य) शामिल हैं।

☆ स्टार्स योजना एक राष्ट्रीय घटक है जिसके तहत प्रमुख सुधारों को साझा किया जाता है और कार्यान्वयन के लिए प्रसारित किया जाता है।

- यह रिपोर्ट शिक्षा और भारत के रोजगार एजेंडे के बीच रणनीतिक सम्बन्ध और अभिसरण प्रदान करने के लिए एक निदान और रोडमैप दोनों के रूप में कार्य करती है।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दी वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना को मंजूरी

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विद्वानों के शोध लेखों और जर्नल प्रकाशन तक देशव्यापी पहुँच प्रदान करने के लिए एक नई केन्द्रीय क्षेत्र योजना 'एक राष्ट्र, एक सदस्यता' को 25 नवम्बर, 2024 को मंजूरी दी है।
- 'एक राष्ट्र, एक सदस्यता' (**One Nation One Subscription-ONOS**) योजना को एक सरल, यूजर-फ्रेंडली और पूरी तरह से डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

### योजना से सम्बन्धित प्रमुख तथ्य

- इस योजना के लिए 3 कैलेंडर वर्षों- 2025, 2026 और 2027 हेतु कुल लगभग **₹ 6,000 करोड़** आवंटित किए गए हैं।
- यह योजना अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और सरकारी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, शोध संस्थानों व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एएनआरएफ (ANRF- Anusandhan National Research Foundation) पहल की पूरक होगी।
  - ✓ *एएनआरएफ समय-समय पर योजना के उपयोग तथा इन संस्थानों के भारतीय लेखकों के प्रकाशनों की समीक्षा करेगा।*
- उच्च शिक्षा विभाग के पास **'एक राष्ट्र, एक सदस्यता' के नाम से एक एकीकृत पोर्टल** होगा, जिसके माध्यम से संस्थान पत्रिकाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकेंगे।
- योजना से लगभग 1.8 करोड़ छात्र, शिक्षक और शोधकर्ता संभावित रूप से एक राष्ट्र, एक सदस्यता योजना का लाभ उठा सकेंगे।
- यह पहल टियर 2 और टियर 3 शहरों सहित सभी विषयों के छात्रों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के विशाल प्रवासी समुदाय के लिए विद्वत्तापूर्ण पत्रिकाओं तक पहुँच का विस्तार करेगी।

## सर्वोच्च न्यायालय ने जारी किए बुलडोजर न्याय पर दिशा-निर्देश

- आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकारों के बुलडोजर एक्शन पर देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 13 नवम्बर, 2024 को निर्णय दिया।
- इस सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है कि उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना किसी आरोपी या दोषी की सम्पत्ति को ध्वस्त करना 'असंवैधानिक' है।
- सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद और अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर याचिकाओं के एक समूह में यह फैसला सुनाया, जिसमें 'बुलडोजर न्याय' की प्रवृत्ति को रोकने के लिए निर्देश देने की माँग की गई थी।
- **दिशा-निर्देश :** सर्वोच्च न्यायालय ने किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ से पहले संपत्ति के मालिक को कम-से-कम 15 दिन का नोटिस दिया जाने तथा विध्वंस का दस्तावेजीकरण के निर्देश भी दिए हैं।

- **निर्णय का महत्व** : सुप्रीम कोर्ट ने कार्यपालिका द्वारा ऐसी कार्रवाई की अनुमति देना कानून के शासन के विपरीत और शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन बताया है, क्योंकि किसी व्यक्ति के अपराध पर फैसला सुनाना न्यायपालिका का काम है।

## डबल्यूआईपीओ वैश्विक पेटेंट फाइलिंग में भारत विश्व में छठे स्थान पर

❖ **रिपोर्ट का शीर्षक** : विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक रिपोर्ट 2024 (World Intellectual Property Indicators Report 2024)
❖ **जारीकर्ता** : विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (World Intellectual Property Organisation-WIPO)
❖ **जारी करने की तिथि** : 7 नवम्बर, 2024

- वार्षिक आधार पर जारी की जाने वाली 'विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक' (WIPI) रिपोर्ट बौद्धिक संपदा फाइलिंग में वैश्विक रुझानों का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है।
- वर्ष 2024 की 'WIPI' रिपोर्ट प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में पेटेंट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइन की वृद्धि और विकास पर प्रकाश डालती है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्ष 2023 में **64,480 पेटेंट फाइलिंग** के साथ पेटेंट आवेदनों के मामले में विश्व-स्तर पर **छठे स्थान** पर आ गया है।
- इससे बौद्धिक संपदा गतिविधि के मामले में भारत ने चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया सहित अग्रणी देशों में जगह बना ली है।
- वर्ष 2023 में, भारत ने **पेटेंट आवेदनों में 15.7% की वृद्धि** दर्ज की, जो शीर्ष 20 देशों में सबसे तेज है।
  - ✓ *यह लगातार पाँचवाँ वर्ष है, जब भारत ने पेटेंट दाखिलों में दोहरे अंकों की वृद्धि की।*
- भारत के 64,480 पेटेंट आवेदनों में 55.2% आवेदन घरेलू आवेदकों से आए हैं (देश के लिए पहली बार)।
- भारत ने पिछले वर्ष की तुलना में 2023 में 149.4% अधिक पेटेंट दिए।
- वर्ष 2023 में भारत के **औद्योगिक डिजाइन क्षेत्र में** आवेदनों में **36.4% की वृद्धि** हुई।
- पिछले वर्ष की तुलना में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ, भारत वर्ष 2023 में **ट्रेडमार्क फाइलिंग में विश्व स्तर पर चौथे स्थान** पर रहा।
  - ✓ *वर्ष 2023 में भारत की लगभग 90 प्रतिशत ट्रेडमार्क फाइलिंग भारतीय निवासियों द्वारा की गई।*
  - ✓ *भारत में ट्रेडमार्क फाइलिंग का सबसे बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य (21.9 प्रतिशत), कृषि (15.3 प्रतिशत) और कपड़ा (12.8 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों से आया है।*

## हुरून परोपकारी सूची में शिव नाडर शीर्ष पर

❖ **शीर्षक** : एडेलगिव-हुरुन इंडिया फिलैंथोपी लिस्ट 2024 (EdelGive Hurun India Philanthropy List 2024)
❖ **जारीकर्ता** : एडेलगिव फाउंडेशन और हुरुन इंडिया
❖ **जारी करने की तिथि** : 7 नवम्बर, 2024

- एडेलगिव और हुरून इंडिया द्वारा जारी भारत के दानवीरों की इस नवीनतम सूची में **एचसीएल** के को-फाउंडर **शिव नाडर** देश के सबसे बड़े दानवीर रहे हैं।
  - ✓ *शिव और उनके परिवार ने वित्त वर्ष 2023-24 में ₹ 2,153 करोड़ का दान दिया।*
- दानवीरों की सूची में शामिल टॉप 10 हस्तियों ने कुल ₹ 4,625 करोड़ का दान दिया, जो सूची में कुल दान का लगभग 53% है।
- सूची के युवा दानवीरों में एशियन पेंट्स के 35 वर्षीय **विवेक वकील** सबसे कम उम्र के दानवीर हैं। उन्होंने ₹ 8 करोड़ का दान दिया है।
  - ✓ *वर्ष 2023 के सबसे कम उम्र के दानवीर जेरोधा के को-फाउंडर **निखिल कामथ** (38) इस वर्ष तीसरे स्थान पर आ गए हैं।*

**सूची में शामिल शीर्ष 10 परोपकारी**

| रैंक | नाम | दान राशि (₹ करोड़ में) | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | शिव नादर | 2,153 | शिक्षा |
| 2 | मुकेश अंबानी | 407 | वंचित समुदाय |
| 3 | बजाज परिवार | 352 | इंजीनियरिंग शिक्षा |
| 4 | कुमार मंगलम बिड़ला | 334 | शिक्षा |
| 5 | गौतम अडानी | 330 | दूरस्थ गाँवों में शिक्षा |
| 6 | नंदन नीलेकणी | 307 | इकोसिस्टम बिल्डिंग |
| 7 | कृष्णा चिवुकुला | 228 | शिक्षा |
| 8 | अनिल अग्रवाल | 181 | शिक्षा |
| 9 | सुस्मिता और सुब्रतो बागची | 179 | पब्लिक हेल्थकेयर |
| 10 | रोहिणी नीलेकणी | 154 | इकोसिस्टम बिल्डिंग |

## हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों का क्षेत्रफल 13 वर्ष में 10.81 प्रतिशत बढ़ा : रिपोर्ट

- जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों और अन्य जल निकायों के क्षेत्रफल में 2011-2024 के दौरान 10.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- उक्त तथ्य 'पीटीआई' द्वारा नवम्बर 2024 में प्राप्त केन्द्रीय जल आयोग (Central Water Commission-CWC) की रिपोर्ट में सामने आया है।
- 'सीडब्ल्यूसी' की रिपोर्ट के अनुसार सतही क्षेत्र में 33.7 प्रतिशत विस्तार से भारत में झीलों में और भी अधिक वृद्धि हुई है।

✓ *वर्ष 2011 के दौरान भारत में हिमनद झीलों का कुल क्षेत्रफल 1,962 हेक्टेयर था जो सितम्बर 2024 में बढ़कर 2,623 हेक्टेयर हो गया है अर्थात् क्षेत्रफल में 33.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।*

## सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रखा

- उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU) के अल्पसंख्यक संस्थान के दर्जे के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने 8 नवम्बर, 2024 को महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है।
- मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व वाली 7 जजों की संविधान पीठ ने 4:3 के बहुमत से निर्णय दिया कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक वाला दर्जा बरकरार रहेगा।
- संविधान पीठ ने एस. अजीज बाशा बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 1967 का फैसला खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि कानून द्वारा गठित कोई संस्था अल्पसंख्यक संस्था होने का दावा नहीं कर सकती।

❖ **पक्ष में निर्णय देने वाले न्यायाधीश** : सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा।

❖ **असहमत न्यायाधीश** : जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा

- संविधान पीठ ने इस फैसले में विकसित सिद्धांतों के आधार पर एएमयू की अल्पसंख्यक स्थिति को नए सिरे से निर्धारित करने के लिए इसे 3 जजों की पीठ पर छोड़ दिया है।
  - ✓ *नई बेंच नियम और शर्तों के आधार पर विश्वविद्यालय की अल्पसंख्यक दर्जे की स्थिति का फैसला करेगी।*

**न्यूज फैक्ट**

➢ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यक का दर्जा मिला हुआ है, जो धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने तथा उनके प्रशासन का अधिकार भी देता है।

➢ इस संस्थान की स्थापना वर्ष 1875 में सर सैयद अहमद खान की अगुवाई में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज के रूप में की गई थी। वर्ष 1920 में इसे एक विश्वविद्यालय में परिवर्तित कर दिया गया।

## National News InShort

### सीआईएसएफ महिला बटालियन

- राष्ट्रीय सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय ने **'केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल' (Central Industrial Security Force-CISF)) की पहली महिला बटालियन** के गठन को नवम्बर 2024 में मंजूरी दे दी है।
- इस पहली ऑल वुमेन बटालियन में 1025 महिला जवान होंगी। इस बटालियन का नेतृत्व वरिष्ठ कमांडेंट लेवल का अधिकारी करेगा।
- महिला बटालियन देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे यथा हवाई अड्डों और मेट्रो रेल की सुरक्षा और कमांडो के रूप में वीआईपी सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी सँभालेगी।
- उल्लेखनीय है कि वर्तमान में देश में 'सीआईएसएफ' की 12 बटालियन हैं, लेकिन इनमें एक भी महिला बटालियन नहीं है।

### डिजिटल जनसंख्या घड़ी

- बेंगलुरू में पहली डिजिटल जनसंख्या घड़ी (Digital Population Clock) शहर के 'सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन संस्थान' (Institute for Social and Economic Change-ISEC) में स्थापित की गई है।
- इस घड़ी का उद्घाटन 'आईएसईसी' और केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 8 नवम्बर, 2024 को संयुक्त रूप से किया गया।
- यह घड़ी वास्तविक समय में जनसंख्या अपडेट प्रदान करती है। यह प्रत्येक 1.10 मिनट पर राज्य की जनसंख्या और प्रत्येक 2 सेकंड पर देश की जनसंख्या के आँकड़े अपडेट करेगी।
- उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा पूरे भारत में 18 जनसंख्या अनुसंधान केन्द्रों में इसी प्रकार की डिजिटल जनसंख्या घड़ियाँ स्थापित की जा रही हैं।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिल्ली के सराय काले खाँ चौक का नाम बदलकर किसके नाम पर रखे जाने की घोषणा की है? **बिरसा मुंडा**
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव के किस स्थान पर स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर का उद्घाटन 13 नवम्बर, 2024 को किया? **सिलवासा**
- दिल्ली मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने महिला यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प प्रदान करने वाली कौनसी बाइक टैक्सी सेवा (महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा) शुरू की है? **SHERYDS**
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान द्वारा 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर, 2024 को किस देश की आधिकारिक यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य रक्षा सहयोग के लिए ऐतिहासिक समझौता किया गया? **अल्जीरिया**
- हाल ही में गृह मंत्रालय ने विधिविरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (UAPA) के तहत किस संगठन पर प्रतिबंध को पाँच वर्षों के लिए और बढ़ा दिया है? **यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (ULFA)**

ooo



# अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी
- ▶ इसरो के उपग्रह जीसैट-20 का सफल प्रक्षेपण
- ▶ विश्व का पहला लकड़ी का सैटेलाइट लॉन्च
- ▶ जिम्बाब्वे ने लॉन्च किया 'जिमसैट-2'
- ▶ भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन लेह में शुरू
- ▶ इसरो के शुक्रयान को मिली सरकार की मंजूरी

रक्षा प्रौद्योगिकी
- ▶ भारतीय नौसेना ने किया के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण
- ▶ डीआरडीओ ने किया भारत की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण
- ▶ भारत ने किया पिनाका रॉकेट लॉन्चर का सफल परीक्षण

## अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

### इसरो के उपग्रह जीसैट-20 का सफल प्रक्षेपण

- भारत का सबसे उन्नत संचार उपग्रह जीसैट-20/जीसैट एन2 (GSAT N-2) एलन मस्क की कम्पनी स्पेसएक्स के 'फाल्कन 9' रॉकेट द्वारा 19 नवम्बर, 2024 को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।
  - ✓ *अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित केप कैनावेरल से प्रक्षेपित जीसैट-20 को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया।*
- जीसैट-20 उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए 'न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड' (NSIL) ने 'स्पेस एक्स' के साथ जनवरी 2024 में समझौता किया था।

**जीसैट एन2 के बारे में**

- 'जीसैट एन2' 'न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड' (NSIL) का दूसरा माँग संचालित उपग्रह है।
- लगभग 4700 किग्रा. वजनी जीसैट एन-2 Ka-Ka (का-का) बैंड उपग्रह है।
- यह अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप समूह सहित पूरे भारत को कवर करते हुए 32 बीमों में 48 Gbps तक की क्षमता प्रदान कर सकता है।
- यह सैटेलाइट हाई स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी और डिजिटल वीडियो-ऑडियो ट्रांसमिशन उपलब्ध कराएगा।
- इससे हवाई जहाज में उड़ान के दौरान मोबाइल इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी।
- इस उपग्रह की संचालन अवधि/जीवनकाल 14 वर्ष होगा।
- उल्लेखनीय है कि यह पहली बार है जब इसरो ने स्पेसएक्स के माध्यम से उपग्रह लॉन्च किया है, क्योंकि भारतीय रॉकेट में 4,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले उपग्रह को उठाने की क्षमता नहीं है।

### विश्व का पहला लकड़ी का सैटेलाइट लॉन्च

- विश्व का पहला लकड़ी का उपग्रह फ्लोरिडा (अमेरिका) स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स रॉकेट द्वारा 5 नवम्बर, 2024 को लॉन्च किया गया।
- इस उपग्रह को पहले अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा गया। इसके बाद उसे 400 किमी. ऊँचाई वाली ऑर्बिट में छोड़ दिया जाएगा।

**सैटेलाइट के बारे में**

- **नामकरण** : हथेली के बराबर के इस सैटेलाइट को **'लिग्नोसैट' (LignoSat)** नाम दिया गया है।
- **आकार** : इसकी लम्बाई मात्र 10 सेमी और वजन मात्र 900 ग्राम है।
- **विकास** : 'लिग्नोसैट' को **जापान की क्योटो यूनिवर्सिटी और होमबिल्डर सुमितोमो फॉरेस्ट्री** ने मिलकर विकसित किया है।
- **प्रयुक्त लकड़ी** : जापान ने लिग्नोसैट का निर्माण **मैगनोलिया (जापानी होनोकी)** की लकड़ी से किया गया है, जो मजबूत और टिकाऊ प्रकृति के लिए जानी जाती है।
  - ✓ *इस सैटेलाइट के पैनल बिना किसी स्क्रू या गोंद का इस्तेमाल किए तैयार किए गए हैं।*
- **उद्देश्य** : इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतरिक्ष के कठोर वातावरण में लकड़ी के स्थायित्व का परीक्षण करना है, जिसका अंतिम लक्ष्य अंतरिक्ष के मलबे को कम करना है।
- लिग्नोसैट को छह महीने तक पृथ्वी की परिक्रमा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जहाँ यह ब्रह्मांडीय विकिरण, उच्च तापमान भिन्नता और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण सहित चरम स्थितियों के संपर्क में रहेगा।

### जिम्बाब्वे ने लॉन्च किया 'जिमसैट-2'

- अफ्रीकी महाद्वीपीय देश जिम्बाब्वे ने अपना दूसरा उपग्रह, 'जिमसैट-2' (ZIMSAT-2) लॉन्च किया है।
- 'जिमसैट-2' को रूस के वोस्टोचनी कॉस्मोड्रोम से 5 नवम्बर, 2024 को सोयूज 2.1बी/फ्रेगेट-एम रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया।

- मल्टीस्पेक्ट्रल इमेजिंग क्षमताओं से लैस 'जिमसैट-2' एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है।
- यह कृषि और संसाधन प्रबंधन, खनिज संसाधन अन्वेषण, शहरी नियोजन और बुनियादी ढाँचे के विकास हेतु शहरी मानचित्रण और आपदा प्रबंधन में मदद करेगा।
- जिम्बाब्वे द्वारा अपना पहला उपग्रह 'जिमसैट-1' वर्ष 2022 में लॉन्च किया गया था।

## भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन लेह में शुरू

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा देश का पहला 'एनालॉग अंतरिक्ष मिशन' (Anlogue Space Mission) लद्दाख के लेह में शुरू किया गया है।
- इसरो द्वारा 1 नवम्बर, 2024 को की गई घोषणा के अनुसार इस मिशन का नेतृत्व इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केन्द्र (Human Spaceflight Centre) ने किया है।
- **विकास/सहयोग :** इसे मानव अंतरिक्ष उड़ान केन्द्र के साथ एएकेए स्पेस स्टूडियो (AAKA Space Studio), लद्दाख विश्वविद्यालय, आईआईटी बॉम्बे के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है और लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (Ladakh Autonomous Hill Development Council) द्वारा समर्थित है।
- **मिशन का उद्देश्य :** एक अंतरग्रहीय आवास में जीवन का अनुकरण करना और पृथ्वी से परे एक बेस स्टेशन स्थापित करने की चुनौतियों का पता लगाना।

## इसरो के शुक्रयान को मिली सरकार की मंजूरी

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को भारत सरकार ने 'शुक्रयान' (Shukrayaan) के लिए मंजूरी दे दी है।
- इसरो द्वारा शुक्र (Venus) ग्रह की कक्षा में परिक्रमा करने वाले इस उपग्रह को वर्ष 2028 में लॉन्च किया जाना प्रस्तावित है।
- उक्त स्वीकृति की जानकारी देते हुए मिशन निदेशक नीलेश देसाई ने 26 नवम्बर, 2024 को चंद्रयान-4 की योजनाओं का भी अनावरण किया, जो चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का अनुवर्ती है।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## भारतीय नौसेना ने किया के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

- भारतीय नौसेना ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'के-4' (K-4) बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण 27 नवम्बर, 2024 को किया।
- भारतीय नौसेना द्वारा इस 'एसएलबीएम' (Submarine-Launched Ballistic Missile–SLBM)) मिसाइल का परीक्षण परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी आईएनएस अरीघात (K-4) से किया गया।
- 'के-4' डीआरडीओ द्वारा विकसित की जाने वाली दूसरी 'एसएलबीएम' है।
  - ✓ *भारत की पहली एसएलबीएम, सागरिका या K-15 है, जिसे पहले ही आईएनएस अरिहंत में शामिल किया जा चुका है।*
- इस मिसाइल के सफल परीक्षण भारत के न्यूक्लियर ट्रायड (जमीन, हवा, और पानी से परमाणु हमले की क्षमता) को मजबूती मिलेगी।
- 'के-4' बैलिस्टिक मिसाइल को 'कलाम-4' के नाम से भी जाना जाता है। इस मिसाइल की रेंज 3500 किलोमीटर है।

## डीआरडीओ ने किया भारत की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण

- 'रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन' (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से भारत की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का 16 नवम्बर, 2024 को सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।
- इस हाइपरसोनिक मिसाइल को सशस्त्र बलों के लिए 1,500 किलोमीटर से अधिक की दूरी तक विभिन्न विस्फोटक सामग्री ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है।
- इसके साथ ही भारत चीन, रूस और अमेरिका सहित उन कुछ देशों के समूह में शामिल हो गया, जिन्होंने हाइपरसोनिक मिसाइल की ऐसी तकनीकी प्रगति हासिल की है।
- इस मिसाइल को हैदराबाद स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स की प्रयोगशालाओं तथा डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि हाइपरसोनिक मिसाइल ध्वनि की गति से 5 गुना तेज रफ्तार से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती है तथा एंटी मिसाइल सिस्टम या एयर डिफेंस सिस्टम इन्हें ट्रैक नहीं कर पाते।

## भारत ने किया पिनाका रॉकेट लॉन्चर का सफल परीक्षण

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने गाइडेड पिनाका हथियार प्रणाली का सफल उड़ान परीक्षण 14 नवम्बर, 2024 को किया है।
- लॉन्चर उत्पादन एजेंसियों द्वारा अपग्रेड किए गए दो इन-सर्विस पिनाका लॉन्चरों से प्रत्येक उत्पादन एजेंसी के 12-12 रॉकेटों का परीक्षण किया गया।
- अलग-अलग फायरिंग रेंज में तीन चरणों में पूरा हुआ यह परीक्षण 'पीएसक्यूआर' (Provisional Staff Qualitative Requirements–PSQR) के तहत किया गया।
  - ✓ *इस दौरान रेंजिंग, सटीकता, स्थिरता और सैल्वो मोड में कई टारगेट्स पर एक साथ हमला करने की क्षमता की टेस्टिंग की गई।*

OOO



# आर्थिक परिदृश्य

- ▶ बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2024
- ▶ भारत ने किए रियाद डिजाइन कानून संधि पर हस्ताक्षर
- ▶ राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारम्भ
- ▶ केन्द्रीय मंत्रिमंडल की 'पैन 2.0 परियोजना' को मंजूरी
- ▶ अटल इनोवेशन मिशन 2.0 को मिली मंजूरी
- ▶ केन्द्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में दो हाइड्रो प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

## बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2024

- मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (26 नवम्बर) के अवसर पर बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2024 (BAHS) को जारी किया।
- बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी (बीएएचएस)- 2024 एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो पशुधन और डेयरी क्षेत्र के रुझानों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करता है।
- बीएएचएस-2024, 1 मार्च, 2023 से 29 फरवरी, 2024 तक एकीकृत नमूना सर्वेक्षण के परिणामों पर आधारित है एवं इसमें दूध, अंडे, माँस तथा ऊन जैसे प्रमुख पशुधन उत्पादों के रुझान को दर्शाया गया है।

### बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2024 : एक नजर में

**दूध उत्पादन**

- भारत विश्व स्तर पर दूध का **सबसे बड़ा उत्पादक** है।
- **वर्ष 2023-24 में कुल दूध उत्पादन** : 239.30 मिलियन टन (अनुमानित)
- **वर्ष 2022-23 की तुलना में वृद्धि** : 3.78%
- **2023-24 के शीर्ष पाँच दूध उत्पादक राज्य क्रमशः** – उत्तर प्रदेश (16.21%), राजस्थान (14.51%), मध्य प्रदेश (8.91%), गुजरात (7.65%) और महाराष्ट्र (6.71%)।
- प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता वर्ष 2022-23 के **459 ग्राम प्रतिदिन** से बढ़कर वर्ष 2023-24 में **471 ग्राम प्रतिदिन** रहना अनुमानित है।

**अंडा उत्पादन**

- अंडा उत्पादन में भारत विश्व स्तर पर **दूसरे स्थान पर है**।
- **वर्ष 2023-24 में कुल अंडा उत्पादन** : 142.77 बिलियन (अनुमानित)
- **वर्ष 2022-23 की तुलना में वृद्धि** : 3.18%
- **2023-24 में शीर्ष अंडा उत्पादन करने वाले 5 राज्य क्रमशः** : आन्ध्र प्रदेश (17.85%), तमिलनाडु (15.64%), तेलंगाना (12.88%), पश्चिम बंगाल (11.37%) और कर्नाटक (6.63%)।

**माँस उत्पादन**

- **वर्ष 2023-24 में कुल माँस उत्पादन** : 10.25 मिलियन टन (अनुमानित)
- **वर्ष 2022-23 की तुलना में वृद्धि** : 4.95%
- **2023-24 में शीर्ष माँस उत्पादन करने वाले 5 राज्य क्रमशः** : पश्चिम बंगाल (12.62%), उत्तर प्रदेश (12.29%), महाराष्ट्र (11.28%), तेलंगाना (10.85%) और आन्ध्र प्रदेश (10.41%)।

**ऊन उत्पादन**

- **वर्ष 2023-24 में कुल ऊन उत्पादन** : 33.69 मिलियन किलोग्राम (अनुमानित)
- **वर्ष 2022-23 की तुलना में वृद्धि** : 0.22%
- **2023-24 में शीर्ष ऊन उत्पादन करने वाले 5 राज्य क्रमशः** : राजस्थान (47.53%), जम्मू और कश्मीर (23.06 प्रतिशत), गुजरात (6.18 प्रतिशत), महाराष्ट्र (4.75 प्रतिशत) और हिमाचल प्रदेश (4.22 प्रतिशत)।

## भारत ने किए रियाद डिजाइन कानून संधि पर हस्ताक्षर

- बौद्धिक सम्पदा संरक्षण के लिए समान पहुँच सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत् भारत ने 'रियाद डिजाइन कानून संधि' (Riyadh Design Law Treaty) के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं।
- लगभग दो दशक की बातचीत के बाद, विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) के सदस्य देशों ने 22 नवम्बर, 2024 को ऐतिहासिक 'डिजाइन कानून संधि' (Design Law Treaty-DLT) को अपनाया, जिसे 'रियाद डिजाइन कानून संधि' (Riyadh Design Law Treaty) भी कहा जाता है।
- संधि अनुबंध करने वाले पक्षों को इलेक्ट्रॉनिक औद्योगिक डिजाइन प्रणालियों को लागू करने और प्राथमिकता दस्तावेजों के इलेक्ट्रॉनिक आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

- **उद्देश्य :** इस संधि का उद्देश्य औद्योगिक डिजाइन संरक्षण के लिए प्रक्रियात्मक प्रारूप को सुसंगत बनाते हुए कई अधिकार क्षेत्रों में पंजीकरण प्रक्रियाओं की दक्षता और पहुँच में सुधार करना है।
- **लक्ष्य :** इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सुव्यवस्थित डिजाइन संरक्षण के लाभ सभी हितधारकों के लिए सुलभ हों, जिसमें लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई), स्टार्टअप और स्वतंत्र डिजाइनरों पर विशेष बल दिया गया है।

## राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारम्भ

❖ **मिशन :** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (National Mission on Natural Farming-NMNF)
❖ **मंत्रालय :** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
❖ **मंजूरी :** 25 नवम्बर, 2024
❖ **प्रमुख उद्देश्य :** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना

- 'राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन' (NMNF) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली एक केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में पूरे देश में मिशन मोड में शुरू किया जाएगा।
- **कुल परिव्यय :** 'एनएमएनएफ' का 15वें वित्त आयोग (2025-26) तक कुल परिव्यय ₹ 2481 करोड़ है।
  - ✓ *इसमें भारत सरकार का हिस्सा ₹ 1584 करोड़ तथा राज्य का हिस्सा ₹ 897 करोड़ है।*
- मिशन के तहत् किसान में रसायन मुक्त खेती के रूप में प्राकृतिक खेती (Natural Farming-NF) की आदत विकसित की जाएगी, जिसमें स्थानीय पशुधन एकीकृत प्राकृतिक खेती के तरीके, विविध फसल प्रणाली आदि शामिल हैं।
- 'एनएमएनएफ' का उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, किसानों की लागत कम करना और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना है।

### एनएमएनएफ : अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- 'एनएमएनएफ' को इच्छुक ग्राम पंचायतों के 15,000 समूहों में लागू किया जाएगा तथा 1 करोड़ किसानों तक पहुँचाया जाएगा।
- इसके तहत् 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती (एनएफ) शुरू की जाएगी।
- 'एनएमएनएफ' में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों, एसआरएलएम/पीएसीएस/एफपीओ आदि के प्रचलन वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- 10,000 'जैव-इनपुट संसाधन केन्द्र' (Bio-input Resource Centres-BRCs) स्थापित किए जाएँगे।
- आवश्यकता-आधारित यह 'बीआरसी' किसानों के लिए उपयोग के लिए तैयार प्राकृतिक कृषि लागत की आसान उपलब्धता और पहुँच प्रदान करेंगे।
- 'एनएमएनएफ' के तहत, कृषि विज्ञान केन्द्रों (KVK), कृषि विश्वविद्यालयों (AUs) और किसानों के खेतों में लगभग 2000 **'एनएफ मॉडल प्रदर्शन फार्म'** (NF Model Demonstration Farms) स्थापित किए जाएँगे।
- जागरूकता पैदा करने, एकजुट करने और समूहों में इच्छुक किसानों की मदद करने के लिए 30,000 कृषि सखियों/सीआरपी को तैनात किया जाएगा।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल की 'पैन 2.0 परियोजना' को मंजूरी

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने आयकर विभाग की 'पैन 2.0 परियोजना' को 25 नवम्बर, 2024 को मंजूरी दी है।
- इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य 'स्थायी खाता संख्या' (Permanent Account Number–PAN) को सरकारी एजेंसियों की सभी डिजिटल प्रणालियों के लिए 'सामान्य कारोबारी पहचानकर्ता' बनाना है।
- 'पैन 2.0 परियोजना' एक ई-गवर्नेंस पहल है जिसका उद्देश्य पैन/टैन सर्विसेज व पैन ऑथेंटिकेशन से लेकर कोर और गैर-कोर पैन/टैन एक्टिविटीज को आसान व सुरक्षित बनाना है।
- यह वर्तमान में प्रचलित पैन/टैन 1.0 का अपग्रेडेड वर्जन होगा।
- ₹ 1435 करोड़ का यह प्रोजेक्ट क्यूआर कोड के साथ पैन कार्ड को मुफ्त अपग्रेड करने की सुविधा प्रदान करेगा।

## अटल इनोवेशन मिशन 2.0 को मिली मंजूरी

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने नीति आयोग के फ्लैगशिप इनिशिएटिव 'अटल इनोवेशन मिशन' (Atal Innovation Mission-AIM) के दूसरे संस्करण (AIM-2.0) को 25 नवम्बर, 2024 को मंजूरी दी है।
- वस्तुतः केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) को 31 मार्च, 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दी है, जिसके लिए ₹ 2,750 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।
- 'अटल इनोवेशन मिशन 2.0' के तहत 30 ऐसे नवाचार केन्द्र खोले जाएँगे, जो स्थानीय भाषा में काम करेंगे।
  - ✓ *अटल इनोवेशन मिशन के पहले संस्करण में स्थानीय भाषा को शामिल नहीं किया गया था।*
- 'एआईएम 2.0' को भारत के नवाचार और एंटरप्रेन्योरशिप इकोसिस्टम को तीन तरीकों से मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें इनपुट में बढ़ोतरी, सफलता दर या थ्रूपुट में सुधार और आउटपुट की गुणवत्ता में सुधार शामिल हैं।
- भारत के नवाचार और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय नवाचार सहयोग कार्यक्रम के तहत् एक वार्षिक वैश्विक टिंकरिंग ओलम्पियाड आयोजित किया जाएगा।
- संयुक्त राष्ट्र का विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (World Intellectual Property Organization–WIPO) इसमें 'ज्ञान भागीदार' (Knowledge Partner) होगा।

## केन्द्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में दो हाइड्रो प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने अरुणाचल प्रदेश के **शि योमी जिले** में दो जल विद्युत परियोजनाओं को 25 नवम्बर, 2024 को मंजूरी दी है।
- **स्वीकृत जलविद्युत प्रोजेक्ट :** 'तातो-I जलविद्युत परियोजना' और 'हीओ हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना'

### तातो-I जलविद्युत परियोजना

- 'तातो-I जलविद्युत परियोजना' (Tato-I Hydro Electric Project) के निर्माण के लिए ₹ 1750 करोड़ का निवेश होगा।
- **स्थापित क्षमता :** 186 मेगावाट (3×62 मेगावाट) की स्थापित क्षमता वाली यह परियोजना 802 मिलियन यूनिट (MU) ऊर्जा का उत्पादन करेगी।
- **परियोजना का क्रियान्वयन :** नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड (नीपको) और अरुणाचल प्रदेश सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी के माध्यम से।
- **परियोजना के पूर्ण होने का अनुमानित समय :** 50 माह
- परियोजंना के तहत् राज्य को 12% मुफ्त बिजली और स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एलएडीएफ) से 1% का लाभ मिलेगा।

### हीओ हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना

- अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में ही 'हीओ जलविद्युत परियोजना' (Heo Hydro Electric Project) के निर्माण हेतु ₹ 1939 करोड़ के निवेश को मंजूरी दी गई है।
- **स्थापित क्षमता :** 240 मेगावाट (3×80 मेगावाट) की स्थापित क्षमता वाली यह परियोजना 1000 मिलियन यूनिट (MU) ऊर्जा का उत्पादन करेगी।
- **परियोजना के पूर्ण होने का अनुमानित समय :** 50 माह
- **परियोजना का क्रियान्वयन :** नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड (नीपको) और अरुणाचल प्रदेश सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी द्वारा।
- परियोजना के तहत् राज्य को 12% निःशुल्क बिजली और स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एलएडीएफ) से 1 प्रतिशत का लाभ मिलेगा।

## National News InShort

### केयर्न ऑयल एंड गैस

- वेदांता समूह की कम्पनी 'केयर्न ऑयल एंड गैस' (Cairn Oil & Gas) ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की प्रमुख मीथेन रिपोर्टिंग और शमन पहल- 'ऑयल एंड गैस मीथेन पार्टनरशिप' (Oil & Gas Methane Partnership–OGMP) 2.0 के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इसके साथ ही 'केयर्न ऑयल एंड गैस' मीथेन उत्सर्जन में प्रभावी कमी लाने के लिए प्रतिबद्ध होने वाला **भारत का पहला तेल और गैस उत्पादक** बन गया है।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- हाल ही में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा कौनसी पशुधन गणना शुरू की गई है? **21वीं**
- ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने चालू कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत की जीडीपी के 7.2 प्रतिशत रहने के अलावा वर्ष 2025 में इसके कितना रहने का अनुमान व्यक्त किया है? **6.6%**
- किस रिपोर्ट के अनुसार 2024 की तीसरी तिमाही में भारत 15.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ इकाई मात्रा के हिसाब से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है तथा बाजार मूल्य के आधार पर भारत तीसरे स्थान पर है? **काउंटरपॉइंट रिसर्च**
- तुमकुरु, रायचूर, शिवमोग्गा, कलबुर्गी, मंगलुरु और विजयपुरा किस राज्य में हैं, जहाँ केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 6 नई सिडबी शाखाओं का वर्चुअल उद्घाटन 9 नवम्बर, 2024 को किया? **कर्नाटक**
- महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से केन्द्रीय वित्त मंत्री ने देश के किन शहरों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की **चार नारी शक्ति शाखाओं** का उद्घाटन 9 नवम्बर, 2024 को किया? **बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर और विशाखापत्तनम**
- केन्द्र सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूँजी के लिए कितनी राशि की इक्विटी डालने को मंजूरी नवम्बर 2024 में दी है? **₹ 10,700 करोड़**
- भारत में आईआरईयूके टाइटेनियम लिमिटेड की स्थापना के लिए आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने किस देश की 'यूकेटीएमपी जेएससी' के साथ एक एमओयू किया है? **कजाकिस्तान**
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अवसरों का पता लगाने के लिए बिजली क्षेत्र की दिग्गज कम्पनी 'एनटीपीसी' ने तेल क्षेत्र की किस दिग्गज कम्पनी के साथ हाथ मिलाया है? **ओएनजीसी**

OOO

### भूल सुधार

अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी मासिक पत्रिका अंक नवम्बर 2024 के **पृष्ठ संख्या 23** के पहले कॉलम में छत्तीसगढ़ ने 97 स्वर्ण पदक के स्थान पर **98 स्वर्ण पदक** तथा कुल 174 पदक के स्थान पर **175 पदक** पढ़ा जाए। **पृष्ठ संख्या 30** के दूसरे कॉलम की 7वीं वनलाइनर में अलवर के स्थान पर **हिमाचल प्रदेश** तथा एशिया के स्थान पर **इंडिया** पढ़ा जाए। **पृष्ठ संख्या 38 पर** आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2024 न्यूज में विवान कपूर को पुरुषों की **ट्रैप स्पर्द्धा** में तथा अनंतजीत नरुका को पुरुषों की **स्कीट स्पर्द्धा** में पदक प्राप्त हुए, पढ़ा जाए। **पृष्ठ संख्या 48 पर 7वें बिन्दु** (बुलेट पाइंट) पर कनाडा के स्थान पर **इजराइल** पढ़ा जाए। पाठकों को हुई इस असुविधा के लिए हमें खेद है।

# प्रादेशिक परिदृश्य

## राजस्थान / Rajasthan

### राजस्थान विधानसभा की 7 सीटों पर उपचुनाव: भाजपा ने जीती 5 सीटें

- राजस्थान की 16वीं विधानसभा की रिक्त सात सीटों के लिए नवम्बर 2024 में सम्पन्न उपचुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने 5 सीटों पर जीत हासिल की है।
- शेष 2 विधानसभा सीट में से 1-1 कांग्रेस और भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) ने जीती है।
- वर्तमान राजस्थान विधानसभा की रिक्त 7 सीटों पर मतदान 13 नवम्बर, 2024 को तथा मतगणना 23 नवम्बर, 2024 को सम्पन्न हुई।

**उपचुनाव परिणाम**

| क्षेत्र | विजयी प्रत्याशी | निकटतम प्रतिद्वंद्वी |
|---|---|---|
| झुंझुनूं | राजेन्द्र भाम्बू (भाजपा) | अमित ओला (कांग्रेस) |
| रामगढ़ | सुखवंत सिंह (भाजपा) | आर्यन जुबेर (कांग्रेस) |
| दौसा | दीन दयाल बैरवा (कांग्रेस) | जगमोहन मीणा (भाजपा) |
| देवली-उनियारा | राजेन्द्र गुर्जर (भाजपा) | नरेश मीणा (निर्दलीय) |
| खींवसर | रेवन्तराम डांगा (भाजपा) | कनिका बेनीवाल (आरएलपी) |
| सलूम्बर | शांता अमृतलाल मीणा (भाजपा) | जितेश कुमार कटारा (बीएपी) |
| चौरासी | अनिल कुमार कटारा (बीएपी) | कारीलाल (भाजपा) |

**पृष्ठभूमि**

- यह उपचुनाव झुंझुनूं सीट से बृजेंद्र सिंह ओला के त्यागपत्र, रामगढ़ सीट विधायक जुबेर खान की मृत्यु, दौसा सीट मुरारी लाल मीणा के त्यागपत्र, देवली-उनियारा सीट हरीश चंद्र मीणा के त्यागपत्र, खींवसर सीट हनुमान बेनीवाल के त्यागपत्र, सलूम्बर सीट विधायक अमृत लाल मीणा की मृत्यु तथा चौरासी राजकुमार रोत के त्यागपत्र के कारण रिक्त होने के कारण करवाया गया था।

#### राजस्थान में महिला विधायकों की संख्या

- संलूबर से भाजपा की शांता अमृतलाल मीणा के विधायक बनने के पश्चात् राज्य विधानसभा में **महिला विधायकों की कुल संख्या अब 21** हो गई है।
- इनमें भाजपा महिला विधायक 10, कांग्रेस महिला विधायक 9 हैं, जबकि 2 निर्दलीय महिला विधायक हैं।

#### 16वीं विधानसभा की वर्तमान स्थिति

- इस उपचुनाव के सम्पन्न होने के साथ ही राजस्थान की 16वीं विधानसभा अपने सभी 200 सदस्यों के साथ पूर्ण हो गई है।

**16वीं राजस्थान विधानसभा (200) : दलवार स्थिति**

| पार्टी | सीट | पार्टी | सीट |
|---|---|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | 119 | बहुजन समाज पार्टी | 2 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 66 | राष्ट्रीय लोक दल | 1 |
| भारत आदिवासी पार्टी | 4 | निर्दलीय | 8 |

### दक्षिण-पश्चिम कमान में 'ज्ञान शक्ति' की स्थापना

- भारतीय-सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान ने जयपुर में एक नया **रणनीतिक थिंक टैंक** 'ज्ञान शक्ति' नाम से स्थापित किया है।
- इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में सैन्य रणनीतियों के अनुसंधान, विश्लेषण और निर्माण को बढ़ावा देना है।
- यह थिंक टैंक रक्षा और सुरक्षा से संबंधित मामलों पर सशस्त्र बलों, उद्योग, राज्य सरकार और शिक्षाविदों के बीच बहस और बातचीत के लिए एक मंच प्रदान करेगा।
- जयपुर सैन्य स्टेशन में '**रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता: राजस्थान में अवसर**' विषय पर एक **संगोष्ठी** 11 नवम्बर, 2024 को आयोजित की गई।
- इस संगोष्ठी का आयोजन ज्ञान शक्ति थिंक टैंक और उद्योग संगठन फिक्की (Federation of Indian Chambers of Commerce & Industry–FICCI) द्वारा किया गया।

### मध्य प्रदेश व राजस्थान के वनाधिकारियों की बैठक में चीता कॉरिडोर प्रोजेक्ट पर चर्चा

- चीता कॉरिडोर प्रोजेक्ट को लेकर राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के 27 वनखण्डों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक 29 नवम्बर, 2024 को प्रधान मुख्य एवं संरक्षक और मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक की संयुक्त अध्यक्षता में रणथम्भौर (सवाई माधोपुर) में सम्पन्न हुई।
- बैठक में देश के सबसे बड़े चीता कॉरिडोर प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। इसके लिए शीघ्र ही राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार के बीच एमओयू की सम्भावना है।
- केन्द्र सरकार ने चीता प्रोजेक्ट के तहत् मध्य प्रदेश के कूनों में बसाए चीतों के संरक्षण के लिए 25 वर्ष की प्लानिंग की है।
- राजस्थान सहित तीन राज्यों के 27 डिवीजनों (राजस्थान के 13, मध्य प्रदेश के 12 और यूपी के 2) को मिलाकर एक बड़ा चीता संरक्षण क्षेत्र विकसित होगा।

- यह कॉरिडोर मध्य प्रदेश के कूनों से शिवपुरी से होकर राजस्थान के मुकंदरा टाइगर रिजर्व से होते हुए गांधीसागर सेंचुरी तक फैलाव में होगा।
- चीता संरक्षण क्षेत्र में मध्य प्रदेश के 7 जिले (शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, अशोक नगर, गुना, नीमच, मंदसौर) और राजस्थान के 8 जिले (सवाई माधोपुर, बाराँ, कोटा, करौली, झालावाड़, बूँदी, धौलपुर और चित्तौड़गढ़) शामिल होंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर वन क्षेत्र को भी इस परियोजना में शामिल किया जाएगा।

**न्यूज फैक्ट**

- ➢ महत्वाकांक्षी चीता पुनरुत्पादन परियोजना के तहत, 17 सितम्बर, 2022 को मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कुनो नेशनल पार्क में 8 नामीबियाई चीतों को बाड़ों में छोड़ा गया था।
- ➢ फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 अन्य चीतों को पार्क में लाया गया था।
- ➢ वर्तमान में केएनपी (Kuno National Park) में शावकों सहित 24 चीते हैं।

## सलूम्बर-घाटोल क्षेत्र के 60 स्थानों पर 1000 टन स्वर्ण भण्डार

- राजस्थान के सलूम्बर-घाटोल गोल्ड फील्ड (SGF) में 1000 टन स्वर्ण भण्डार की खोज की गई है। वस्तुतः 1270 वर्ग किलोमीटर में फैले 'एसजीएफ' के 26 गाँवों के 60 स्थानों पर स्वर्ण भंडार का पता चला है।
- सलूम्बर से बाँसवाड़ा के घाटोल तक चिन्हित इस 'एसजीएफ' की खोज करने वाले कर्नाटक के भूवैज्ञानिक डॉ. वी. एन. वासुदेव की रिसर्च के अनुसार यहाँ 25 टन वार्षिक सोना निकलने का अनुमान है।
  - ✓ *जगपुरा-भूकिया के 9.4 वर्ग किमी. में 222.39 टन स्वर्ण भण्डार हैं।*
  - ✓ *कांकरिया गारा क्षेत्र (घाटोल) के 2.05 वर्ग किमी. क्षेत्र में 63.2 टन सोना है।*
  - ✓ *डुगोचा (सलूम्बर) के 4.72 वर्ग किमी. क्षेत्र में 88.7 टन स्वर्ण भण्डार मिले हैं।*

**स्वर्ण खनन करने वाला चौथा राज्य**

- हाल ही में राज्य की जगपुरा-भूकिया खदान की नीलामी की गई है। रतलाम की जिस फर्म को ठेका मिला है, उसने एलओआई पाने के लिए ₹ 100 करोड़ जमा करा दिए हैं।
- यहाँ शीघ्र ही खनन प्रारम्भ होने के बाद कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश और झारखण्ड के बाद राजस्थान सोने का खनन करने वाला चौथा राज्य बन जाएगा।

## राज्य सरकार ने किया यूएनएफपीए के साथ एमओयू

- राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष' (United Nations Population Fund–UNFPA) के बीच एक समझौता ज्ञापन (MOU) में नवम्बर 2024 में हस्ताक्षर किए गए।
- **उद्देश्य** : सामाजिक रूप से पिछड़े समूहों के किशोर - किशोरियों को जीवन कौशल एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारियों द्वारा सशक्त बनाना।
- एमओयू के तहत संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) द्वारा आवासीय विद्यालयों और निदेशालय विशेष योग्यजन द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों/विशेष शिक्षकों और छात्रावासों के छात्रावास अधीक्षकों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- इसके साथ ही कौशल एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारियाँ आदि प्रदान करने तथा किशोर युवाओं और विशेष योग्यजन व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए विभाग के भीतर एक तकनीकी सहायता इकाई की स्थापना की जाएगी।

## राजस्थान पर्यटन ने जीते दो प्रतिष्ठित पुरस्कार

- राजस्थान को दो अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिष्ठित 'कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर रीडर्स ट्रैवल अवाइर्स 2024' से सम्मानित किया गया है।
- कॉन्डे नेस्ट ट्रैवलर रीडर्स ट्रैवल अवार्ड्स के दौरान राजस्थान पर्यटन प्रदत्त पुरस्कार-
  - ✓ *'**फेवरेट इंडियन स्टेट फॉर रोड ट्रिप्स**' का अवार्ड राजस्थान राज्य को मिला है।*
  - ✓ *'**फेवरेट लीजर डेस्टिनेशन इन इंडिया**' का **रनरअप** अवार्ड उदयपुर को मिला है।*

## गोविंद गुरु जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना का शुभारम्भ

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने '**गोविन्द गुरु जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना**' का शुभारम्भ 15 नवम्बर, 2024 को किया।
- इस योजना को वनाधिकार अधिनियम के तहत वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासियों व परम्परागत वन निवासियों के कल्याण के लिए शुरू किया गया है।
- मुख्यमंत्री ने उक्त योजना का शुभारम्भ जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बाँसवाड़ा जिले के गोविन्द गुरु महाविद्यालय में आयोजित '**नवादि युगधारा प्रणेता समागम कार्यक्रम**' में किया।

**मुख्यमंत्री द्वारा की अन्य घोषणाएँ**

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर **सीतामाता अभयारण्य, त्रिपुरा सुंदरी, बेणेश्वर धाम और मानगढ़ धाम को जोड़ते हुए पर्यटन सर्किट** बनाने एवं इस क्षेत्र को औद्योगिक रूप में विकसित करने की भी घोषणा की।
- उन्होंने **डूँगरपुर में डूँगर बरंडा और बाँसवाड़ा में बाँसिया चारपोटा जनजातीय नायकों के स्मारकों** का निर्माण, **उदयपुर में वीर बालिका कालीबाई संग्रहालय** के निर्माण की भी घोषणा की।

**विशेष** : 15-26 नवम्बर; 2024 की अवधि को प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया गया।

## प्रदेश में स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम की समीक्षा हेतु समिति गठित

- राजस्थान में वर्तमान में संचालित संपूर्ण स्कूली पाठ्यक्रम की समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर पाठ्यक्रम की समीक्षा समिति का गठन किया गया है।
- **अध्यक्ष** : कोटा स्थित वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोडाणी को इस 10 सदस्यीय स्कूली पाठ्यक्रम समीक्षा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- यह समिति पाठ्यक्रम का अध्ययन कर उसमें वर्णित अवांछनीय प्रसंग और विषयों की रिपोर्ट तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंपेगी। उस रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद पाठ्यक्रम में संशोधन का निर्णय लिया जाएगा।

## आईआईटी जोधपुर में खुलेगा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) जोधपुर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होगा।
- इस सम्बन्ध में इंडियाएआई (IndiaAI) और मेटा ने आईआईटी जोधपुर में जनरेटिव एआई (Generative AI) केन्द्र की स्थापना की घोषणा की है।
- इसमें **'कौशल एवं क्षमता निर्माण के लिए युवाआई (YuvAi) पहल'** का शुरू किया जाना भी शामिल है।
- **उद्देश्य** : स्वदेशी एआई अनुप्रयोगों के विकास को बढ़ावा देकर और कौशल विकास और अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाकर भारत में ओपन-सोर्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को आगे बढ़ाना है।
- इसके तहत् तीन वर्ष में एक लाख युवाओं को एआइ में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इसके साथ ही पाठ्यक्रम, केस स्टडी और खुले डेटासेट की सुविधा वाला एक **जनरल एआई रिसोर्स हब** स्थापित किया जाएगा।
- इसमें फेसबुक की पैरेंट कम्पनी 'मेटा' तीन वर्ष में 7.5 करोड़ का फण्ड देगी।

## नेशनल सब जूनियर और जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप : राजस्थान ने जीते चार पदक

- नेशनल सब जूनियर और जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप का आयोजन कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में 19-25 अक्टूबर, 2024 को किया गया।
- इस स्क्वैश चैम्पियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने चार कांस्य पदक जीते।
- **पदक विजेता खिलाड़ी** : दिव्यांशी जैन (अंडर-13 गर्ल्स), याशी जैन (अंडर-17 गर्ल्स), अवलोकित सिंह (अंडर-19 बॉयज) और सुभाष चौधरी (अंडर-17 बॉयज)।

## सरकारी नौकरी के भर्ती के नियम बीच में नहीं बदल सकते : सर्वोच्च न्यायालय

- देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 7 नवम्बर, 2024 को अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती से सम्बन्धित नियम चयन प्रक्रिया शुरू होने के बाद बदले नहीं जा सकते।
- तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पाँच सदस्यीय संविधान पीठ ने राजस्थान हाईकोर्ट में नियुक्त मामले में यह निर्णय सुनाया है।
- यह मामला वर्ष 2013 में राजस्थान हाई कोर्ट के स्टाफ में 13 ट्रांसलेटर के पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। उम्मीदवारों का चयन हेतु न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक शर्त बाद में शामिल की गई।
  - ✓ *हाई कोर्ट ने पहली बार भर्ती प्रक्रिया की अधिसूचना जारी की थी तो इस 75 प्रतिशत मानदंड का जिक्र नहीं किया गया था।*

## News InShort

**चर्चित व्यक्ति**

### खिल्लीराम मीना

- केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी खिल्ली राम मीना को मिजोरम का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया।
- खिल्ली राम मीना भरतपुर जिले की भुसावर तहसील के निठार गाँव के रहने वाले हैं।
- खिल्ली राम मीना प्रदेश के ऐसे तीसरे अधिकारी हैं, जो पिछले एक वर्ष में विभिन्न राज्यों में ब्यूरोक्रेसी के मुखिया बने हैं।
- इससे पहले टोंक जिले में बेगमपुरा गाँव के शिव दास मीना तमिलनाडु के मुख्य सचिव रहे (अगस्त 2024 तक)।
- अमृत लाल मीना को बिहार का नया मुख्य सचिव बनाया गया था। वह करौली जिले में डाबरा गाँव के रहने वाले हैं।

### वासुदेव देवनानी

- राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलन का आयोजन 3-8 नवम्बर, 2024 (मुख्य आयोजन : 5-8 नवम्बर, 2024) को ऑस्ट्रेलिया में किया गया।
- इस सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया।
- उक्त सम्मेलन में भाग लेने के बाद उन्होंने राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के पोस्ट कॉन्फ्रेंस स्टडी टूर के तहत् इण्डोनेशिया, सिंगापुर और जापान की यात्रा भी की।

## चर्चित स्थल

### वरूण सागर

- अजमेर स्थित 'फॉयसागर' का नाम बदल कर आगामी समय में 'वरूण सागर' किया जाएगा।
  - ✓ *इस आशय की घोषणा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा 23 नवम्बर, 2024 को की गई।*
- इसके अलावा किंग एडवर्ड मेमोरियल का नाम बदल कर **'महर्षि दयानन्द मेमोरियल'** किया जाएगा।
- विरासतों का नामकरण अपनी संस्कृति के अनुसार करने के इसी क्रम में 'होटल खादिम' का नाम परिवर्तित कर **'होटल अजयमेरू'** किया गया है।

## अभियान/अभियान

### सक्षम जयपुर अभियान

- जिला प्रशासन की पहल पर 'सक्षम जयपुर अभियान' का शुभारम्भ जयपुर की बस्सी पंचायत समिति से 25 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- 7 जनवरी, 2025 तक विभिन्न स्थानों पर संचालित किए जाने वाले इस अभियान के तहत दिव्यांगजनों को चिन्हीकरण, स्वावलंबन पोर्टल पर प्रमाण पत्र बनाने, यूडीआईडी कार्ड बनाने जैसें अनेक कार्य किए जाएँगे।
- **विशेष :** पूर्व में केवल 7 श्रेणियों में ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए जाते थे, जिन्हें अब बढ़ाकर 21 श्रेणियों में कर दिया गया है।
  - ✓ *नई जोड़ी गई प्रमुख श्रेणियों में बौनापन, सिलिकलसेल से ग्रसित, हीमोफीलिया रोगी इत्यादि शामिल हैं।*

### ऑपरेशन लाडली

- समाज में प्रचलित बाल विवाह जैसी कुप्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा राज्यभर में 'ऑपरेशन लाडली' अभियान 11-16 नवम्बर, 2024 को चलाया गया।
- यह अभियान 12 नवम्बर, 2024 को 'अबूझ सावे' दृष्टिगत संचालित किया गया था, जिसमें जिला, उपखण्ड और ग्राम स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया।

## दिवस/पखवाड़ा/माह

### स्वनिधि भी, सम्मान भी

- प्रदेश के सभी नगरीय निकायों एवं बैंकों में 18 नवम्बर-2 दिसम्बर, 2024 की अवधि को **'स्वनिधि भी स्वाभिमान भी' पखवाड़े** के रूप में आयोजित किया जा रहा है।
- **उद्देश्य :** इस पखवाड़े को आयोजित किए जाने का उद्देश्य 'पीएम स्वनिधि (स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि) योजना' का लाभ अधिकाधिक स्ट्रीट वेंडर्स को दिलाना है।

#### योजना के बारे में

- कोविड-19 के दौरान शुरू की गई केन्द्र सरकार की इस फ्लैगशिप योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स एवं छोटे कारोबारियों को पहली बार में ₹ 10 हजार की ऋण राशि उपलब्ध कराई जाती है।

### बनफूल जनजाति डिजाइन स्टूडियो

- 'बनफूल जनजाति डिजाइन स्टूडियो', उदयपुर स्थित माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) में स्थापित किया गया है।
- इसका लोकार्पण जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी द्वारा 21 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- जनजाति कला का संरक्षण एवं संवर्धन किए जाने की दृष्टि से स्थापित इस स्टूडियो में आमजन जनजाति कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों एवं डिजाइनों को देख सकेंगे एवं निर्धारित मूल्य पर क्रय भी कर सकेंगे।
- यह स्टूडियो पारम्परिक जनजातीय कला व नवाचारों को 'बनफूल' ब्रांडिंग के माध्यम से बढ़ावा देने के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

### जयपुर स्थापना दिवस

- प्रदेश की राजधानी जयपुर शहर का 297वाँ स्थापना दिवस 18 नवम्बर, 2024 को मनाया गया।
- ग्रेटर नगर निगम की ओर से जयपुर स्थापना दिवस समारोह 18 नवम्बर से 18 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित किया जाएगा।
- जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से स्टेचू सर्किल पर दीपदान एवं रोशनी कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- जयपुर की स्थापना सवाई जयसिंह द्वितीय के द्वारा 18 नवम्बर, 1727 में पूर्ण वैज्ञानिक तथा वास्तुशास्त्र के आधार पर की गई है। इस शहर का वास्तु नियोजन विद्याधर भट्टाचार्य ने किया है।

## मेला/महोत्सव/ प्रदर्शनी

### राज्य स्तरीय विज्ञान एवं गणित पर्यावरण प्रदर्शनी

- 57वीं राज्य स्तरीय विज्ञान एवं गणित पर्यावरण प्रदर्शनी 2024-25 का आयोजन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांडल (भीलवाड़ा) में 18-21 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- इस चार दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उदयपुर द्वारा किया गया था।

### जनजाति गौरव महोत्सव

- भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में 'जनजाति गौरव महोत्सव' उदयपुर जिले के कोटड़ा कस्बे में 15 नवम्बर, 2024 को आयोजित किया गया।
- इस उत्सव का आयोजन जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग तथा राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद् के तत्वावधान में किया गया।

## श्री पुष्कर मेला

- अजमेर स्थित तीर्थराज पुष्कर में श्रीपुष्कर मेले का आयोजन 9-15 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- मेले में कार्तिक पूर्णिमा (15 नवम्बर) के अवसर पर सरोवर के समस्त 52 घाटों पर महाआरती और दीपदान कर रिकॉर्ड बनाया गया।
- पुष्कर सरोवर के समस्त 52 घाटों पर 5100 महिलाओं ने 51 हजार दीपदान एक साथ एक समान परंपरागत चुनड़ी वेशभूषा में कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में रिकॉर्ड दर्ज कराया।
- मेले के समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तीर्थराज पुष्कर को अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित किए जाने की घोषणा की।
- उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 6 लाख से अधिक देशी-विदेशी पर्यटक व श्रद्धालुओं ने मेले में भाग लिया है। यह वर्ष 2019 के बाद पुष्कर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सर्वाधिक संख्या है।

## बूंदी उत्सव 2024

- हाड़ौती क्षेत्र का प्रमुख 'बूंदी उत्सव' 18-20 नवम्बर, 2024 को आयोजित किया गया।
- इस उत्सव के दौरान बूंदी नवलसागर स्थित पार्क में बेस्ट ऑफ इंडिया सांस्कृतिक कार्यक्रम, गढ़पैलेस से सुखमहल तक हैरिटेज वॉक जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## जल उत्सव

- नीति आयोग द्वारा देश के 20 राज्यों के 20 आशान्वित जिलों, ब्लॉकों में 15 दिवसीय 'जल उत्सव' का आयोजन 6-20 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- इसमें राजस्थान से **हनुमानगढ़ जिले के आशान्वित ब्लॉक संगरिया** का चयन उत्सव के लिए किया गया था।

## राज्य स्तरीय कला उत्सव

- दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव अलवर के चिकानी स्थित लक्ष्मी देवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में 18-19 नवम्बर, 2024 को आयोजित किया गया।
- इस कला उत्सव का आयोजन 'राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर' द्वारा किया गया था।

# खेल परिदृश्य

## वैभव सूर्यवंशी

- बिहार के 13 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आईपीएल (IPL) की 'राजस्थान रॉयल्स' टीम के लिए खेलेंगे।
- सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित आईपीएल नीलामी 2025 में राजस्थान रॉयल्स ने वैभव को ₹ 1.10 करोड़ में खरीदा है। उनका बेस प्राइस ₹ 30 लाख था।
- चयन राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड ने किया था।
- वैभव ने वर्ष 2023 में 12 वर्ष की आयु में बिहार टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने वीनू मांकड़ ट्रॉफी में लगभग 400 रन बनाए।
- वर्ष 2024 में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ इंडिया-ए टीम में खेलते हुए अपने पहले अंडर-19 मैच में 104 रन की पारी खेली।
- 2024 में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया।

## कृष्णादित्य और कुणाल

- एसजीएफआई के तत्वावधान में राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन राजकोट (गुजरात) में नवम्बर 2024 में किया गया।
- इस प्रतियोगिता में भरतपुर के कृष्णादित्य सिंह ने 50 मी. बैकस्ट्रोक में 28.62 सैकण्ड का समय निकाल कर रजत पदक जीता।
- भरतपुर के ही कुणाल फौजदार ने इस प्रतियोगिता की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक हासिल किया है।

## पाई स्कूल ओलम्पिक्स

- 'पाई स्कूल ओलम्पिक्स' का आयोजन 18-23 नवम्बर, 2024 को सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में किया गया।
- **आयोजक** : पत्रिका इन एजुकेशन (पाई) एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्।
- इस खेल आयोजन में सर्वाधिक मैच जीतने वाले कैम्ब्रिज कोर्ट स्कूल को विनिंग ट्राफी प्रदान की।

## मोनिका श्योराण

- राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में भादरा की रहने वाली मोनिका श्योराण ने वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता है।
- अल्बानिया के तिराना में अंडर- 23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के 68 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक जीता है।
- मोनिका का यह लगातार दूसरा पदक है। विगत वर्ष भी मोनिका ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था।

# विविध

## नीड हेल्प

- संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए राजकॉप सिटीजन एप में महिला सुरक्षा के लिए 'मदद चाहिए' (Need Help) फीचर दिया गया है।
- इस फीचर के ज़रिए पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की योजना शुरू की जा रही है।

## सरदार गुरजंट सिंह बराड़

- वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व कृषि राज्य मंत्री सरदार गुरजंट सिंह बराड़ का 3 नवम्बर, 2024 को निधन हो गया।
- बराड़ दो बार (1993 और 2003 में) सांगरिया विधानसभा से विधायक रहे और वर्ष 2013 में वह सादुलशहर विधानसभा से विधायक चुने गए।
- वर्ष 1993 में निर्दलीय विधायक बने सरदार गुरजंट सिंह भैरोसिंह शेखावत की सरकार में पहली बार मंत्री बने।

## पंच-गौरव

- राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में **एक उपज, एक वानस्पतिक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल एवं एक खेल** पर विशेष रूप से फोकस करते हुए पंच-गौरव कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा।
- इसके तहत् प्रत्येक जिले के लिए इन श्रेणियों में चिन्हित इन पाँच तत्वों को जिले के पंच-गौरव के रूप में जाना जाएगा।
- **नोडल विभाग** : राज्य स्तर पर एक जिला-एक उपज के लिए **कृषि विभाग**, एक जिला-एक प्रजाति के लिए **वन विभाग**, एक जिला-एक उत्पाद के लिए **उद्योग विभाग**, एक जिला-एक पर्यटन स्थल के लिए **पर्यटन विभाग** तथा एक जिला-एक खेल के लिए **खेल विभाग** नोडल विभाग के रूप में कार्य करेंगे।

## डिजिटल राजस्थान यात्रा 2024

- सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने 'डिजिटल राजस्थान यात्रा' को 12 नवम्बर, 2024 को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
  - ✓ *यह यात्रा जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर और भरतपुर से होकर गुजरेगी।*
- **आयोजक** : इस यात्रा को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और आईस्टार्ट के सहयोग से **इंक42 (Inc 42) की पहल** के तहत् शुरू किया गया है।
- **उद्देश्य** : राजस्थान में आमजन और स्थानीय व्यवसायों के जीवन पर इंटरनेट और प्रौद्योगिकी के असर को उजागर कर डिजिटल राजस्थान की छवि को प्रस्तुत करना।

## सिन्धु दर्शन यात्रा

- राज्य सरकार ने सिन्धी समाज की सबसे बड़ी और पवित्र मानी जाने वाली लेह-लद्दाख सिन्धु दर्शन यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को ₹ 15 हजार प्रति व्यक्ति आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।
- सिन्धी समाज के तीर्थयात्री प्रत्येक वर्ष 23-26 जून को लेह-लद्दाख में सिन्धु दर्शन यात्रा पर जाते हैं।
  - ✓ *यह यात्रा 18 जून से जम्मू एवं कुरुक्षेत्र से प्रारम्भ होती है तथा 30 जून को इसका अधिकारिक समापन होता है।*
- वर्ष 1997 में भारत रत्न एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने सिन्धु दर्शन यात्रा की शुरुआत की थी।

## जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस

- 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' एक गैर-सरकारी संगठन है, जो प्रदेश में बाल विवाह की रोकथाम पर काम कर रहा है।
- वस्तुतः बाल विवाह की रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के बाद राजस्थान के नागरिक समाज संगठनों ने वर्ष 2030 तक राज्य से बाल विवाह समाप्त करने का संकल्प लिया है।
- इसके तहत् 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' के नेतृत्व में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान चलाया जाएगा।
- इस अभियान में 'जेआरसीए' के साथ 'एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन' और 'गायत्री सेवा संस्थान' जैसे संगठन शामिल हुए हैं।

## रोबोटिक डॉग

- पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में भारतीय सेना की बैटल एक्स डिविजन द्वारा 14-21 नवम्बर, 2024 को सैन्य अभ्यास किया।
- इस सैन्य अभ्यास में 50 से अधिक सैनिकों और 10 रोबोटिक डॉग्स ने हिस्सा लिया।
- रोबोटिक डॉग कहे जाने वाले इस यंत्र का पूरा नाम **'रोबोटिक मल्टी यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट' (MULE)** है।
- यह रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरा, हाई-रेजॉल्यूशन सेंसर और रडार से लैस हैं।
- 10 किलोमीटर की रेंज तक वाई-फाई और 4जी/एलटीई तकनीक से संचालित ये रोबोटिक डॉग्स बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन और ऊँचाई वाले इलाकों में हर बाधा को पार कर सकते हैं।

**सम्मान**

## एम्स जोधपुर

- एम्स जोधपुर को चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए **बेस्ट एक्स्ट्राम्यूरल इंस्टीट्यूट (मेडिकल कॉलेज)** के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- एम्स जोधपुर को यह पुरस्कार स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (DHR) और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (ICMR) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 'हेल्थ रिसर्च एक्सीलेंस समिट 2024' में नवम्बर 2024 में प्रदान किया गया।

# उत्तर प्रदेश / Uttar Pradesh

## उत्तर प्रदेश में पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस लॉन्च

- सार्वजनिक परिवहन और परिवहन सुविधाओं को बढ़ाने के प्रयासों के तहत उत्तर प्रदेश राज्य की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 10 नवम्बर, 2024 को किया गया।
  - ✓ *इस बस सेवा का शुभारम्भ लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आकांक्षा हाट कार्यक्रम के दौरान किया गया।*
- **महिलाओं को छूट की घोषणा** : मुख्यमंत्री ने डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए टिकट पर 50% की छूट की घोषणा की है।
  - ✓ *प्रत्येक शनिवार सुबह हेरिटेज रूट पर चलने वाली सेवाओं पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा सुविधा मिलेगी।*

## चित्रकूट में 800 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना को मंजूरी

- उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने बुंदेलखण्ड क्षेत्र में ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चित्रकूट में 800 मेगावाट के सोलर प्लांट की स्थापना को 22 नवम्बर, 2024 को मंजूरी दे दी है।
  - ✓ *वर्तमान में बुंदेलखण्ड में 4000 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर काम जारी है।*
- **परियोजना परिव्यय** : कुल परियोजना परिव्यय में से ₹ 204.57 करोड़ केन्द्र सरकार, ₹ 291 करोड़ जर्मन संस्था और ₹ 123.98 करोड़ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वहन किए जाएँगे।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की गई किस सांस्कृतिक संध्या शृंखला के तहत 29-30 नवम्बर, 2024 को अल्बर्ट हॉल, जयपुर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं? **कल्चरल डायरीज**
- राज्य का पहला एडवांस टेक्नोलॉजी का मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन कहाँ स्थापित किया गया है? **झालाना डूंगरी, जयपुर**
- चित्तौड़गढ़ में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी को अंकलीकर अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के अंतर्गत किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया? **आचार्य सन्मतिसागर पत्रकारिता पुरस्कार**
- कल्याणी स्वयं सहायता समूह का सम्बन्ध किस जिले से है, जिसके द्वारा निर्मित उत्पाद नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 14 दिवसीय 43वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में चर्चा में रहे? **पाल गांव, जोधपुर**
- राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में किस फिल्म को टैक्स फ्री किए जाने का निर्णय किया गया है? **द साबरमती रिपोर्ट**
- सर्वशक्तिमान अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन 28 नवम्बर, 2024 को कहाँ किया गया? **इन्द्रलोक सभा, जयपुर**
- किस जिला प्रशासन द्वारा नवम्बर 2024 में 'रास्ता खोलो अभियान' चलाया गया? **जयपुर**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान में किन रेलवे स्टेशनों पर 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र' का वर्चुअल शुभारम्भ 13 नवम्बर, 2024 को किया गया? **दुर्गापुरा (जयपुर), बाड़मेर एवं फालना**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस मिशन के तहत प्रदेश में भरतपुर, धौलपुर, चूरू, बूँदी, चित्तौड़गढ़, सिरोही, करौली तथा हनुमानगढ़ में क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का शिलान्यास 29 अक्टूबर, 2024 को किया? **पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन**
- पशुपालन एवं गोपालन द्वारा गौवंश के लिए आवारा शब्द के स्थान पर किस शब्द के प्रयोग के निर्देश जारी किए गए हैं? **निराश्रित या बेसहारा**
- राज्य सरकार द्वारा लगभग 45 लाख स्वयं सहायता समूह सदस्यों को आर्थिक सम्बल देने के क्रम में किस पोर्टल की शुरुआत की जाएगी? **राजसखी पोर्टल**
- राज्य में प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित होने वाले किस अभियान दिवस के अवसर पर गर्भवती महिलाओं को चिकित्सक या स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा विशेष स्वास्थ्य जाँच सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं? **प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान**
- जयपुर जिला प्रशासन द्वारा ओवरलोड, ओवर क्राउड वाहनों के साथ-साथ ड्राइविंग नियमों के विरुद्ध वाहन चालकों के विरुद्ध कौनसा अभियान चलाया जा रहा है? **कवच 4.0**
- उदयपुर में नवम्बर 2024 में आयोजित राजस्थान स्टेट पिकल बॉल चैम्पियनशिप में किस जिले की टीम ओवरऑल पदक विजेता रही? **जयपुर**
- किस खिलाड़ी ने प्लेऑफ में राशिद खान को हराकर ₹ 1 करोड़ की पुरस्कार राशि के 'जयपुर ओपन गोल्फ' का खिताब अपने नाम किया है? **सचिन बैसोया**
- राजस्थान पत्रिका के किस पत्रकार को कुलदीप नैय्यर समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है? **अरुण कुमार**
- दीपावली के अवसर पर दैनिक भास्कर के बाँसवाडा संस्करण ने फ्रंट पेज कपड़े का बनाया था। इस पर किस देवी का चित्र प्रिंट किया गया था? **माँ त्रिपुरा सुंदरी**
- अलवर जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से कौनसा उत्सव 25-27 नवम्बर, 2024 को आयोजित किया गया? **मत्स्य उत्सव**
- राजस्थान टेबल-टेनिस संघ और पैरा टेबल-टेनिस कमेटी के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पैरा टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 26-27 अक्टूबर, 2024 को कहाँ आयोजित हुई? **जोधपुर**
- राज्य सरकार में पूर्व मंत्री रहे हरसहाय मीणा का 31 अक्टूबर, 2024 को निधन हो गया। वर्ष 1980-85 में वह किस विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक रहे? **शाहबाद-किशनगंज**
- जयपुर नगर निगम हेरिटेज द्वारा जनाना अस्पताल का नाम माता यशोदा अस्पताल रखे जाने के साथ ही चांदपोल सर्किल का नया नाम क्या रख दिया है? **महर्षि वाल्मीकि सर्किल**

### हरियाणा

- हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा शासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए 'सुशासन पुरस्कार योजना 2024' अधिसूचित की गई है? **हरियाणा**

### बिहार

- बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की घोषणानुसार भागलपुर जिले के सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर किस हिंदू तीर्थस्थल के नाम पर रखा जाएगा? **अजगैबीनाथ धाम**
- बिहार और कर्नाटक के बाद अब भारत के किस दक्षिणी राज्य में जाति आधारित गणना करवाई जा रही है? **तेलंगाना**

OOO



# पुरस्कार एवं सम्मान

## डेनमार्क की विक्टोरिया कजेर थीलविग को मिस यूनिवर्स (2024) का खिताब

- वर्ष 2024 की (73वीं) मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता मैक्सिको सिटी में सम्पन्न हुई।
- डेनमार्क की 21 वर्षीय विक्टोरिया कजेर थीलविग (Victoria Kjaer Theilvig) ने इसका खिताब जीता।
- मैक्सिको सिटी के एरिना सीडीएमएक्स में 19 नवम्बर, 2024 को सम्पन्न फाइनल दौर में 120 से अधिक देशों की सुन्दरियों को पछाड़ते हुए उन्होंने यह खिताब जीता।
- मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने वाली डेनमार्क की वह पहली ही महिला हैं।



**मिस यूनिवर्स 2024 – विक्टोरिया कजेर**

- नाइजीरिया की चिडिम्मा एडेत्शिना (Chidimma Adetshina) को प्रथम उपविजेता व मिस मैक्सिको मारिया फर्नांडा बेल्ट्रान (Maria Fernanda Beltran) को द्वितीय उपविजेता इस प्रतियोगिता में घोषित किया गया।
- वर्ष 2023 की मिस यूनिवर्स शेयन्निस पेलेसिऑस ने नई यूनिवर्स विक्टोरिया कजेर को इस खिताब का ताज पहनाया।
- इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व अहमदाबाद की रिया सिंघा ने किया था, जो शीर्ष 30 सुन्दरियों में स्थान बनाने में सफल रहीं तथा इसके आगे नहीं बढ़ सकीं।

भारत की केवल 3 सुन्दरियों ने ही अब तक मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, इनमें सुष्मिता सेन (1994), लारा दत्ता (2000) तथा हरनाज संधू (2021) शामिल हैं।

## शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार-2023

- वर्ष 2023 के लिए शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार विश्व प्रसिद्ध पियानोवादक और कंडक्टर **डैनियल बारेनबोइम** (Daniel Barenboim) और फिलिस्तीनी शांति कार्यकर्ता अली अबू अव्वाद (Ali Abu Awwad) को 19 नवम्बर, 2024 को प्रदान किया गया।
- दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के जन्म दिवस पर नई दिल्ली में वर्चुअल तौर पर आयोजित कार्यक्रम में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट का यह पुरस्कार इन्हें प्रदान किया गया।
- यह प्रतिष्ठित पुरस्कार शांति और अहिंसा को बढ़ावा देने के उनके उल्लेखनीय प्रयासों को मान्यता देता है।
- विजेताओं का चयन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टी.एस. ठाकुर की अध्यक्षता वाली ज्यूरी ने किया।
- इससे पूर्व, पिछले वर्ष 2022 का यह पुरस्कार देश में कोविड योद्धाओं के प्रतिनिधि (Covid 19 Warriors) के रूप में चिकित्सकों के संघ **'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन'** (IMA) व नर्सों के संघ **ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया** (TNAI) को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया था।

### डैनियल पियानोवादक और अव्वाद फिलिस्तीनी शांति कार्यकर्ता

- डैनियल बारेनबोइम अर्जेंटीना में जन्मे एक प्रतिष्ठित शास्त्रीय पियानोवादक हैं।
  - ✓ *यह दुनिया के कुछ प्रमुख ऑर्केस्ट्रा के साथ प्रदर्शन और निर्देशन के लिए प्रसिद्ध हैं।*
  - ✓ *इन्होंने पश्चिम एशिया में सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संगीत का सहारा लिया।*
- वहीं, अली अबू अव्वाद एक प्रख्यात फिलिस्तीनी शांति कार्यकर्ता हैं।
  - ✓ *वह मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए फिलिस्तीन और इजराइल के लोगों के साथ अथक प्रयास कर रहे हैं।*

## बुकर पुरस्कार 2024

- ब्रिटेन की साहित्यकार सामंथा हार्वे को उनके उपन्यास 'ऑर्बिटल' के लिए साहित्य के क्षेत्र के प्रतिष्ठित वर्ष 2024 के बुकर पुरस्कार से लंदन में 12 नवम्बर, 2024 को सम्मानित किया गया।
- अंतरिक्ष पर आधारित उपन्यास 'ऑर्बिटल', अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों के दल की कहानी है जो दुनिया को एक अलग दृष्टिकोण से दर्शाती है।
- सामंथा हार्वे 2019 के बाद यह पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला हैं।
- इस पुरस्कार के तहत् 50 हजार पाउंड की राशि पुरस्कृत लेखक को प्रदान की गई।
- वर्ष 2024 के बुकर पुरस्कार हेतु जिन 6 पुस्तकों को अल्पसूचीबद्ध (Short List) किया गया था। अल्पसूचीबद्ध की गई 6 पुस्तकों की घोषणा 16 सितम्बर, 2024 को की गई थी। इन सभी के नाम निम्नलिखित हैं–

| लेखक | पुस्तक | देश |
|---|---|---|
| सामंथा हार्वे | ऑर्बिटल (Orbital) | यूके |
| पर्सीवल एवरेट | जेम्स (James) | यूएसए |
| राचेल कुशनेर | क्रिएशन लेक (Creation Lake) | यूएसए |
| ऐनी माइकल्स | हेल्ड (Held) | कनाडा |
| याएल वान डेर वूडेन | द सेफकीप (The Safekeep) | नीदरलैण्ड्स |
| चार्लोट वुड | स्टोन यार्ड डेवोशनल (Stone Yard Devotional) | ऑस्ट्रेलिया |

## (66वें) कालिदास सम्मान समारोह 2024

- 66वें अखिल भारतीय कालीदास समारोह का आयोजन 12-18 नवम्बर, 2024 को उज्जैन में किया गया।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस समारोह के मुख्य अतिथि थे।
- समारोह में वर्ष 2022 और 2023 के कालिदास सम्मान से 8 विशिष्टजन को सम्मानित किया गया।

**कालिदास अलंकरण से सम्मानित हस्तियाँ**

| | | |
|---|---|---|
| शास्त्रीय गायन के लिए | वर्ष 2022 | पं. उदय भावलकर (पुणे) |
| | वर्ष 2023 | पं. अरविंद पारीख (मुंबई) |
| शास्त्रीय नृत्य के लिए | वर्ष 2022 | डॉ. संध्या पुरेचा (मुंबई) |
| | वर्ष 2023 | गुरु कलावती देवी (मणिपुर) |
| कला और शिल्प के लिए | वर्ष 2022 | पी.आर. दारोच (दिल्ली) |
| | वर्ष 2023 | रघुपति भट्ट (मैसूर) |
| नाट्य के लिए | वर्ष 2022 | सुश्री भानु भारती (राजस्थान) |
| | वर्ष 2023 | रुद्रप्रसाद सेन गुप्ता (कोलकाता) |

## अनिल प्रधान रोहिणी नैय्यर पुरस्कार से सम्मानित

- 28 वर्षीय इंजीनियर और शिक्षाविद् तथा यंग टिंकर फाउंडेशन के सह-संस्थापक अनिल प्रधान को वर्ष 2024 का प्रतिष्ठित रोहिणी नैय्यर पुरस्कार प्रदान किया गया।
- उन्हें नवीन शिक्षण अनुभवों के साथ वंचित समुदायों के छात्रों को सशक्त बनाने तथा ग्रामीण युवाओं को STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्रों में अन्वेषण करने हेतु प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया।
- उनका उद्देश्य ग्रामीण छात्रों को STEM शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे नवाचार और समस्या-समाधान कौशल को विकसित कर सकें।

**रोहिणी नैय्यर पुरस्कार के बारे में**

- ☆ यह पुरस्कार अर्थशास्त्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व आईएएस अधिकारी रोहिणी नैय्यर की स्मृति में नैय्यर फाउंडेशन फॉर सोशल एण्ड इकोनॉमिक पर्पज द्वारा वर्ष 2021 में स्थापित किया गया है।
- ☆ यह पुरस्कार 40 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को दिया जाता है।
- ☆ इसके तहत् ₹10 लाख का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति-पत्र और एक ट्रॉफी शामिल है।

## इरास्मस प्राइज 2024

- प्रैमियम इरास्मियानम फाउंडेशन (The Praemium Erasmianum Foundation) द्वारा भारतीय लेखक अमिताव घोष को उनके जलवायु परिवर्तन पर लेखन के लिए इरास्मस प्राइज 2024 से सम्मानित किया गया है।
- उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान 'अकल्पनीय की कल्पना' विषय पर उनके भावुक योगदान के लिए मिला है, जिसमें वह अपने साहित्यिक कार्यों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के अभूतपूर्व वैश्विक संकट की खोज करते हैं।
- 'इरास्मस पुरस्कार' प्रति वर्ष किसी ऐसे व्यक्ति या संस्था को दिया जाता है जिसने यूरोप और उसके बाहर मानविकी, सामाजिक विज्ञान या कला के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया हो।
  - ✓ *इसके तहत् विजेता को 1,50,000 यूरो का नकद पुरस्कार दिया जाता है।*
- **अमिताव घोष की प्रसिद्ध पुस्तक—** द नटमेग्स कर्स, द ग्रेट डिरेंजमेंट, द शैडो लाइन्स, द हंग्री टाइड और इबिस ट्रिलॉजी आदि।

उल्लेखनीय है कि अमिताव घोष को उनके रचित उपन्यास 'द शैडो लाइंस' के लिए वर्ष 2018 के भारत के सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार (54वें) 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था।

## राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2024

- केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर, 2024 को राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2024 विजेताओं को सम्मानित किया।
- राष्ट्रीय गोकुल रत्न पुरस्कारों का उद्देश्य स्वदेशी जानवरों का पालन करने वाले किसान, एआई तकनीशियन और डेयरी सहकारी समितियाँ/दूध उत्पादक कम्पनियाँ/डेयरी किसान उत्पादक संगठन की पहचान करना है, जो पशुपालन और डेयरी के क्षेत्र में काम कर रहे हैं और उन्हें प्रोत्साहित करना है।
- यह पुरस्कार तीन श्रेणियों में निम्नलिखित को प्रदान किए गए–
- **स्वदेशी गाय/भैंस नस्लों का पालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान श्रेणी** के तहत् प्रथम पुरस्कार श्रीमती रेनू (झज्जर, हरियाणा) को, द्वितीय पुरस्कार देवेन्द्र सिंह परमार (शाजापुर, मध्य प्रदेश) को तथा तृतीय पुरस्कार श्रीमती सुरभि सिंह (बिजनौर, उत्तर प्रदेश) को प्रदान किया गया।
- **सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समाज/दुग्ध उत्पादक कम्पनी/ डेयरी किसान उत्पादक संगठन श्रेणी** में प्रथम पुरस्कार गैबट मिल्क प्रोड्यूसर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लि. (अरावली, गुजरात), द्वितीय पुरस्कार **प्रतापपुरा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि., प्रतापपुरा (भीलवाड़ा, राजस्थान)** तथा तृतीय पुरस्कार टीएनडी 208 वडापाथी एमपीसीएस लि. (कडलोर, तमिलनाडु) को प्रदान किया गया।

- **सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (एआईटी) श्रेणी** में प्रथम पुरस्कार भास्कर प्रधान (सुबरनापुर, ओडिशा) और **राजेंद्र कुमार (हनुमानगढ़, राजस्थान)** को, द्वितीय पुरस्कार **वीरेंद्र कुमार सैनी (हनुमानगढ़, राजस्थान)** को तथा तृतीय पुरस्कार वी अनिल कुमार (अन्नामैया, आंध्र प्रदेश) को प्रदान किया गया।
- विभाग द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के लिए एक विशेष पुरस्कार शामिल किया गया है।

पुरस्कार में प्रथम श्रेणी के लिए ₹5 लाख, द्वितीय श्रेणी के लिए ₹3 लाख तथा तृतीय श्रेणी के लिए ₹2 लाख की राशि प्रदान की जाती है।

## अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के वर्ष 2024 के पुरस्कार

- अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) के वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए अपने स्टार पुरस्कारों से 9 नवम्बर, 2024 को ओमान के मस्कट में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।
- भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश को वर्ष 2024 के एफआईएच हॉकी स्टार अवॉर्ड्स 2024 के तहत् क्रमशः 'प्लेयर ऑफ द ईयर' और 'गोलकीपर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- हरमनप्रीत का यह तीसरा FIH प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड है, इससे पहले उन्होंने 2021 और 2022 में लगातार जीत हासिल की थी। पिछले साल (2023) हार्दिक सिंह ने यह खिताब जीता था।
  - ✓ *भारतीय कप्तान को 63.84% वोट मिले, नीदरलैण्ड के जोप डी मोल 16.10% वोट शेयर के साथ दूसरे स्थान पर रहे।*
- पेरिस 2024 ओलम्पिक के बाद संन्यास की घोषणा करने वाले पीआर श्रीजेश ने 62.22 प्रतिशत स्कोर के साथ तीसरी बार गोलकीपर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता। उन्होंने इससे पहले 2021 और 2022 में यह अवॉर्ड जीता था।

**एफआईएच के वर्ष 2024 के पुरस्कार : एक नजर में**

| पुरुष वर्ग | |
|---|---|
| प्लेयर ऑफ द ईयर | हरमनप्रीत सिंह (भारत) |
| गोलकीपर ऑफ द ईयर | पीआर श्रीजेश (भारत) |
| राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर | सुफियान खान (पाकिस्तान) |
| कोच ऑफ द ईयर | जेरोइन डेलमी (नीदरलैण्ड) |
| अंपायर ऑफ द ईयर | स्टीव रोजर्स (ऑस्ट्रेलिया) |
| **महिला वर्ग** | |
| प्लेयर ऑफ द ईयर | यिब्बी जेनसन (नीदरलैण्ड) |
| गोलकीपर ऑफ द ईयर | ये जिओ (चीन) |
| राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर | ज़ो डियाज़ (अर्जेंटीना) |
| कोच ऑफ द ईयर | एलिसन अन्नान (चीन) |
| अंपायर ऑफ द ईयर | सारा विल्सन (स्कॉटलैण्ड) |

## बेलोन डी'ओर पुरस्कार 2024

- स्पेनिश फुटबॉल खिलाड़ी रोड्रिगो हर्नांडेज़ (रोड्री) वर्ष 2024 के बेलोन डि'ओर पुरस्कार के विजेता बने हैं।
- मैनचेस्टर सिटी के लिए खेलने वाले रोड्री वर्ष 1960 के बाद यह पुरस्कार जीतने वाले पहले स्पेनिश खिलाड़ी बने हैं।
- इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए अल्पसूचीबद्ध खिलाड़ियों में रियल मैड्रिड के लिए खेलने वाले विनिक्यूस जूनियर (ब्राजील) व जूड बेलिंघम (इंग्लैण्ड) शामिल थे, किन्तु इन्हें पीछे छोड़ते हुए रोड्री ने यह पुरस्कार जीता।
- वर्ष 2024 के लिए महिला फुटबॉलरों का **बैलोन डि'ओर फैमिनिन पुरस्कार** बार्सिलोना क्लब के लिए खेलने वाली स्पेन की **एइताना बोनमाती** को दिया गया है।
- यह लगातार दूसरा वर्ष है, जब यह पुरस्कार उन्हें दिया गया है।

**फ्रांस फुटबॉल पत्रिका के वर्ष 2024 के बेलोन डि'ओर 2024 व अन्य पुरस्कार : एक नजर में**

| | |
|---|---|
| **बैलोन डि'ओर (वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)** | रोड्री (स्पेन) |
| **बैलोन डि'ओर फेमिनिन (वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी)** | एइताना बोनमाती (स्पेन) |
| **कोपा ट्रॉफी (21 वर्ष से कम उम्र के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर)** | लामिने यमाल (स्पेन) |
| **याचिन ट्रॉफी (वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर)** | इमिलिआनो मार्टिनेज (अर्जेंटीना) |
| **गर्ड मुलर ट्रॉफी (वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष स्ट्राइकर)** | हेरी कने (इंग्लैण्ड) और केलियान एमबापे (फ्रांस) |
| **सुकरात पुरस्कार** | जेनिफर हेरमोसो (स्पेन) |
| **मेंस कोच ऑफ द ईयर (मेंस जोहान क्रूफ ट्रॉफी)** | कार्लो एंसेलोटी (इटली) |
| **वुमेंस कोच ऑफ द ईयर (वुमेंस जोहान क्रूफ ट्रॉफी)** | एमा हायेस (इंग्लैण्ड) |
| **मेंस क्लब ऑफ द ईयर** | रियल मैड्रिड |
| **वुमेंस क्लब ऑफ द ईयर** | बार्सिलोना फेमिनिन |

बैलोन डी'ओर एक वार्षिक फुटबॉल पुरस्कार है जो 1956 से फ्रांस फुटबॉल पत्रिका द्वारा पिछले सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

## शक्तिकांत दास को केन्द्रीय बैंकर पुरस्कार

- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका की पत्रिका 'ग्लोबल फाइनेंस' ने शीर्ष केन्द्रीय बैंकर का दर्जा दिया है।
- यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्हें विश्व स्तर पर शीर्ष केन्द्रीय बैंकर का दर्जा दिया गया है।



अवॉर्ड स्वीकार करते हुए शक्तिकांत दास

- 'ग्लोबल फाइनेंस' द्वारा अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक कार्यक्रम में शक्तिकांत दास को यह सम्मान दिया गया। दास को 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है।
- शक्तिकांत दास के अलावा डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्ज़रलैण्ड के थॉमस जॉर्डन को भी केन्द्रीय बैंकरों की 'ए प्लस' श्रेणी में स्थान दिया गया है।

पत्रिका ने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए श्रेणी 'ए' से 'एफ' के पैमाने पर रेटिंग दी गई। यहाँ 'ए' शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है जबकि 'एफ' पूरी तरह से विफलता को दर्शाता है।

## एसबीआई को सर्वश्रेष्ठ भारतीय बैंक का पुरस्कार

- वाशिंगटन में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के इतर आयोजित कार्यक्रम में अपने 31वें वार्षिक सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कार समारोह में ग्लोबल फाइनेंस ने वर्ष 2024 के लिए एसबीआई को भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक के पुरस्कार से सम्मानित किया।
- एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।
- बैंक को यह पुरस्कार असाधारण सेवाएँ प्रदान करने और अपने ग्राहकों का विश्वास जीतकर देशभर में वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के लिए मिला है।

# News InShort

## रोशडेल पायनियर्स अवॉर्ड-2024

- इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लि. (इफको) के प्रबन्ध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी को रोशडेल पायनियर्स अवॉर्ड 2024 प्रदान किया गया है।
- डॉ. वर्गीस कुरियन के बाद यह पुरस्कार पाने वाले डॉ. अवस्थी दूसरे भारतीय हैं।
- डॉ. कुरियन को वर्ष 2001 में यह पुरस्कार प्रदान किया गया था।
- वर्ष 2000 में स्थापित रोशडेल पायनियर्स पुरस्कार इंटरनेशनल कोऑपरेटिव अलायंस (ICA) द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।
- आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने 25 नवम्बर, 2024 को नई दिल्ली में आईसीए ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में एक विशेष समारोह के दौरान डॉ. अवस्थी को यह पुरस्कार प्रदान किया।

## 'द फैबल' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार

- ब्रिटेन में आयोजित 38वें 'लीड्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में **मनोज बाजपेयी द्वारा अभिनीत फिल्म 'द फैबल' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार** प्रदान किया गया है।
- लेखक-निर्देशक राम रेड्डी द्वारा निर्देशित फिल्म 'द फैबल' को **'कांस्टेलेशन फीचर फिल्म'** प्रतियोगिता में पुरस्कार मिला है।
- फिल्म 'द फैबल' को पिछले महीने एमएएमआई (मामी) मुंबई फिल्म फेस्टिवल (2024) में **स्पेशल जूरी पुरस्कार** भी मिला था।

## श्रीश्री रविशंकर को फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- दक्षिण प्रशांत देश फिजी ने **गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर** को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान **'ऑनरेरी ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी'** से सम्मानित किया है। फिजी के राष्ट्रपति राटू विलियामी एम. कटोनिवेरे ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।
- गुरुदेव को यह सम्मान उनके मानवीय भावना के उत्थान और शांति एवं सद्भाव के साथ विविध समुदायों को जोड़ने में उनके अथक योगदान के लिए दिया गया है।
- फिजी श्रीश्री रविशंकर को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार प्रदान करने वाला छठा देश बन गया है, जो उनके 'द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' के माध्यम से वैश्विक स्तर पर उनके मानवीय कार्यों के व्यापक दायरे को मान्यता देता है।

उल्लेखनीय है कि गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' के संस्थापक हैं।

## 5वाँ कुलदीप नैयर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार

- 5वें कुलदीप नैयर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार से पत्रकार और यूट्यूबर उर्मिलेश को सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार 15 नवम्बर, 2024 को गांधी शांति प्रतिष्ठान के सभागार में दिया गया।
- पुरस्कारस्वरूप उन्हें एक लाख रुपए की राशि, प्रशस्ति-पत्र, प्रतीक चिह्न प्रदान किए गए।
- उर्मिलेश ने 'शाने सहारे' से पत्रकारिता शुरू की, उन्होंने नवभारत टाइम्स, हिंदुस्तान, दैनिक भास्कर में काम किया और राज्यसभा टीवी के कार्यकारी संपादक भी रहे।
- पहला कुलदीप नैयर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार रवीश कुमार, दूसरा निखिल वागले, तीसरा अजित अंजुम और चौथा आरफा खानम शेरवानी को दिया गया था।

## डॉ. कुमार विश्वास को इलाहाबाद विवि की मानद उपाधि

- प्रख्यात कवि व साहित्यकार डॉ. कुमार विश्वास को इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने 27 नवम्बर, 2024 को मानद उपाधि से सम्मानित किया।
- इससे पहले यह सम्मान पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम एवं देश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन को दिया जा चुका है।
- इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 137 वर्षों की यात्रा में कुमार विश्वास यह सम्मान पाने वाले तीसरे व्यक्ति हैं।

ooo



# खेल परिदृश्य

## क्रिकेट / Cricket

### दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध भारतीय टीम ने टी-20 शृंखला 3-1 से जीती

- भारतीय क्रिकेट टीम ने नवम्बर 2024 में द. अफ्रीका के दौरे पर मेजबान टीम के विरुद्ध चार टी-20 मैचों की शृंखला खेली।
- 8-15 नवम्बर को विभिन्न शहरों में खेली गई यह शृंखला भारत 3-1 से जीतने में सफल रहा।
- इस शृंखला में भारत के तिलक वर्मा **प्लेयर ऑफ द सीरीज** चुने गए।
  - ✓ *तिलक वर्मा अन्तिम दोनों टी-20 मैचों में लगातार शतक लगाकर 5वें खिलाड़ी बने। इनसे पहले संजू सैमसन, फिल साल्ट, रिली रूसो व गुस्तोव मैकिओन यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।*
- इस शृंखला में भारतीय टीम का नेतृत्व सूर्यकुमार यादव ने किया, जबकि द. अफ्रीकी टीम के कप्तान एडन मार्कराम थे।

### न्यूजीलैण्ड ने टेस्ट सीरीज में भारत को 3-0 से हराया

- अक्टूबर-नवम्बर 2024 में भारत के दौरे पर रही न्यूजीलैण्ड क्रिकेट टीम ने तीन टेस्ट मैचों की शृंखला खेली।
- भारतीय टीम को अपने ही घर में न्यूजीलैण्ड के विरुद्ध क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा तथा भारतीय टीम 3-0 से हार गई।
- न्यूजीलैण्ड ने तीसरे और अन्तिम टेस्ट (1-5 नवम्बर, 2024) मुकाबले में भारत को सिर्फ ढाई दिन में 25 रन से शिकस्त दी।
- कीवी टीम ने तीन मैचों की शृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली, जो भारत में उसकी पहली सीरीज जीत है।
- न्यूजीलैण्ड ने बेंगलुरु में हुए पहले टेस्ट को 8 विकेट से जीता था। पुणे में हुए मुकाबले में कीवी टीम 113 रनों से विजयी रही थी।
- सीरीज में 244 रन बनाने वाले न्यूजीलैण्ड के विल यंग को **प्लेयर ऑफ द सीरीज** चुना गया।
- इस शृंखला में भारतीय टीम का नेतृत्व रोहित शर्मा ने किया, जबकि न्यूजीलैण्ड टीम के कप्तान टॉम लाथम थे।

## टेनिस / Tennis

### डेविस कप 2024

- इटली लगातार दूसरी बार पुरुषों के टीम टेनिस के डेविस कप का विजेता नवम्बर 2024 में बना है।
- वर्ष 2024 के डेविस कप के लिए फाइनल मुकाबला नीदरलैण्ड्स और इटली के मध्य स्पेन के मलागा में हुआ।
- इस मुकाबले में पहले एकल में इटली के मोटेओ बेरेटनी (Matteo Berrettini) ने नीदरलैण्ड्स के बोटिक वेन डी को हराकर 1-0 से बढ़त बना दी थी, दूसरे एकल में टेलॉन ग्रीक्सपूर को हराकर इटली के जेनिक सिनर (Jannik Sinner) ने इटली की 2-0 से विजय सुनिश्चित की।
- इस टूर्नामेंट में इटली की टीम लगातार दूसरी तथा कुल तीसरी बार विजेता बनी है।
- जबकि नीदरलैण्ड्स की टीम पहली बार डेविस कप के फाइनल में पहुँची थी।

124 वर्ष पूर्व शुरू हुए इस टूर्नामेंट को अब तक कुल 16 टीमों ने ही जीता है। इसमें सर्वाधिक 32 बार अमेरिका इसका विजेता रहा है।

### बिली जीन किंग कप 2024

- महिला टेनिस के वर्ष 2024 के बिली जीन किंग कप का आयोजन 14-20 नवम्बर, 2024 को स्पेन के मलागा में हुआ।
- 20 नवम्बर, 2024 को मलागा में खेले गए फाइनल मुकाबले में इटली ने स्लोवाकिया को 2-0 से हराकर 5वीं बार यह टूर्नामेंट जीता।
- इटली ने 11 वर्ष के बाद यह खिताब जीता है।
  - ✓ *इटली ने इससे पहले यह कप 2006, 2009, 2010, 2013 में जीता था।*
- इस टूर्नामेंट में 12 महिला टीमों ने भाग लिया।

☆ 12 अप्रैल, 2024 को शुरू हुए बिली जीन किंग कप का यह 61वाँ संस्करण था।
☆ बिली जीन किंग कप 2023 कनाडा ने इटली को हराकर जीता था।
☆ 2020-21 से पूर्व बिली जीन किंग कप को 'फेड कप' के नाम से जाना जाता था।

## पुरुषों का एटीपी टूर्स फाइनल्स (2024)

- सर्वोच्च रैंकिंग प्राप्त पुरुष खिलाड़ियों के लिए एटीपी के वर्ष 2024 के सत्रांत एटीपी टूर्स फाइनल्स का आयोजन ट्यूरिन (इटली) में 10-17 नवम्बर, 2024 को हुआ।
- एटीपी के इस वर्षांत टूर्नामेंट का एकल खिताब इटली के **जेनिक सिनर** (Jannik Sinner) ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज (Taylor Fritz) को हराकर जीता।
- युगल खिताब के लिए **केविन क्रावीट्ज़** और **टिम पुट्ज़** (दोनों जर्मन) की जोड़ी ने मार्सेलो एलेवेलो (Marcelo Arévalo) व मेटे पेविक (Mate Pavić) की जोड़ी को फाइनल में पराजित किया।

☆ एटीपी टूर्स फाइनल्स एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (ATP) सत्र का अन्तिम टूर्नामेंट होता है।
☆ यह प्रतिवर्ष नवम्बर माह में ही आयोजित होता है।
☆ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ 8 खिलाड़ी हार्ड कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट की एकल स्पर्द्धा में भाग लेते हैं, जबकि युगल स्पर्द्धा में 8 जोड़ियाँ टूर्नामेंट में शामिल की जाती हैं।
☆ वर्ष 2024 का उपर्युक्त आयोजन एकल खिताब हेतु 55वाँ तथा युगल खिताब हेतु 50वाँ आयोजन था।
☆ सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने एटीपी टूर्स फाइनल्स का एकल खिताब **सर्वाधिक 7 बार** जीता है।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स (2024) : कोको गॉफ बनी चैम्पियन

- विमेन्स टेनिस एसोसिएशन (WTA) के रियाद (सऊदी अरब) में सम्पन्न फाइनल्स में अमेरिका की कोको गॉफ एकल खिताब की विजेता रहीं।
- तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की 20 वर्षीय गॉफ ने चीन की झेंग क्विनवेन को हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स का एकल खिताब जीता।
- कोको गॉफ 10 वर्ष बाद चैम्पियन बनने वाली पहली अमेरिका खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले वर्ष 2014 में सेरेना विलियम्स ने यह खिताब जीता था।
- गॉफ वर्ष 2004 में मारिया शारापोवा के बाद यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनीं।
- **डब्ल्यूटीए फाइनल्स के युगल खिताब के लिए खेले गए फाइनल में** कनाडा की **गैबरीला डेब्रोवस्की** और न्यूजीलैण्ड की **इरीन रूटलिफे** की जोड़ी ने चेक गणराज्य की कैटरीना सिनिकोवा और अमेरिका की टेलर टाउनसेंड की जोड़ी को हराया।

☆ सत्र की अंतिम डब्ल्यूटीए चैम्पियनशिप में 8 शीर्ष खिलाड़ी एकल मुकाबले में व 8 सर्वश्रेष्ठ जोड़ी युगल मुकाबले में भाग लेती हैं।
☆ इस वर्ष की यह प्रतियोगिता एकल खिताब के मामले में 53वाँ तथा युगल खिताब के मामले में 48वाँ संस्करण था।

# मुक्केबाजी / Boxing

## अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

- भारत के युवा मुक्केबाजों ने कोलोराडो (यूएसए) में आयोजित पहले अंडर-19 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण सहित कुल 17 पदक जीते।
- इस चैम्पियनशिप का आयोजन 25 अक्टूबर-5 नवम्बर, 2024 को कोलोराडो के पुएब्लो कन्वेंशन सेंटर में किया गया।
- भारत की 19 सदस्यीय टीम, जिसमें 9 पुरुष और 10 महिलाएँ शामिल थीं, ने 4 स्वर्ण, 8 रजत और 5 कांस्य जीते।

### पदक विजेता

- **स्वर्ण पदक :** कृषा वर्मा (महिला-75 किग्रा.), पार्थवी ग्रेवाल (महिला-65 किग्रा.), वंशिका गोस्वामी (महिला-80+ किग्रा.), हेमंत सांगवान (पुरुष-90 किग्रा.)।
- **रजत पदक :** निशा (महिला-51 किग्रा.), सुप्रिया देवी थोकचोम (महिला-54 किग्रा.), कृतिका वासन (महिला-80 किग्रा.), चंचल चौधरी (महिला-48 किग्रा.), अंजलि सिंह (महिला-57 किग्रा.), विनी (महिला-60 किग्रा.), अकांक्षा फालस्वाल (महिला-70 किग्रा.), राहुल कुंडू (पुरुष-75 किग्रा.)।
- **कांस्य पदक :** ऋषि सिंह (पुरुष-50 किग्रा.), कृष्ण पाल (पुरुष-55 किग्रा.), सुमित (पुरुष-70 किग्रा.), आर्यन (पुरुष-85 किग्रा.), लक्ष्य राठी (पुरुष-90+ किग्रा.)।

पदक विजेताओं में से 11 खेलो इंडिया एथलीट थे, जिनमें से आठ ने भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र (NCOE) रोहतक में प्रशिक्षण लिया, जिसने कुल मिलाकर 10 पदक जीते। NCOE औरंगाबाद ने कृषा वर्मा द्वारा एक स्वर्ण का योगदान दिया।

## नीरज गोयत ने जीता सुपर मिडिलवेट खिताब

- वर्ल्ड बॉक्सिंग काउंसिल रैंकिंग में स्थान बनाने वाले पहले भारतीय बॉक्सर नीरज गोयत ने 15 नवम्बर, 2024 को एर्लींग्टन (टैक्सास, अमेरिका) के एटीएंडटी स्टेडियम में ब्राजील के विंडरसन नुन्स को हराकर सुपर मिडिलवेट फाइट जीती।
- उन्होंने छह राउंड में 60-54 के अंतर से जीत हासिल की।
- 33 वर्षीय नीरज की यह पिछली पाँच पेशेवर फाइट में चौथी जीत है।

## मनदीप जांगड़ा ने जीता सुपर फेदरवेट विश्व खिताब

- भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीत लिया।
- वह यह खिताब जीतने वाले पहले पेशेवर भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं।

## हॉकी / Hockey

### महिलाओं की एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी : भारत लगातार दूसरी बार विजेता

- बिहार के राजगीर में 11-20 नवम्बर, 2024 को सम्पन्न महिलाओं के (8वें) एशियाई चैम्पियनशिप कप हॉकी में फाइनल मुकाबला भारत व चीन की टीमों के मध्य हुआ।
- 20 नवम्बर, 2024 को राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गत विजेता भारत ने चीन को 1-0 से पराजित कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया।
- भारत ने तीसरी बार एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है, इससे पहले भारत ने वर्ष 2023 व 2016 में यह ट्रॉफी जीती थी।
- भारत और चीन के अलावा इस टूर्नामेंट में चार अन्य टीमें (जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और थाईलैण्ड) शामिल थीं।
- टूर्नामेंट में जापान ने मलेशिया को 4-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।
- **सर्वाधिक गोल स्कोरर** : इस टूर्नामेंट में भारत की दीपिका सहरावत ने सर्वाधिक **11 गोल** किए। जिसमें फाइनल मैच में विजयी गोल भी शामिल है।
- **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** : दीपिका सहरावत
- **सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी** : तान जिनझुआंग (चीन)
- **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर** : यू कुडो (जापान)
- **भारतीय महिला टीम की कप्तान** : सलीमा टेटे

बिहार सरकार ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी विजेता भारतीय महिला टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को ₹ 10 लाख का पुरस्कार देने की घोषणा की।

### पुरुषों की सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2024 : ओडिशा विजेता

- हॉकी इंडिया के तत्वावधान में पुरुषों की (14वीं) सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप का आयोजन तमिलनाडु में चेन्नई में 4-16 नवम्बर, 2024 को हुआ।
- इसका खिताब ओडिशा ने दो बार के चैम्पियन हरियाणा को 5-1 से हराकर जीता।
  - ✓ *ओडिशा टीम के लिए रजत आकाश तिर्की (1 गोल), प्रताप लाकड़ा (1 गोल) और शिलानंद लाकड़ा (तीन गोल) ने किए। हरियाणा की ओर से एकमात्र गोल जोगिंदर सिंह ने किया।*
- ओडिशा का इस टूर्नामेंट में यह पहला खिताब है।
- इस टूर्नामेंट में तीसरा व चौथा स्थान क्रमशः उत्तर प्रदेश व मणिपुर का रहा।

## तीरंदाजी / Archery

### ज्योति सुरेखा वेन्नम ने जीटी ओपन में जीता स्वर्ण पदक

- तीरंदाजी में वर्तमान एशियाई खेल की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने लक्जमबर्ग में जीटी ओपन 2024 में महिलाओं की कंपाउंड स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- जीटी ओपन में पहली बार खेलते हुए ज्योति वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम की सारा प्रिएल्स को 147-145 अंकों से हराकर खिताब जीता।
- इस प्रतियोगिता में अभिषेक वर्मा ने कंपाउंड स्पर्द्धा में रजत पदक जीता।

## बिलियर्ड्स/स्नूकर / Billiards/Snooker

### पंकज आडवाणी ने रिकॉर्ड 28वाँ वर्ल्ड खिताब जीता

- भारत के पंकज आडवाणी ने इंटरनेशनल बिलियर्ड्स व स्नूकर फेडरेशन (IBSF) दोहा में नवम्बर 2024 में सम्पन्न वर्ल्ड बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप अपने नाम की।
  - ✓ *उन्होंने रिकॉर्ड 28वीं बार वर्ल्ड बिलियर्ड्स का खिताब जीता है, वहीं उनका यह लगातार सातवाँ खिताब है।*
  - ✓ *आडवाणी ने पहला विश्व खिताब 2016 में जीता था। कोरोना महामारी के दौरान 2020 और 2021 में विश्व चैम्पियनशिप नहीं हुई थी।*
  - ✓ *बिलियर्ड्स में उनका 20वाँ वर्ल्ड खिताब है।*
- उन्होंने 9 नवम्बर को खेले गए फाइनल में इंग्लैण्ड के रोबर्ट हॉल (Robert Hall) को 4-2 से पराजित किया।

## शतरंज / Chess

### टाटा स्टील शतरंज इंडिया टूर्नामेंट

- दुनिया के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया टूर्नामेंट में एक राउंड शेष रहते हुए ब्लिट्ज खिताब जीतकर उल्लेखनीय डबल पूरा किया।
  - ✓ *मैग्नस कार्लसन ने रैपिड इवेंट जीतने के कुछ ही दिनों बाद ब्लिट्ज़ खिताब जीता है।*
  - ✓ *उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट रेपिड ओपन 13-15 नवम्बर, 2024 को तथा ब्लिट्ज ओपन 16-17 नवम्बर, 2024 को कोलकाता में सम्पन्न हुआ।*

- नॉर्वे के कार्लसन ने ब्लिट्ज ओपन में 13 अंक हासिल किए, वहीं अमेरिका के वेस्ले सो ने 11.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।
    - ✓ *भारत के अर्जुन एरिगैसी ने 10.5 अंक के साथ तीसरा, आर. प्रागनानंदा 9.5 अंकों के साथ चौथे तथा विदित गुजराती 9 अंक के साथ पाँचवें स्थान पर रहे।*
- महिलाओं की श्रेणी में टाटा स्टील शतरंज इंडिया रेपिड ओपन में रूस की अलेक्सेंद्रा गोरीक्षिना (Aleksandra Goryachkina) ने जीत दर्ज की। वहीं टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज ओपन रूस की ही कटेरिना लेग्नो (Kateryna Lagno) ने जीता।

## कुश्ती / Wrestling

### 37वीं विश्व सैन्य कुश्ती चैम्पियनशिप

- सीआईएसएम 37वीं विश्व सैन्य कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन 18-24 नवम्बर, 2024 को अर्मेनिया के येरेवन में किया गया।
- इस प्रतियोगिता में भारत ने 3 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीते।
- कुश्ती में भारत की **रीतिका हुड्डा** ने महिलाओं के 76 किग्रा. वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह भारत की दूसरी महिला हैं।
- भारत की **ज्योति सिहाग** ने महिलाओं के 55 किग्रा. वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- पुरुषों के 74 किग्रा. फ्रीस्टाइल श्रेणी में **जयदीप** ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, पुरुषों की 70 किग्रा. फ्रीस्टाइल वर्ग में **सूबेदार शरवन** ने रजत पदक जीता।
- **प्रियंका** ने 68 किग्रा. महिला वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।
- **शुभम** ने पुरुषों के 57 किग्रा. फ्रीस्टाइल वर्ग में और **चन्द्रमोहन** ने पुरुषों के 79 किग्रा. फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

भारत ने इस वर्ष पहली बार विश्व सैन्य चैम्पियनशिप में महिला दल भेजा।

### अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2024

- 21-27 अक्टूबर, 2024 को अल्बानिया के तिराना में अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन हुआ।
- इस चैम्पियनशिप में भारत ने 1 स्वर्ण, 1 रजत और 7 कांस्य सहित कुल 9 पदक जीते।
- भारत को एकमात्र स्वर्ण पदक चिराग चिंकारा ने पुरुषों के 57 किग्रा. भार वर्ग में दिलाया। इसी के साथ वह अमन सहरावत और रितिका हुड्डा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय पहलवान बने।
    - ✓ *अमन सहरावत ने वर्ष 2022 में पुरुषों के 57 किग्रा. और रीतिका हुड्डा ने वर्ष 2023 में महिलाओं की 76 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।*

**अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2024 : भारत के पदक विजेता**

| | | |
|---|---|---|
| चिराग चिंकारा | पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा | स्वर्ण |
| अंजली | महिला फ्रीस्टाइल 59 किग्रा | रजत |
| विश्वजीत मोरे | पुरुष ग्रीको रोमन 55 किग्रा | कांस्य |
| मोनिका | महिला फ्रीस्टाइल 59 किग्रा | कांस्य |
| नेहा शर्मा | महिला फ्रीस्टाइल 57 किग्रा | कांस्य |
| शिक्षा | महिला फ्रीस्टाइल 65 किग्रा | कांस्य |
| अभिषेक ढाका | पुरुष फ्रीस्टाइल 61 किग्रा | कांस्य |
| सुजीत | पुरुष फ्रीस्टाइल 70 किग्रा | कांस्य |
| विक्की | पुरुष फ्रीस्टाइल 97 किग्रा | कांस्य |

## स्क्वैश / Squash

### सुनील कुमार और अनाहत सिंह ने जीता सुनील वर्मा मेमोरियल टूर्नामेंट 2024

- भारत की अनाहत सिंह ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 24 नवम्बर, 2024 को मुंबई में सुनील वर्मा मेमोरियल टूर्नामेंट 2024 स्क्वैश टूर्नामेंट में वर्ष का अपना आठवाँ पीएसए चैलेंजर खिताब जीत लिया।
- पुरुषों का यह खिताब सुनील कुमार चंद ने जीता।
- शीर्ष वरीयता प्राप्त 16 वर्षीय अनाहत ने फाइनल में अपनी गैरवरीय हमवतन शमीना रियाज को 3-0 से हराया।
    - ✓ *अनाहत सिंह ने नवम्बर के पहले सप्ताह में कॉफ्स हार्बर में कोस्टा नॉर्थ कोस्ट ओपन में जीत के बाद पहली बार दुनिया की शीर्ष 100 में जगह बनाई थी। इसके अगले सप्ताह उन्होंने एनएसडब्ल्यू ओपन जीता।*
- मुंबई में जन्मे तीसरी वरीयता प्राप्त सुनील कुमार चंद ने शीर्ष वरीयता प्राप्त श्रीलंका के रविन्दु लक्सिरी को 3-0 से हराकर वर्ष का अपना तीसरा खिताब जीता।

## टेबल टेनिस / Table tennis

### डब्ल्यूटीटी फीडर काराकस टेबल टेनिस टूर्नामेंट

- भारत के हरमीत देसाई ने 3 नवम्बर, 2024 को वेनेजुएला में डब्ल्यूटीटी फीडर काराकस टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कृत्विका रॉय के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता।
- हरमीत ने फाइनल में फ्रांस के जो सेफ्रेड को 11-7, 11-8, 11-6 से पराजित किया।
- उन्होंने क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः चीन के निंग जियांगकुन और पुर्तगाल के जोआओ को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

- मिश्रित युगल खिताब के लिए फाइनल मुकाबले में हरमीत देसाई और कृत्विका रॉय की जोड़ी ने क्यूबा के जॉर्ज कैम्पोस और डेनिएला फोंसेका कैराज़ाना की जोड़ी को 3-2 से पराजित किया।
- कृत्विका रॉय का यह दूसरा डब्ल्यूटीटी फीडर युगल खिताब था, इससे पहले उन्होंने कैग्लियारी में यशस्विनी घोरपड़े के साथ महिला युगल खिताब जीता था।

## फॉर्मूला वन रेस / Formula-1 Race

### रेडबुल टीम के मैक्स वर्स्टापेन वर्ष 2024 के फॉर्मूला-1 रेसों के विश्व चैम्पियन : लगातार चौथे वर्ष खिताब के विजेता

- नीदरलैण्ड्स के फॉर्मूला-1 चालक मैक्स वर्स्टापेन (Max Verstappen) लगातार चौथे वर्ष फॉर्मूला-1 रेसों के विश्व चैम्पियन नवम्बर 2024 में बने हैं।
- 27 वर्षीय वर्स्टापेन ने वर्ष 2024 का यह खिताब वर्ष की दो रेस शेष रहते हुए ही 23 नवम्बर, 2024 की लास वेगास ग्रांप्री के पश्चात् अपने नाम कर लिया।
- वर्ष 2024 की कुल 24 रेसों में से 2 रेसों के शेष रहते ही अपने अंकों की कुल संख्या उन्होंने इतनी कर ली कि शेष दोनों रेसों के परिणाम उनकी नम्बर वन स्थिति को प्रभावित नहीं कर सकते।
- सत्र की 22 रेसों के बाद वर्स्टापेन के कुल 403 अंक हैं।
- उन्होंने लगातार चौथी बार फॉर्मूला-1 रेसों का खिताब अपने नाम किया है।
- इससे पूर्व 2021, 2022 व 2023 में फॉर्मूला-1 रेसों के विश्व चैम्पियन रह चुके हैं।

## विविध खेल / Misc Games

### चौथी राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैम्पियनशिप 2024

- अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (USFI) फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 14-17 नवम्बर, 2024 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली में चौथी राष्ट्रीय फिनस्विमिंग चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन किया गया।
- पश्चिम बंगाल के तैराकों ने चौथी राष्ट्रीय फिनस्विमिंग में कुल 151 पदकों के साथ टीम चैम्पियनशिप का ताज अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल ने 67 स्वर्ण, 43 रजत और 41 कांस्य पदक जीते।
- उपविजेता कर्नाटक के तैराकों ने 17 स्वर्ण, 18 रजत और 15 कांस्य सहित कुल 50 पदक जीते। वहीं 21 पदकों (8 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य) के साथ उत्तराखण्ड को तीसरा स्थान मिला।
- इस आयोजन में 26 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 1500 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### एशियाई यूथ क्लाइंबिंग चैम्पियनशिप में जोगा पूर्ति को रजत पदक

- एशियाई यूथ क्लाइंबिंग चैम्पियनशिप में भारत की जोगा पूर्ति ने महिलाओं की अंडर-18 स्पीड क्लाइंबिंग स्पर्द्धा में रजत पदक जीता है।
- उन्होंने 18 नवम्बर, 2024 को जमशेदपुर में 8.89 सेकंड के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।
- प्रतियोगिता का स्वर्ण इंडोनेशिया की अनिंदा क़लबी अर्शिला ने और कांस्य पदक दक्षिण कोरिया की जिमिन हवांग ने जीता।

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग चैम्पियनशिप में भारत को शीर्ष स्थान

- 9-13 नवम्बर, 2024 को नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।
- इसका आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल महासंघ (एफआईएसयू) द्वारा किया गया था।
- इस टूर्नामेंट में भारत ने 10 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य पदक सहित कुल 26 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। चेक गणराज्य और इटली क्रमश दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग चैम्पियनशिप में पुरुषों की स्कीट स्पर्द्धा में भवतेग सिंह गिल ने **स्वर्ण पदक** जीता और इस प्रतियोगिता में भारत को एकमात्र व्यक्तिगत स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने अन्य 9 स्वर्ण पदक टीम स्पर्द्धाओं में जीते।
- टूर्नामेंट में भारत के लिए व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं में **रजत पदक** समित रमेशभाई मोराडिया (10 मी. एयर राइफल-पुरुष), एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (50 मी. राइफल 3 पॉजिशंस-पुरुष), आकाश भारद्वाज (10 मी. एयर पिस्टल-पुरुष), पलक गुलिया (10 मी. एयर पिस्टल-महिला) व नीरू (ट्रैप-महिला) ने जीते।
- भारत के लिए व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं में **कांस्य पदक** अभय सिंह सेखोन (स्कीट-पुरुष), अर्शदीप कौर (10 मी. एयर पिस्टल-महिला), सिमरनजीत कौर बरार (25 मी. पिस्टल-महिला), कीर्ति गुप्ता (ट्रैप-महिला) व यशस्वी राठौड़ (स्कीट-महिला) ने जीते।

पिछले संस्करण में, भारतीय दल ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीते थे।

### एशिया पिकलबॉल गेम्स 2024

- भारतीय खिलाड़ियों ने एशिया पिकलबॉल गेम्स 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीते।
- इसका आयोजन एशिया फेडरेशन ऑफ पिकलबॉल और चीनी ताइपे पिकलबॉल एसोसिएशन द्वारा किया गया था, जिसमें भारत, ताइवान, सिंगापुर, जापान, चीन, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया और मलेशिया के शीर्ष खिलाड़ी शामिल थे।

- भारत के नितिन कृताने ने 50+ ओपन पुरुष एकल में स्वर्ण जीता, जबकि विशाल जाधव ने 35+ ओपन पुरुष एकल में रजत पदक जीता।
- महिलाओं के एकल 4.0 श्रेणी में, खुशी सचदेवा और श्रद्धा दमानी ने क्रमशः 19+ और 35+ आयु वर्ग में रजत पदक जीते। संदीप तावड़े ने भी 50+ पुरुष एकल 4.0 श्रेणी में रजत पदक जीता।
- युगल में, नितिन कृताने और संदीप तावड़े ने 50+ ओपन पुरुष युगल में स्वर्ण जीता। वंशिक कपाड़िया और तेजस महाजन ने 19+ ओपन पुरुष युगल में जबकि वंशिक कपाड़िया और वृषाली ठाकरे ने 19+ ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण जीता।
- विशाल जाधव और ईशा लखानी ने भी 35+ ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता।

### पिकलबॉल

- पिकलबॉल एक मजेदार खेल है जो टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के तत्वों को मिलाता है। इसे एक पैडल और छेदों वाली प्लास्टिक की गेंद के साथ खेला जाता है, जो बैडमिंटन कोर्ट के समान एक कोर्ट पर खेला जाता है।

## चर्चित खिलाड़ी / Players In News

### हरभजन सिंह व सानिया मिर्जा दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के राजदूत नियुक्त

- दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा सहित चार वैश्विक खेल हस्तियों को अपना खेल राजदूत नियुक्त किया है।
- इस पहल का उद्देश्य दुबई की वैश्विक खेल स्थल के रूप में प्रतिष्ठा को बढ़ाना और इसके खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है।
- 12 नवम्बर, 2024 को दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर में आयोजित 'दुबई स्पोर्ट्स रिट्रीट' कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की गई।
- हरभजन सिंह और सानिया मिर्जा के अलावा अन्य खेल राजदूतों में रूसी यूएफसी चैम्पियन **खबीब नूरमगोमेदोव** और फ्रांसीसी फुटबॉलर **पैट्रिस इवरा** शामिल हैं।

### मनिका बत्रा

- मनिका बत्रा ने फ्रांस में डब्ल्यूटीटी चैम्पियंस मोंटपेलियर 2024 टूर्नामेंट में भारतीय टेबल टेनिस में इतिहास रचा।
- मणिका डब्ल्यूटीटी चैम्पियंस कप के क्वार्टर फाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय बन गईं।
- हालांकि वह 28 अक्टूबर, 2024 को क्वार्टर फाइनल में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की कियान तियानी से 3-0 (11-8, 11-8, 12-10) से हार गईं। लेकिन वह मोंटपेलियर से डब्ल्यूटीटी चैम्पियंस टूर्नामेंट में शीर्ष 8 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी के रूप में सफल रहीं।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- आईसीसी द्वारा 26 नवम्बर, 2024 को जारी ताजा टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष स्थान किसे मिला है? **जसप्रीत बुमराह**
- 14 ओलम्पिक पदक जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल तैराक, जिसने हाल ही में संन्यास लेने की घोषणा की? **एमा मैकियोन**
- एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारतीय एथलीट, जिसने जापान के हैचीओजी लंबी दूरी की दौड़ स्पर्द्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता? **गुलवीर सिंह**
- हाल ही में आईसीसी पुरुष टी-20 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में किस खिलाड़ी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है? **हार्दिक पाण्ड्या (भारत)**
- भारतीय रेसलर बजरंग पुनिया को डोपिंग टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार करने के कारण कितने वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया है? **चार वर्ष**
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स और पैरा गेम्स का आयोजन अप्रैल 2025 में कहाँ किया जाएगा? **बिहार**
- कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में किस पूर्व दिग्गज भारतीय महिला क्रिकेटर के नाम पर स्टैण्ड का नाम रखा जाएगा? **झूलन गोस्वामी**
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान जिन्हें हाल ही में आन्ध्र क्रिकेट एसोसिएशन (ACA) ने महिला क्रिकेट संचालन का मेंटर नियुक्त किया है? **मिताली राज को**
- किस भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने स्क्वैश व्हाइट ओक्स कप के फाइनल में कनाडा के एस एल्टॉर्गमैन को हराकर खिताब जीता? **वीर चोटरानी**
- कोस्टारिका में कोलंबिया के स्क्वैश खिलाड़ी रोनाल्ड पालोमिनी ने किसे पराजित कर एमएससीसी कोस्टारिका ओपन 2024 का खिताब जीता? **वीर चोटरानी (भारत)**
- 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में एकल में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय टेनिस खिलाड़ी जिसने हाल ही में पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की– **प्रजनेश गुणेश्वरन**
- ओलम्पिक चैम्पियन ट्रायथलीट एलिस्टर ब्राउनली ने हाल ही में संन्यास लेने की घोषणा की, इनका सम्बन्ध किस देश से है? **ब्रिटेन**
- आईसीसी ने अक्टूबर 2024 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ (पुरुष) किसे चुना है? **नोमान अली (पाकिस्तान)**
- आईसीसी ने अक्टूबर 2024 के लिए महिलाओं में प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना है? **एमेलिया केर (न्यूजीलैण्ड)**
- महिला फीफा वर्ल्ड कप 2027 की मेजबानी किसे सौंपी गई है? **ब्राजील**
- नवम्बर 2024 में किस महिला गोल्फर ने जापान क्लासिक महिला गोल्फ खिताब जीता? **रियो ताकेदा**
- हाल ही में किस महिला क्रिकेटर ने वनडे क्रिकेट में मिताली राज का सर्वाधिक 7 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ा है? **स्मृति मंधाना**



# अद्यतन सामान्य ज्ञान

## निर्वाचन/नियुक्तियाँ/मनोनयन

### के. संजय मूर्ति : भारत के नए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के. संजय मूर्ति को भारत के नए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (Comptroller and Auditor General of India) के तौर पर 21 नवम्बर, 2024 को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- हिमाचल प्रदेश कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी के. संजय मूर्ति ने इस पद पर गिरीश चंद मुर्मू का स्थान लिया है।
- इससे पहले, श्री मूर्ति शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग में सचिव थे।

> ☆ नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत एक संवैधानिक निकाय है।
> ☆ सीएजी का कार्यकाल छह वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होता है।

### हर्षवर्धन अग्रवाल : फिक्की के अध्यक्ष नियुक्त

- देश के सबसे बड़े उद्योग निकाय भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने 2024-25 के लिए इमामी लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हर्षवर्धन अग्रवाल को नया अध्यक्ष चुना है।
- उन्होंने 21 नवम्बर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित फिक्की की 97वीं वार्षिक आम बैठक के समापन पर अपना कार्यभार ग्रहण किया।
- उन्होंने इस पद पर महिंद्रा एण्ड महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक डॉ. अनीश शाह का स्थान लिया है।

### भारत आईएसए का अध्यक्ष नियुक्त

- अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) असेंबली ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में चल रहे 7वें सत्र में 4 नवम्बर, 2024 को वर्ष 2024-2026 की दो वर्ष की अवधि के लिए अपने अध्यक्ष और सह-अध्यक्ष का चुनाव किया।
- इसमें भारत अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र दावेदार था, जबकि सह-अध्यक्षता के लिए फ्रांस और ग्रेनेडा के बीच हुए प्रतिस्पर्द्धा में फ्रांस को सह-अध्यक्ष चुना गया।
- अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन असेंबली के प्रक्रिया नियमों में अध्यक्ष, सह-अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के चुनाव का प्रावधान है।

**आईएसए के उपाध्यक्ष पद पर चयन**

- **अफ्रीका क्षेत्र :** घाना और सेशेल्स
- **एशिया और प्रशांत क्षेत्र :** ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका
- **यूरोप और अन्य क्षेत्र :** जर्मनी और इटली
- **लैटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र :** ग्रेनेडा और सूरीनाम

**आईएसए का महानिदेशक**

- विश्व बैंक के ऊर्जा विशेषज्ञ आशीष खन्ना को आईएसए का अगला महानिदेशक चुना गया।
- 2021 से गठबंधन का नेतृत्व कर रहे अजय माथुर का महानिदेशक के रूप में कार्यकाल 14 मार्च, 2025 को समाप्त होगा, तदुपरांत खन्ना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### राजेश कुमार सिंह : देश के नए रक्षा सचिव नियुक्त

- केरल कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने 1 नवम्बर, 2024 को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में रक्षा सचिव का पदभार ग्रहण किया।
- उन्होंने 20 अगस्त, 2024 को विशेष कार्य अधिकारी (रक्षा सचिव) का पदभार ग्रहण किया था।
- राजेश कुमार सिंह ने इस पद पर **गिरिधर अरमाने** का स्थान लिया है।

### जस्टिस बीआर गवई : राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

- सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश बीआर गवई (भूषण रामकृष्ण गवई) राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष नवम्बर 2024 में नियुक्त किए गए हैं।
- उनकी नियुक्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा-3 के तहत् मंजूरी दी।
- उनकी यह नियुक्ति 11 नवम्बर, 2024 से प्रभावी हुई है।
- नालसा का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों को मुफ्त और सुलभ न्यायिक सहायता उपलब्ध कराना है।

> सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नालसा के संरक्षक होते हैं और दूसरी सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश कार्यकारी अध्यक्ष होते हैं।

**अन्य प्रमुख नियुक्तियाँ : एक नजर में**

- **अरविंदर सिंह साहनी :** चेयरमैन, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC); नियुक्ति : 13 नवम्बर, 2024
- **दीपक अग्रवाल :** प्रबन्ध निदेशक, नेशनल एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (NAFED); नियुक्ति : अक्टूबर 2024
  - ✓ *1958 में स्थापित NAFED, भारतीय कृषि क्षेत्र में एक सहकारी विपणन संगठन के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।*
  - ✓ *इसका उद्देश्य भारतीय किसानों के कल्याण को बढ़ावा देना है।*
  - ✓ *यह संगठन कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के मार्गदर्शन में कार्य करता है और मुख्य कृषि वस्तुओं के मूल्य स्थिरीकरण में सहायता करता है।*

## अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### हरिणी अमरसूर्या बनीं श्रीलंका की प्रधानमंत्री

- श्रीलंका के संसदीय चुनाव में अपनी पार्टी की भारी जीत के पश्चात् राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने 18 नवम्बर, 2024 को 21 सदस्यीय नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई।
- श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने हरिणी अमरसूर्या को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है।
  - ✓ *प्रधानमंत्री हरिणी के पास शिक्षा, उच्च शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा की भी जिम्मेदारी होगी।*
- अमरसूर्या ने श्रीलंका के 16वें प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। वह श्रीलंका में प्रधानमंत्री पद पर काबिज होने वाली तीसरी महिला हैं।
  - ✓ *उनसे पहले सिरिमाओ भंडारनायके (3 बार) और चंद्रिका कुमारतुंगा (1 बार) देश की महिला प्रधानमंत्री रह चुकी हैं।*

### आईसीसी ने श्रीलंका के सुमति धर्मवर्धने को एसीयू का नया स्वतंत्र अध्यक्ष नियुक्त किया

- अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 30 अक्टूबर, 2024 को श्रीलंका के सुमति धर्मवर्धने को अपनी भ्रष्टाचार रोधी इकाई (ACU) का नया स्वतंत्र अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- उन्होंने अपना कार्यभार 1 नवम्बर, 2024 को ग्रहण किया।
- धर्मवर्धने को सर रोनी फ़्लानागन की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया है।
  - ✓ *फ़्लानागन 14 साल तक इस महत्वपूर्ण पद पर रहे।*
- धर्मवर्धने ने इंटरपोल तथा संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के साथ भी काम किया है। वह खेलों में भ्रष्टाचार के मामलों की जाँच भी कर चुके हैं।

**नवम्बर 2024 में पद ग्रहण करने वाले राष्ट्राध्यक्ष/प्रधानमंत्री**

- **डूमा बोको (Duma Boko)** : राष्ट्रपति, बोत्सवाना ; (पद ग्रहण : 1 नवम्बर, 2024)
- **एलिक्स डिडियर फिल्स-ऐमे (Alix Didier Fils-Aimé)** : कार्यवाहक प्रधानमंत्री, हैती (पद ग्रहण : 10 नवम्बर, 2024)
- **नेकामा लालाबालावू (Naiqama Lalabalavu)** : राष्ट्रपति, फ़िजी (पद ग्रहण : 12 नवम्बर, 2024)
- **नवीन रामगुलाम (Navin Ramgoolam)** : प्रधानमंत्री, मॉरिशस (पद ग्रहण : 13 नवम्बर, 2024)
- **अब्दुलये मेएगा (Abdoulaye Maïga)** : कार्यवाहक प्रधानमंत्री, माली (पद ग्रहण : 21 नवम्बर, 2024)

## निधन

### मशहूर सारंगी वादक पं. राम नारायण का निधन

- महान सारंगी वादक पंडित राम नारायण का 96 वर्ष की आयु में 9 नवम्बर, 2024 को निधन हो गया।
- पं. राम नारायण एक ऐसे भारतीय संगीतकार थे, जिन्होंने हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में एकल संगीत वाद्य के रूप में सारंगी को लोकप्रिय बनाया और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले सफल सारंगी वादक बने।



पं. राम नारायण

- उनका जन्म 25 दिसम्बर, 1927 को राजस्थान के उदयपुर के पास स्थित आमेर नामक गाँव में हुआ था।
- उन्होंने अपने बड़े भाई चतुर लाल, जो तबला वादक थे, के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप में अपना पहला अन्तर्राष्ट्रीय दौरा किया।
- **पुरस्कार एवं सम्मान** : पद्मश्री (1976), पद्म भूषण (1991), पद्म विभूषण (2005)। इसके अलावा संगीत नाटक अकादमी, मध्य प्रदेश सरकार का कालिदास सम्मान सहित भारतीय संगीत में उनके योगदान के लिए कई पुरस्कार मिले।
- वर्ष 2007 में, उनकी जीवनी पर आधारित 'पंडित रामनारायण-सारंगी के संग' नामक फिल्म भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में प्रदर्शित की गई थी।

**अन्य दिवंगत हस्तियाँ**

- **जस्टिस हरजीत सिंह बेदी** : सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं मुम्बई हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश
  - ✓ ***निधन** : 21 नवम्बर, 2024; आयु : 78 वर्ष*
  - ✓ *2012 में, न्यायमूर्ति बेदी को गुजरात में कथित फर्जी मुठभेड़ों के मामलों की जाँच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा निगरानी प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।*

- **उमा दास गुप्ता** : बंगाली अभिनेत्री
  - ✓ ***निधन** : 18 नवम्बर, 2024; आयु : 84 वर्ष*
  - ✓ *इन्होंने 1955 में सत्यजीत रे की बंगाली भाषा की फिल्म 'पाथेर पांचाली' में 'दुर्गा' की भूमिका निभाई थी।*
  - ✓ *पाथेर पांचाली फिल्म बंगाल के दिग्गज लेखक बिभूतिभूषण बंधोपाध्याय के वर्ष 1929 में लिखे गए पाथेर पांचाली उपन्यास पर आधारित थी।*
- **वरदराओ कमलाकर राव** : प्रसिद्ध मृदंगम कलाकार
  - ✓ ***निधन** : 11 नवम्बर, 2024; आयु : 88 वर्ष*
  - ✓ *वह केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और राष्ट्रपति पदक से सम्मानित थे।*
- **महेन्द्र सिंह मेवाड़** : भाजपा के पूर्व सांसद और मेवाड़ शाही परिवार के सदस्य
  - ✓ ***निधन** : 10 नवम्बर, 2024; आयु : 83 वर्ष*
  - ✓ *महेन्द्र सिंह मेवाड़ 16वीं शताब्दी के राजपूत राजा महाराणा प्रताप के वंशज थे, जिन्होंने 1597 में अपनी मृत्यु तक मेवाड़ पर शासन किया था।*
  - ✓ *महेन्द्र सिंह मेवाड़ 1989 में भाजपा के टिकट पर चित्तौड़गढ़ सीट से लोकसभा के लिए चुने गए।*
  - ✓ *महेन्द्र सिंह मेवाड़ के बेटे विश्वराज सिंह मेवाड़ राजसमंद जिले की नाथद्वारा सीट से बीजेपी विधायक हैं तथा उनकी बहू महिमा कुमारी मेवाड़ राजसमंद से बीजेपी सांसद हैं।*
- **दिल्ली गणेश** : तमिल अभिनेता
  - ✓ ***निधन** : 9 नवम्बर, 2024; आयु : 80 वर्ष*
  - ✓ *उन्होंने तमिल, तेलुगु, मलयालम में 400 से अधिक फिल्में कीं।*
- **हरिदर सिंह सोढी (एचएस सोढी)** : भारत के पूर्व दिग्गज पोलो खिलाड़ी
  - ✓ ***निधन** : 9 नवम्बर, 2024; आयु : 86 वर्ष*
  - ✓ *पोलो जगत में वह बिली सोढ़ी के नाम से लोकप्रिय थे।*
  - ✓ *खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित।*
  - ✓ *1980 के मास्को ओलम्पिक में भारतीय घुड़सवारी टीम का प्रबंधन किया।*
  - ✓ *उनके छोटे भाई, रविंदर सिंह सोढ़ी, अर्जुन पुरस्कार विजेता पोलो खिलाड़ी हैं।*
- **शारदा सिन्हा** : प्रसिद्ध लोक गायिका
  - ✓ ***निधन** : 5 नवम्बर, 2024; आयु : 72 वर्ष (कैंसर के कारण निधन)*
  - ✓ *शारदा सिन्हा को 'बिहार की कोकिला' नाम से भी जाना जाता था।*
  - ✓ *वह विशेष रूप से छठ पूजा के दौरान अपने गानों के लिए प्रसिद्ध थीं।*
  - ✓ *उनकी प्रतिभा और योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 1991 में पद्मश्री तथा वर्ष 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित किया।*
  - ✓ *2000 में, उन्हें संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी मिला ।*
- **रोहित बल** : भारतीय फैशन डिजाइनर।
  - ✓ ***निधन** : 1 नवम्बर, 2024; आयु : 63 वर्ष*
- **बिबेक देबरॉय** : प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष और अर्थशास्त्री।
  - ✓ ***निधन** : 1 नवम्बर, 2024; आयु : 69 वर्ष*
  - ✓ *वह एक प्रमुख भारतीय अर्थशास्त्री और लेखक थे, जो भारत में आर्थिक नीति और अनुसंधान में अपने व्यापक योगदान के लिए जाने जाते थे।*
  - ✓ *साहित्य और शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए 2015 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया।*
- **न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी** : कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश
  - ✓ ***निधन** : 28 अक्टूबर, 2024; आयु : 98 वर्ष*
  - ✓ *पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति के एस पुट्टस्वामी ने 2017 में उच्चतम न्यायालय से निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अगस्त 2017 में एक ऐतिहासिक फैसले में, 9 न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि निजता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा) के तहत एक मौलिक अधिकार है।*
- **आशीष खान देव शर्मा** : सरोद वादक और ग्रैमी पुरस्कार के नामित
  - ✓ ***निधन** : 14 नवम्बर, 2024; (कैलिफोर्निया, अमेरिका) आयु : 85 वर्ष*
  - ✓ *आशीष खान को 2006 में संगीत एल्बम 'गोल्डन स्ट्रिंग्स ऑफ द सरोदे' के लिए 'सर्वश्रेष्ठ पारंपरिक विश्व संगीत एल्बम' श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था।*
  - ✓ *वर्ष 2005 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित किया गया।*
  - ✓ *वह रॉयल एशियाटिक सोसायटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एण्ड आयरलैण्ड के अध्येता बनने वाले पहले भारतीय संगीतकार थे।*
  - ✓ *वह संगीत के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध मैहर घराने के संस्थापक उस्ताद अलाउद्दीन खाँ के पौत्र थे।*
  - ✓ *उन्होंने 2006 में खुद को हिंदू बताते हुए अपने नाम के आगे देब शर्मा जोड़ना शुरू कर दिया था।*

## चर्चित व्यक्ति

### पंजाबी गायक शुभ संयुक्त राष्ट्र के 'ग्लोबल जलवायु ब्रांड एम्बेसडर' बने

- मशहूर पंजाबी संगीतकार एवं रैपर-गायक शुभनीत सिंह (शुभ) को संयुक्त राष्ट्र ने 20 नवम्बर, 2024 को यूएनएफसीसीसी डिजिटल क्लाइमेट लाइब्रेरी (DCL) का ग्लोबल एम्बेसडर नियुक्त किया गया है।

- संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) ने अजरबैजान की राजधानी बाकू में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में यह घोषणा की।
- कनाडा में रहने वाले 28 वर्षीय गायक शुभ ग्लोबल एम्बेसडर के रूप में जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता और स्थायी समाधानों को बढ़ावा देंगे।
- वह अब लियोनार्डो डिकैप्रियो, डेविड बेकहम, कोल्डप्ले, बीटीएस, बिली इलिश, डॉन चीडल, शैलेन वुडली, प्रिंस हैरी और मेघन मार्कल जैसी हस्तियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जो जलवायु परिवर्तन पहल पर UNFCCC के साथ सहयोग करते हैं।

UNFCCC, पृथ्वी की जलवायु प्रणाली में ग्रीनहाउस गैस के कंसंट्रेशन यानी सांद्रता को कम करने के लिए एक वैश्विक पर्यावरण संधि है।

### पंकज त्रिपाठी : अरुणाचल रंग महोत्सव 2024 के महोत्सव राजदूत नियुक्त

- भारतीय सिनेमा और प्रदर्शन कला में उनके योगदान के लिए बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी को प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय थिएटर महोत्सव 'अरुणाचल रंग महोत्सव 2024' के लिए महोत्सव राजदूत नियुक्त किया गया है।
- अरुणाचल रंग महोत्सव का आयोजन 29 नवम्बर से 5 दिसम्बर, 2024 तक किया जाएगा।

### सोनू सूद : थाईलैण्ड के लिए ब्रांड एम्बेसडर

- थाईलैण्ड के पर्यटन और खेल मंत्रालय ने सोनू सूद को देश का ब्रांड एम्बेसडर और 'मानद पर्यटन सलाहकार' के रूप में नियुक्त किया है।
- इसके लिए उन्हें एक विशेष प्रमाण-पत्र भी दिया गया।
- सोनू सूद को कोविड-19 महामारी के दौरान उनकी परोपकारी कार्यों के लिए व्यापक पहचान मिली थी।

## चर्चित स्थल

### असम के करीमगंज का नाम बदलकर 'श्रीभूमि' हुआ

- असम सरकार ने 21 नवम्बर, 2024 को एक अधिसूचना जारी कर करीमगंज जिले और करीमगंज शहर का नाम क्रमशः श्रीभूमि और श्रीभूमि टाउन रखा है।
- असम मंत्रिमंडल ने 20 नवम्बर को बांग्लादेश की सीमा से लगे बराक घाटी इलाके के करीमगंज जिले का नाम बदलने की मंजूरी दी थी।

इससे पहले केन्द्र सरकार ने सितम्बर माह में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर **श्री विजया पुरम** कर दिया था।

## दिवस/सप्ताह/वर्ष

- **हरियाणा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, पंजाब, केरल, तमिलनाडु व आन्ध्र प्रदेश के स्थापना दिवस** : 1 नवम्बर
- **पुदुचेरी का मुक्ति दिवस** : 1 नवम्बर
- **विश्व वीगन दिवस** (World Vegan Day): 1 नवम्बर
- **पत्रकारों के खिलाफ अपराधों के लिए प्रतिरोध को समाप्त करने का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 2 नवम्बर
- **विश्व सुनामी जागरूकता दिवस** : 5 नवम्बर
- **युद्ध और सशस्त्र संघर्ष में पर्यावरण के शोषण को रोकने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 6 नवम्बर
- **राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस** : 7 नवम्बर
- **शिशु संरक्षण दिवस** : 7 नवम्बर
- **अन्तर्राष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस** : 8 नवम्बर
- **विश्व शहरीकरण दिवस** : 8 नवम्बर
- **राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस** : 9 नवम्बर
- **उत्तराखण्ड का स्थापना दिवस** : 9 नवम्बर
- **शांति एवं विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस** : 10 नवम्बर
- **राष्ट्रीय शिक्षा दिवस** : 11 नवम्बर
  - ✓ *भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म-दिवस को 11 नवम्बर, 2008 से 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के रूप में देश में मनाया जा रहा है।*
- **लोक सेवा प्रसारण दिवस** : 12 नवम्बर
- **विश्व निमोनिया दिवस** : 12 नवम्बर
- **विश्व दयालुता दिवस** (World Kindness Day) : 13 नवम्बर
- **विश्व मधुमेह दिवस** (World Diabetes Day) : 14 नवम्बर
  - ✓ ***विश्व मधुमेह दिवस 2024 की थीम*** : *'Breaking Barriers, Bridging Gaps'*
- **बाल दिवस** : 14 नवम्बर
- **झारखण्ड का स्थापना दिवस** : 15 नवम्बर
- **जनजातीय गौरव दिवस** : 15 नवम्बर
  - ✓ *इस दिन को आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिसे भगवान बिरसा के नाम से भी जाना जाता है।*
- **गुरु नानक देव जयंती** : 15 नवम्बर
  - ✓ *गुरु नानक जी सिख धर्म के संस्थापक और पहले सिख गुरु थे। उनकी जयंती हिंदू कैलेंडर के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन विश्वभर में मनाई जाती है।*
  - ✓ *इस वर्ष उनकी 555वीं जयंती मनाई गई। इसे 'प्रकाश उत्सव' या 'गुरु परब' भी कहा जाता है।*
- **राष्ट्रीय प्रेस दिवस** : 16 नवम्बर
- **अन्तर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस** : 16 नवम्बर

- **चौथा लेखा परीक्षा दिवस (ऑडिट डे)** : 16 नवम्बर
  - ✓ *नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) संस्था की ऐतिहासिक शुरुआत और पिछले कई वर्षों में शासन, पारदर्शिता तथा जवाबदेही में इसके योगदान को रेखांकित करने के लिए लेखा परीक्षा दिवस मनाया जा रहा है।*
- **राष्ट्रीय मिर्गी रोग दिवस** : 17 नवम्बर
- **अन्तर्राष्ट्रीय छात्र दिवस** : 17 नवम्बर
- **सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की स्मृति का विश्व दिवस** : 17 नवम्बर
  - ✓ *यह दिवस प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह के तीसरे रविवार को मनाया जाता है।*
- **7वाँ राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस** (National Naturopathy Day) : 18 नवम्बर
- **बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम व उपचार के लिए विश्व दिवस** : 18 नवम्बर
- **पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म-दिवस** : 19 नवम्बर
- **विश्व शौचालय दिवस** (World Toilet Day) : 19 नवम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2024 के 'विश्व शौचालय दिवस' की थीम** : 'शौचालय–शांति के लिए एक स्थान'।*
  - ✓ *इस वर्ष, भारत ने 'हमारा शौचालयः हमारा सम्मान' अभियान 19 नवम्बर, 2024 से शुरू किया है। यह अभियान 10 दिसम्बर, 2024 को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर समाप्त होगा।*
- **विश्व बाल दिवस** (World Children's Day) : 20 नवम्बर
- **विश्व दर्शन दिवस** (World Philosophy Day) : 21 नवम्बर
  - ✓ *प्रतिवर्ष नवम्बर माह के तीसरे गुरुवार को यूनेस्को के नेतृत्व में यह दिवस मनाया जाता है।*
- **विश्व मत्स्य दिवस** (World Fisheries Day): 21 नवम्बर
- **विश्व टेलीविजन दिवस** : 21 नवम्बर
- **राष्ट्रीय काजू दिवस** : 23 नवम्बर
- **गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस** : 24 नवम्बर
  - ✓ *24 नवम्बर को सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर की शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है।*
- **महिलाओं के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस** : 25 नवम्बर
- **संविधान दिवस** : 26 नवम्बर
  - ✓ *26 नवम्बर, 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित समारोह में भाग लिया।*
  - ✓ *समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्वारा एक स्मारक सिक्का, एक डाक टिकट और भारतीय संविधान पर तीन पुस्तकों का भी अनावरण किया जाएगा।*
  - ✓ *इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संस्कृत और मैथिली में संविधान की प्रतियाँ जारी कीं।*
- **राष्ट्रीय दुग्ध दिवस** : 26 नवम्बर
  - ✓ *भारत में 'श्वेत क्रांति' के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन के जन्मदिन को 'राष्ट्रीय दुग्ध दिवस' के रूप में मनाया जाता है।*
- **लाल ग्रह दिवस** : 28 नवम्बर
  - ✓ *लाल ग्रह दिवस अंतरिक्ष यान मेरिनर-4 के प्रक्षेपण की याद में मनाया जाता है।*
  - ✓ *मंगल ग्रह को 'लाल ग्रह' कहा जाता है।*

### महत्वपूर्ण सप्ताह

- **सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024** (Vigilance Awareness week) : 28 अक्टूबर-3 नवम्बर
  - ✓ ***इस सप्ताह का विषय था**–'राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति'।*
- **विश्व रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह 2024** : 18-24 नवम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2024 के विश्व रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह की थीम**: 'शिक्षित करें. वकालत करें. अभी कार्य करें'।*
- **राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह 2024** : 15-21 नवम्बर
- **विश्व विरासत सप्ताह 2024** : 19-25 नवम्बर
  - ✓ ***विश्व विरासत सप्ताह 2024 की थीम** 'विविधता की खोज और अनुभव' है।*
- **साम्प्रदायिक सद्भावना अभियान सप्ताह (कौमी एकता सप्ताह) 2024** : 19-25 नवम्बर
- **विमानन सुरक्षा जागरुकता सप्ताह 2024** : 25-29 नवम्बर

## चर्चित पुस्तकें

- **रतन टाटा : ए लाइफ** (Ratan Tata : A Life) **–थॉमस मैथ्यू**
- **शाहरुख खान : लीजेंट, आइकॉन, स्टार** (SHAH RUKH KHAN : Legend, Icon, Star) **–मोहर बसु**
- **नेहरूज इंडिया** (Nehru's India) **–प्रो. आदित्य मुखर्जी**
- **स्पीकिंग विद नेचरः द ओरिजिन्स ऑफ इंडियन एनवायर-नमेंटलिज्म** (Speaking with Nature: The Origins of Indian Environmentalism) **–रामचंद्र गुहा**
- **फ्रेंड्स : इंडियाज क्लोजेस्ट स्ट्रेटिजिक पार्टनर्स** (Friends : India's Closest Strategic Partners) **–श्रीराम चूलिया**

## ऑपरेशन/अभियान/अभ्यास

### बाल विवाह मुक्त भारत

- केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने 27 नवम्बर, 2024 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान 'बाल विवाह मुक्त भारत' का शुभारम्भ किया।

- इस अभियान का उद्देश्य देश भर में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना और युवा लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाना है।
- बाल विवाह मुक्त भारत प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' की भविष्य दृष्टि से प्रेरित है।

## '#अब कोई बहाना नहीं' अभियान का शुभारम्भ

- केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 25 नवम्बर, 2024 को नई दिल्ली में '#अब कोई बहाना नहीं' नामक राष्ट्रीय अभियान का शुभारम्भ किया।
- इस अभियान का उद्देश्य जनता, सरकार और प्रमुख हितधारकों से लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्रवाई योग्य कदम उठाने का आह्वान करना है।
- यह अभियान ग्रामीण विकास मंत्रालय के नेतृत्व में 'नई चेतना 3.0 अभियान' के साथ शुरू किया गया है, ताकि लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्रवाई के आह्वान को व्यापक रूप से फैलाया जा सके, ताकि कोई भी पीछे न छूटे।

## भारतीय नौसेना तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल-24' का चौथा संस्करण

- भारतीय नौसेना द्वारा अखिल भारतीय तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल-24' के चौथे संस्करण का आयोजन 20-21 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- भारत की 11,098 किमी. लम्बी तटरेखा और 2.4 मिलियन वर्ग किमी. के विशेष आर्थिक क्षेत्र में फैले सी विजिल-24 में 6 मंत्रालयों की 21 से अधिक एजेंसियों की भागीदारी देखी गई।
- सी विजिल 24 का उद्देश्य देश की तटीय रक्षा को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करना है।
- सी विजिल को 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए वर्ष 2018 में डिजाइन किया गया है।

## संयुक्त विमोचन-2024

- भारतीय सेना ने 18-19 नवम्बर, 2024 को अहमदाबाद और पोरबंदर में बहुपक्षीय वार्षिक संयुक्त **मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) अभ्यास** 'संयुक्त विमोचन 2024' का सफलतापूर्वक आयोजन किया।
- यह अभ्यास **गुजरात के तटीय क्षेत्र के चक्रवात** की थीम पर केन्द्रित था।
- **उद्देश्य :** आपदा प्रतिक्रिया के लिए भारत की तत्परता को प्रदर्शित करना और मानवीय सहायता में बहुपक्षीय सहयोग को मज़बूत करना।
- **प्रतिभागी :** भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और अन्य केन्द्रीय एवं राज्य एजेंसियाँ।

## पहला अंतरिक्ष अभ्यास-2024

- एकीकृत रक्षा कार्मिक मुख्यालय की रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी ने 11-13 नवम्बर, 2024 को अंतरिक्ष में संघर्ष से संबंधित अभ्यास कार्यक्रम **अंतरिक्ष अभ्यास-2024** का सफलतापूर्वक आयोजन किया।
- इस अभ्यास के प्रमुख घटकों में उभरती हुई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियाँ, अंतरिक्ष संदर्भपरक जागरूकता और भारत की अंतरिक्ष गतिविधियों पर केन्द्रित चर्चाएँ शामिल थीं।
- इस अंतरिक्ष अभ्यास का उद्देश्य अंतरिक्ष आधारित परिसंपत्तियों एवं सेवाओं की बेहतर समझ प्रदान करना और हितधारकों के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रक्रिया से संबंधित निर्भरता की समझ हासिल करना है।

## भारत-अमेरिका का विशेष सशस्त्र बलों का संयुक्त अभ्यास 'वज्र प्रहार-2024'

- भारत व अमेरिका का संयुक्त विशेष सशस्त्र बल अभ्यास 'वज्र प्रहार-2024' अमेरिका के इडाहो में ऑर्चर्ड कॉम्बैट ट्रेनिंग सेंटर में 2-22 नवम्बर, 2024 को आयोजित किया गया।
- भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व स्पेशल फोर्सेज यूनिट्स और अमेरिकी सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व अमेरिका की ग्रीन बेरेट्स द्वारा किया किया।
- दोनों देशो के बीच वज्र प्रहार अभ्यास का यह 15वाँ संस्करण था। इसका पहला संस्करण 2010 में भारत में सम्पन्न हुआ था, जबकि पिछला 14वाँ संस्करण मेघालय में उमरोई में सम्पन्न हुआ था।

> भारत व अमेरिका की थल सेनाओं के बीच एक अन्य वार्षिक 'युद्ध अभ्यास' बारी-बारी से एक-दूसरे देश में प्रतिवर्ष होता है। युद्ध अभ्यास का हाल ही में 20वाँ संस्करण 9-22 सितम्बर, 2024 को राजस्थान के महाजन फ़ील्ड फ़ायरिंग रेंज में सम्पन्न हुआ था।

## गरुड़ शक्ति 24 : भारत-इंडोनेशिया संयुक्त विशेष बल अभ्यास

- भारत और इंडोनेशिया की सेनाओं का संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'गरुड़ शक्ति-24' सिजानतुंग (जकार्ता, इण्डोनेशिया) में 1-12 नवम्बर, 2024 को सम्पन्न हुआ।
- यह इस अभ्यास का 9वाँ संस्करण था।
- भारतीय सेना की 25 कर्मियों के भारतीय दल का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिकों ने किया। इंडोनेशियाई विशेष बल कोपासस के 40 सैनिक इस अभ्यास में शामिल हुए।

> गरुड़ शक्ति अभ्यास का पिछला (8वाँ) संस्करण नवम्बर 2022 में सांगा बुआना प्रशिक्षण क्षेत्र करावांग, इंडोनेशिया में सम्पन्न हुआ।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद'

- भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद' का तीसरा संस्करण 8 नवम्बर, 2024 को महाराष्ट्र के पुणे में विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ।
- इसका आयोजन 8-21 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- 140 कर्मियों वाले भारतीय दल का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन और भारतीय वायु सेना के 14 कर्मियों द्वारा किया गया। वहीं, 120 कर्मियों वाले ऑस्ट्रेलियाई सेना दल का प्रतिनिधित्व द्वितीय डिवीजन की 10वीं ब्रिगेड की 13वीं लाइट हॉर्स रेजिमेंट द्वारा किया गया।

ऑस्ट्राहिंद अभ्यास एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसका आयोजन भारत और ऑस्ट्रेलिया में बारी-बारी से किया जाता है। दिसम्बर 2023 में इस अभ्यास के पिछले संस्करण का ऑस्ट्रेलिया में आयोजन किया गया था।

## विनबैक्स 2024 : भारत और वियतनाम का संयुक्त सैन्य अभ्यास

- भारत और वियतनाम की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'विनबैक्स 2024' (VINBAX 2024) 4 नवम्बर, 2024 को अंबाला में शुरू हुआ।
- 20 दिन के इस संयुक्त अभ्यास में भारत के 47 सैन्य कर्मी शामिल रहे, इतने ही सैन्य कर्मी वियतनाम की ओर से इस संयुक्त अभ्यास में शामिल रहे।
- पहली बार इस संस्करण में दोनों देशों की थल सेना और वायु सेना के कर्मी शामिल रहे, जिससे इस अभ्यास का दायरा बढ़ा।

भारत और वियतनाम के बीच बारी-बारी से आयोजित किए जाने वाले इस वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का पिछला संस्करण 2023 में वियतनाम की राजधानी हनोई में आयोजित किया गया था।

# सम्मेलन/बैठक/कॉन्फ्रेंस

## अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन का वैश्विक सहकारी सम्मेलन-2024

- प्रधानमंत्री मोदी ने 25 नवम्बर, 2024 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (ICA) के वैश्विक सहकारी सम्मेलन-2024' का उद्घाटन किया।
  - ✓ *आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन और आईसीए महासभा का आयोजन भारत में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (ICA) के 130 वर्ष के इतिहास में पहली बार किया गया।*
- **आयोजनकर्ता :** भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) द्वारा ICA, भारत सरकार तथा भारतीय सहकारी संस्थाओं 'अमूल' एवं 'कृभको' के सहयोग से।
- **आयोजन तिथि :** 25-30 नवम्बर, 2024
- **विषय :** सहकारिता से सभी की समृद्धि का निर्माण
- **प्रतिभागी :** भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबगे और फिजी के उप-प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका और 100 से अधिक देशों के लगभग 3,000 प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।
- उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया।
- प्रधानमंत्री ने **संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025** का शुभारंभ किया, जो **'सहकारिताएँ एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं'** विषयवस्तु पर केन्द्रित होगा।

## 18वाँ राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद् का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी

- सीमेंट, कंक्रीट और निर्माण सामग्री पर 18वाँ राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद् का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी 27-29 नवम्बर, 2024 तक **यशोभूमि, इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एण्ड एक्सपो सेंटर** (IICC) द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- **आयोजनकर्ता :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद् (NCB) द्वारा।
- **विषय :** नेट ज़ीरो फ्यूचर को मजबूत करना। 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समर्थन किया है।

## 35वाँ त्रि-सेवा कमांडर सम्मेलन

- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने 13 नवम्बर, 2024 को दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि में '35वें त्रि-सेवा कमांडर सम्मेलन' (35th Triservices Commander's Conference) की अध्यक्षता की।
- **प्रतिभागी :** इस सम्मेलन में तीनों सेनाओं के कमांडरों, एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) मुख्यालय और विभिन्न सेवाओं के अधिकारियों ने भाग लिया।
- त्रि-सेवा कमांडर सम्मेलन का आयोजन तीनों सेनाओं के प्रशिक्षण कमानों द्वारा बारी-बारी से किया जाता है, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षण में सर्वोत्तम तौर-तरीकों का आदान-प्रदान करते हुए सहयोग और प्रशिक्षण प्रभावशीलता को बढ़ाना है।

उल्लेखनीय है कि 34वाँ त्रि-सेवा कमांडर सम्मेलन शिमला में आयोजित किया गया।

### अन्य प्रमुख सम्मेलन : एक नजर में

## प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन

- **आयोजन तिथि :** 5-6 नवम्बर, 2024
- **आयोजन स्थल :** नई दिल्ली

- **आयोजनकर्ता** : भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) द्वारा।
- **सम्मेलन का विषय** : 'एशिया को मज़बूत करने में बुद्ध धर्म की भूमिका'।
- **सम्मेलन में मुख्य अतिथि** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## वैश्विक मृदा सम्मेलन-2024

- **आयोजन तिथि** : 19-22 नवम्बर, 2024
- **आयोजन स्थल** : NASC कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली
- **विषय** : 'खाद्य सुरक्षा से परे मिट्टी की देखभाल : जलवायु शमन परिवर्तन और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएँ।'
- **आयोजनकर्ता** : इंटरनेशनल यूनियन के तत्वावधान में भारतीय मृदा विज्ञान सोसायटी नई दिल्ली, इटली कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, और राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली।
- इसके उद्घाटन सत्र को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित किया।

## 50वाँ अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन

- **आयोजन तिथि** : 19-20 नवम्बर, 2024
- **आयोजन स्थल** : गांधीनगर (गुजरात)
- **उद्घाटनकर्ता** : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह
- **आयोजनकर्ता** : पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (BPRD) और राष्ट्रीय रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से।

# योजनाएँ/कार्यक्रम/पहल/मिशन

## पीएम विद्यालक्ष्मी योजना

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु **प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना** को मंजूरी 6 नवम्बर, 2024 को प्रदान की है।
- **उद्देश्य** : यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और इसका उद्देश्य छात्रों को संपार्श्विक-मुक्त, गारंटर-मुक्त ऋण प्रदान करना है।

# मेला/महोत्सव/प्रदर्शनी

## अमूर फाल्कन (बाज) महोत्सव

- मणिपुर के तामेंगलोंग में 'प्रवास की लय' (Rhythm of Migration) थीम पर अमूर फाल्कन महोत्सव का 9वाँ संस्करण 21 नवम्बर, 2024 को सम्पन्न हुआ।
- इस महोत्सव का उद्देश्य अमूर फाल्कन प्रजाति की सुरक्षा और संरक्षण के बारे में जागरूक करना है।
- अमूर बाज (*Falco amurensis*) प्रतिवर्ष साइबेरिया से द. अफ्रीका की ओर प्रवास करता है, जो तामेंगलोंग सहित पूर्वोत्तर भारत से होकर गुजरता है।

## प्रथम बोडोलैण्ड महोत्सव

- नई दिल्ली में पहले बोडोलैण्ड महोत्सव का आयोजन 15-16 नवम्बर, 2024 को किया गया।
- इस महोत्सव का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवम्बर को किया।
- इस महोत्सव का विषय 'समृद्ध भारत के लिए शांति और सद्‌भाव' था, जिसमें बोडो समुदाय के साथ-साथ बोडोलैण्ड प्रादेशिक क्षेत्र के अन्य समुदायों की समृद्ध संस्कृति, भाषा और शिक्षा पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया।
- इसका उद्देश्य असम, पश्चिम बंगाल, नेपाल और पूर्वोत्तर के अन्य अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले स्वदेशी बोडो लोगों को एकीकृत करना है।

## 43वाँ भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

- इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में भारत का 43वाँ अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (IITF) 14-27 नवम्बर, 2024 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में सम्पन्न हुआ।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस मेले का उद्घाटन किया।
- 14 दिन तक चले इस आयोजन में चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैण्ड, तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों ने भाग लिया।
- इस वर्ष मेले की थीम **'विकसित भारत@2047'** पर आधारित थी।
  - ✓ *यह थीम वर्ष 2047 तक एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और सतत राष्ट्र बनने के भारत के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करती है।*
- इस मेले में दो राज्यों- **बिहार और उत्तर प्रदेश** को **साझीदार राज्य** का तथा **झारखण्ड** को **फोकस राज्य** का दर्जा प्रदान किया गया था।

## 9वाँ अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव

- हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 9वाँ अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 28 नवम्बर से 15 दिसम्बर, 2024 तक मनाया जाएगा।
- अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखने वाले स्थल और 'श्रीमद्‌भगवद्‌गीता' की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर वर्ष 2016 से मनाया जा रहा है।
- इस बार अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया सहयोगी देश तथा ओडिशा सहयोगी राज्य होगा।
  - ✓ *गत फरवरी माह में आयोजित किए गए अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में भी तंजानिया सहभागी देश था।*

- 18 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक चलेंगे, जिसकी शुरुआत 5 दिसम्बर को ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में गीता यज्ञ एवं पूजन के साथ होगी।

## दूसरा भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव

- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 8 नवम्बर, 2024 को नई दिल्ली में दूसरे भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव 2024 का उद्घाटन किया।
- दो दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति, सैन्य इतिहास और सैन्य विरासत पर ध्यान केन्द्रित करने वाले ग्लोबल और इंडियन थिंक टैंक, नॉन-प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन्स, एकेडमिशियन और रिसर्च स्कॉलर्स आदि को जोड़ना था।
- इस दौरान सैन्य इतिहास पर निम्नलिखित पुस्तकों का विमोचन किया गया इनमें–
  - ✓ *एयर मार्शल विक्रम सिंह (सेवानिवृत्त) द्वारा लिखित 'बिकॉज ऑफ दिसः ए हिस्ट्री ऑफ द इंडो-पाक एयर वॉर दिसम्बर 1971',*
  - ✓ *भारतीय सेना और यूएसआई का संयुक्त प्रकाशन 'वेलोर एंड ऑनर' और*
  - ✓ *डॉ. मृण्मयी भूषण द्वारा लिखित 'साइलेंट वेपन्स, डेडली सीक्रेट्सः अनवीलिंग द बायोवेपन्स आर्म्स रेस' शामिल हैं।*
- केन्द्रीय रक्षा मंत्रालय, भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO), संस्कृति मंत्रालय, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख सरकार का पर्यटन विभाग और ब्रिटिश उच्चायोग ने इस महोत्सव को आयोजित किया।

> पहला भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव 21-22 नवम्बर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

## बाली जात्रा कटक उत्सव 2024 : एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर ट्रेड फेयर

- ओडिशा के कटक में कार्तिक पूर्णिमा (15 नवम्बर, 2024) से ऐतिहासिक 'बाली जात्रा' उत्सव शुरू हुआ। इस मेले का उद्घाटन ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने किया।
- एशिया का सबसे बड़ा ओपन ट्रेड फेयर 'बाली जात्रा' का आयोजन महानदी के तट पर किया जाता है।
- राज्य की गौरवशाली प्राचीन समुद्री विरासत का जश्न मनाने के लिए यह मेला 22 नवम्बर तक चला।
- इस वार्षिक मेले को अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता दिलाने के लिए 14 देशों के राजदूतों और दूतों को आमंत्रित किया गया।

# पोर्टल/एप

## Know Your Medicine (KYM)' एप लॉच

- केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने खेलों में डोपिंग के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए **'Know Your Medicine (KYM)'** एप का शुभारम्भ किया।
- यह एप खिलाड़ियों, कोचों और पूरे खेल समुदाय को डोपिंग रोकने के लिए जागरूक करने और सही दिशा में मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

> केवाईएम एप नाडा इंडिया के व्यापक मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य डोपिंग रोधी जागरूकता और शिक्षा को बढ़ाना है, जिससे एथलीटों को पाक-साफ रहने के लिए आवश्यक जानकारी मिल सके।

## VISION पोर्टल लॉन्च

- केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने 21 नवम्बर, 2024 को 'विद्यार्थी नवाचार और आउटरीच नेटवर्क के लिए विकसित भारत पहल' (विजन) का उद्घाटन किया।
- जिसका उद्देश्य वंचित बच्चों में शिक्षा, कौशल विकास एवं नवाचार को बढ़ावा देना है।
- **VISION का पूर्ण नाम :** Viksit Bharat Initiative for Student Innovation and Outreach Network.

## भू-नीर पोर्टल

- जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने भारत जल सप्ताह 2024 के समापन समारोह के दौरान नव विकसित 'भू-नीर' (Bhu-Neer) पोर्टल का डिजिटल रूप से शुभारम्भ किया।
- यह पोर्टल भूजल संसाधनों के प्रबंधन और विनियमन के लिए एकल मंच के रूप में काम करेगा, जिसका उद्देश्य भू-जल उपयोग में पारदर्शिता, दक्षता और स्थिरता सुनिश्चित करना है।
- 'भू-नीर' एक उन्नत पोर्टल है जिसे जल शक्ति मंत्रालय के तहत केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण (CGWA) ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) के सहयोग से विकसित किया है।

# रिपोर्ट/सूचकांक/Report/Index

## एआई अनुसंधान प्रकाशनों में भारत का तीसरा स्थान

- भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में अपनी तैयारियों के संदर्भ में जारी बीसीजी (Boston Consulting Group) की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के टॉप 10 देशों में अपना स्थान बनाया है।

- भारत ने **AI विशेषज्ञों** में दूसरा स्थान और **AI अनुसंधान प्रकाशनों** में तीसरा स्थान हासिल किया है, जो देश की बढ़ती विशेषज्ञता और नवाचार को दर्शाता है।
- इस रिपोर्ट में 73 देशों का मूल्यांकन किया गया है, जो AI के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं में सुधार पर ध्यान केन्द्रित करता है।

**AI का भारत की जीडीपी में योगदान**

| क्षेत्र | सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान |
|---|---|
| व्यावसायिक सेवाएँ | 16 प्रतिशत |
| खुदरा एवं थोक व्यापार | 10 प्रतिशत |
| सार्वजनिक सेवाएँ | 6 प्रतिशत |
| कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन | 17 प्रतिशत |
| निर्माण क्षेत्र | 8 प्रतिशत |
| कला, मनोरंजन और व्यक्तिगत सेवाएँ | 8 प्रतिशत |

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- 13वें संयुक्त राष्ट्र वैश्विक भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन (GGIM) एशिया-प्रशांत सम्मेलन नवम्बर 2024 में कहाँ आयोजित किया गया? **नईदिल्ली**
- 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है? **आयुष मंत्रालय**
- 26 नवम्बर, 2024 को किसे ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख नियुक्त किया गया है? **डॉ. जयतीर्थ राघवेंद्र जोशी**
- 22 नवम्बर, 2024 को किसे मणिपुर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है? **न्यायमूर्ति डी. शिवकुमार**
- 21 नवम्बर, 2024 को भारत-यूरोपीय ऊर्जा पैनल की 10वी बैठक कहाँ सम्पन्न हुई? **ब्रुसेल्स (बेल्जियम)**
- दिल्ली सरकार ने हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को कितने रुपए प्रतिमाह वृद्धा पेंशन देने की घोषणा की है? **₹2500**
- हेग स्थित अन्तर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने किस देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध और युद्ध अपराधों का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है? **इजराइल (बेंजामिन नेतन्याहू)**
- देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही में किसने 'भारत का पहला कृत्रिम बुद्धिमता (AI) डेटा बैंक' लॉन्च किया है? **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
- देश का पहला संविधान संग्रहालय कहाँ स्थापित किया गया है? **सोनीपत (ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में)**
- 11 नवम्बर, 2024 को जस्टिस संजीव खन्ना ने भारत के कौनसे मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ग्रहण की? **51वें**
- हाल ही में 'प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई)' ने किसे अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की– **अमनदीप जोहल को**
- 14 नवम्बर, 2024 को 'DHR-ICMR स्वास्थ्य अनुसंधान उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन-2024' का आयोजन कहाँ किया गया? **नई दिल्ली**
- दिल्ली की आप सरकार में परिवहन मंत्री जिन्होंने हाल ही में अपने मंत्रीपद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया? **कैलाश गहलोत**
- पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के प्रेस सचिव रहे भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी, जिनका हाल ही में निधन हो गया? **शहजाद मोहम्मद खान**
- 19-20 नवम्बर, 2024 को 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन कहाँ किया गया? **गांधीनगर (गुजरात)**
- 7-8 नवम्बर, 2024 को आतंकवाद निरोधी सम्मेलन-2024 का आयोजन कहाँ हुआ? **नई दिल्ली**
- भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के कार्यकाल को कब तक के लिए बढ़ा दिया है? **14 जुलाई, 2026**
- 9 नवम्बर, 2024 को जेवेलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने किसे अपना कोच नियुक्त किया है? **जान जेलेज्नी**
- तमिलनाडु में महान चोल सम्राट राजाराज चोल प्रथम की जयंती प्रत्येक वर्ष किस रूप में मनाई जाती है? **साध्या विझा महोत्सव**
- 22-24 नवम्बर, 2024 को ओडिशा पर्व का आयोजन कहाँ किया गया? **नई दिल्ली**
- दिल्ली उच्च न्यायालय ने 7 नवम्बर, 2024 को सलमान रश्दी के किस विवादास्पद उपन्यास पर 36 वर्ष से लगा आयात प्रतिबंध हटा दिया? **द सैटेनिक वर्सेज**
- हाल ही में लगातार चौथी बार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (SGPC) का अध्यक्ष किसे चुना गया है? **द सैटेनिक वर्सेज**
- चुनाव आयोग ने किस क्रिकेटर को झारखण्ड विधानसभा के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया था? **महेन्द्र सिंह धोनी**
- सऊदी अरब में दुनिया की सबसे बड़ी इमारत का निर्माण हाल ही में शुरू हुआ है, इसे क्या नाम दिया गया है? **द मुकाब**
- अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैय्यब इकरांम को पुनः इस संस्था का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, इनका सम्बन्ध किस देश से है? **पाकिस्तान**
- अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किस भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के डायरेक्टर पद पर नामित किया है? **जय भट्टाचार्य**
- हाल ही में असम मंत्रिमंडल ने राज्य की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण के लिए होजाई जिला मुख्यालय का नाम बदलकर क्या करने की मंजूरी प्रदान की है? **श्रीमंत शंकरदेव नगर**

OOO

# नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन 2024' का आयोजन 29 नवम्बर-1 दिसम्बर, 2024 को कहाँ किया गया?
(A) पटना (B) भोपाल
(C) भुवनेश्वर (D) जयपुर

2. भारतीय नौसेना द्वारा किस नाम की 'एसएलबीएम' मिसाइल का सफल परीक्षण 27 नवम्बर, 2024 को किया गया है?
(A) K-4 (B) K-5
(C) K-15 (D) K-17

3. 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक 21 नवम्बर, 2024 को कहाँ आयोजित की गई?
(A) लाओ पीडीआर (B) चीन
(C) मलेशिया (D) इंडोनेशिया

4. वर्ष 2023 के कालीदास अलंकरण से सम्मानित हस्तियों का कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?
(A) पं. अरविंद पारीख : शास्त्रीय गायन
(B) गुरु कलावती देवी : शास्त्रीय नृत्य
(C) पी.आर. दारोच : कला और शिल्प
(D) रुद्रप्रसाद सेन गुप्ता : नाट्य

5. विश्व मत्स्य पालन दिवस प्रतिवर्ष किस दिन मनाया जाता है, जिसकी वर्ष 2024 की थीम 'भारत का नीला परिवर्तनः लघु-स्तरीय और टिकाऊ मत्स्य पालन को मजबूत करना' है?
(A) 20 नवम्बर (B) 21 नवम्बर
(C) 22 नवम्बर (D) 23 नवम्बर

6. भारतीय महिला टीम ने महिला एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी (बिहार के राजगीर में सम्पन्न) का खिताब चीन को पराजित कर कौनसी बार जीता है?
(A) पहली बार (B) दूसरी बार
(C) तीसरी बार (D) चौथी बार

7. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग चैम्पियनशिप 2024 में भारत कुल कितने पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा है?
(A) 26 पदक (B) 32 पदक
(C) 36 पदक (D) 42 पदक

8. जलवायु परिवर्तन पर आधारित पुस्तक- 'स्पीकिंग विद नेचरः द ओरिजिन्स ऑफ इंडियन एनवायरनमेंटलिज्म' के लेखक कौन हैं?
(A) प्रो. आदित्य मुखर्जी (B) रामचंद्र गुहा
(C) थॉमस मैथ्यू (D) डेविड एटनबरो

9. सैन्य अभ्यास 'गरुड़ शक्ति-24' का आयोजन किन देशों की सेनाओं के मध्य 1-12 नवम्बर, 2024 को सम्पन्न हुआ?
(A) भारत और कोरिया (B) भारत और जापान
(C) भारत और ऑस्ट्रेलिया (D) भारत और इंडोनेशिया

10. रियो डी जेनेरियो किस देश का शहर है, जहाँ 18-19 नवम्बर, 2024 को 'जी-20 शिखर सम्मेलन' आयोजित किया गया?
(A) अर्जेंटीना (B) ब्राजील
(C) पेरू (D) चिली

11. जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025 (CCPI 2025) में भारत को कौनसी रैंक दी गई है?
(A) 7वीं (B) 8वीं
(C) 9वीं (D) 10वीं

12. झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन झारखण्ड राज्य के कौनसी बार मुख्यमंत्री बने हैं (शपथ ग्रहण : 28 नवम्बर, 2024)?
(A) दूसरी बार (B) तीसरी बार
(C) चौथी बार (D) पाँचवीं बार

13. फिलिप नॉयस किस देश के फिल्म निर्माता हैं, जिन्हें 55वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 'सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया है?
(A) ऑस्ट्रेलिया (B) दक्षिण अफ्रीका
(C) अमेरिका (D) ब्राजील

14. वर्ष 2024 के नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स में किस देश को सर्वोच्च स्थान दिया गया है?
(A) सिंगापुर (B) अमेरिका
(C) स्वीडन (D) फिनलैण्ड

15. धुड़मारास गाँव छत्तीसगढ़ के किस जिले में है, जिसे UNWTO द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव के उन्नयन कार्यक्रम (BTVUP) के लिए चुना गया है?
(A) कोरबा (B) कवर्धा
(C) बस्तर (D) दन्तेवाड़ा

16. दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के किस देश ने गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है?
(A) फिजी (B) टोंगो
(C) पलाऊ (D) समोआ

17. भारत के संचार उपग्रह जीसैट-20/जीसैट एन2 को किस एजेंसी/कम्पनी द्वारा 19 नवम्बर, 2024 को लॉन्च किया गया?
(A) एरियन (B) इसरो
(C) रॉसकॉसमॉस (D) स्पेसएक्स

18. वंचित बच्चों में शिक्षा, कौशल विकास एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कौनसा पोर्टल 21 नवम्बर, 2024 को लॉन्च किया गया है?
(A) एजुग्रेड (B) विजन
(C) नो योर नोलेज (D) नेक्स्ट वर्ल्ड

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (A) | 3. (A) | 4. (C) | 5. (B) | 6. (C) |
| 7. (A) | 8. (B) | 9. (D) | 10. (B) | 11. (D) | 12. (C) |
| 13. (A) | 14. (B) | 15. (C) | 16. (A) | 17. (D) | 18. (B) |